www.navpradesh.com

दैनिक
# नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//
वक्त से साथ चलना कोई जरूरी नही, सच के साथ चलिए एक दिन वक्त आपके साथ चलेगा।

**सूर्योदय**
उदय : 5.02 प्रातः
अस्त : 6.31 संध्या

**प्रदेश का मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 27.0 |
| रामगढ़ | 44.6 | 29.4 |
| डालटनगंज | 42.0 | 28.0 |

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 5 | झारखंड 6 | अभिव्यक्ति 7 | झारखंड

रांची, शुक्रवार, 03 जून 2022, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत- 2079 वर्ष-08 अंक-50 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये
रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR.No.- 270714 (IPRD) 22-23

# एचईसी के पास है 1500 करोड़ का आर्डर, पर कच्चे माल खरीदने के लिए नहीं हैं पैसे

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रांची :** आर्थिक संकट का मार झेल रहा केंद्र सरकार का उपक्रम एचईसी में अब कच्चे माल खरीदने तक के पैसे नहीं है। पहले से एचईसी के पास अधिकारियों-कामगारों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अधिकारियों का पिछले दस माह और कामगारों का छह माह का वेतन बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। और अब आर्थिक संकट की यह स्थिति उत्पन्न हो गई है कि एचईसी के पास कच्चा माल खरीदने तक के भी पैसे नहीं हैं। कच्चे माल नहीं रहने के कारण तीनों प्लांटों के आधा दर्जन से अधिक इकाई में काम बंद हो गया। कच्चा माल नहीं रहने के कारण यहां कामगारों के पास उत्पादन कार्य नहीं कर रहे है। जिस कारण कामगारों को बिना काम किए ही वापस लौटना पड़ रहा है। अपने प्रभारियों से कामगार कच्चे माल की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कच्चे माल की कमी से सबसे अधिक

एचएमबीपी में काम प्रभावित हुआ है। यहां चार शॉप में उत्पादन ठप है। उत्पादन ठप होने से कई उपकरणों का निर्माण समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। इससे प्रबंधन को विलंब फाइन भी देना पड़ सकता है। पैसे

नहीं रहने के कारण कई उपकरणों का डिस्पैच भी नहीं हो पा रहा है। एक हाइड्रोलिक शॉवेल टेस्ट के लिए एचएमबीपी 02 शॉप के बाहर खड़ा है। लेकिन उसका टेस्ट तक नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कई मशीनों का काम 80 फीसदी तक हो गया है, लेकिन शेष कार्य के लिए रॉ मेटेरियल उपलब्ध नहीं है। जबकि एचईसी के पास फिलहाल 1500 करोड़ से अधिक के कायार्देश उपलब्ध हैं। कच्चे माल की कमी से एफएफपी का फर्नेस भी बंद है। इससे एचईसी को श्रमिक नेताओं के अनुसार आर्थिक स्थिति में सुधार और राजस्व वसूली के लिए एचईसी के पास कई साधन है। इसमें एचईसी कॉलोनी की दुकानें प्रमुख हैं। इन दुकानों के किराये के विवाद को सुलझा कर राजस्व की वसूली की जा सकती है, लेकिन इसके लिए प्रबंधन प्रयास नहीं कर रहा है। जानकारी हो कि पिछले सप्ताह एचईसी के अधिकारियों, सुपरवाइजरों और कामगारों को एक माह का वेतन दिया गया। लेकिन उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ठेका श्रमिकों को वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जबकि ठेका श्रमिकों को सबसे कम वेतन मिलता है। इस कारण ठेका श्रमिकों का असंतोष बढ़ते जा रहा है।

# बाबा के साथ अन्याय हुआ, जनता की अदालत में जाऊंगी : शिल्पी

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रांची :** मांडर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इससे पहले जाकिर हुसैन पार्क में कांग्रेस और महागठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं का जुटान हुआ। जिसके बाद सभी जुलूस के शक्ल में रांची समाहरणालय पहुंचे। शिल्पी नेहा तिर्की इन सभी के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उसके साथ सीएम हेमंत सोरेन और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद गीता कोड़ा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री और उनके पिता बंधु तिर्की, विधायक अंबा प्रसाद, दीपिका पाण्डेय सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व मेयर रमा खलखो, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह सहित प्रदेश के कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### गुरुजी से शिल्पी ने पैर छू कर लिया आशीर्वाद

नामांकन दाखिल करने के पहले सुबह में कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने जेएमएम प्रमुख पूर्व शिबू सोरेन से आशीर्वाद लेने उनके आवास पर पहुंची। उनके साथ उनके पिता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी साथ थे। शिल्पी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री रामेश्वर उरांव का भी पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा नामांकन पूर्व शिल्पी अपने पिता बंधु तिर्की के साथ पुरूलिया रोड स्थित बिशप हाउस गई। जहां आर्च बिशप तेलेस्फोर पी टोप्पो से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त की।

नामाकंन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए महागठबंधन की उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वह कभी सोच भी नहीं पायी थी कि राजनीति में आऊंगी। लेकिन, बाबा के साथ जो परिस्थिति बनी है उसे देखते हुए उन्हें नौकरी छोड़कर आना पड़ा। उन्होंने कहा- मेरे बाबा (बंधु तिर्की) के साथ अन्याय हुआ है और वे इसे जनता की अदालत तक लेकर जाएंगी। कांग्रेस द्वारा टिकट दिये जाने पर शिल्पी ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा पार्टी ने जो उन पर विश्वास किया है उस पर वह पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगी, मांडर की जनता का प्यार उन्हें जरूर मिलेगा।

### कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय से मिली शिल्पी

मांडर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की ने नामांकन के पूर्व गुरुवार को प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से मुलाकात की। साथ ही उनसे मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान शिल्पी नेहा तिर्की के पिता और पूर्व विधायक बंधु तिर्की भी उनके साथ मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने पूर्व बिशप स्वामी तेलेस्फोर टोप्पो से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि मांडर विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की हैं।

### ब्रांड मार्केटिंग मैनेजर है शिल्पी

शिल्पी तिर्की बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन करने के बाद संत जेवियर्स कॉलेज मुंबई से डिप्लोमा इन मार्केटिंग कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट है। डिग्री हासिल करने के बाद से वह ब्रांड मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम कर रही थी।

**मांडर उपचुनाव को लेकर हुई भाजपा चुनाव समिति की बैठक**

# दीपक, बाबूलाल व धर्मपाल को नामों की अनुशंसा के लिए किया गया अधिकृत

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रांची :** मांडर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। इस दौरान संभावित नामों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए चुनाव समिति के सदस्य राकेश प्रसाद ने बताया कि मांडर विधानसभा उपचुनाव में संभावित 5-6 प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद चुनाव समिति ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी और संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह को नामों की अनुशंसा के लिए अधिकृत कर दिया। जो की चर्चा के बाद केंद्रीय चुनाव समिति को संभावित नामों की अनुशंसा करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति उम्मीदवार की घोषणा करेगी। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद रविन्द्र राय, सांसद विद्युत वरन महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह और वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दूबे शामिल थें

**मुख्य निर्वाचन कार्यालय, झारखंड ने डेवलप किया इवेंट व्हेकिल मैनेजमेंट सिस्टम**

# चुनाव में प्रयुक्त वाहनों का ससमय होगा भुगतान

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रांची :** आगामी 66 मांडर विधान सभा उपचुनाव में मुख्य निर्वाचन कार्यालय, चुनाव में प्रयुक्त वाहनों का डाटाबेस तैयार करने एवं अधिग्रहित वाहनों का त्वरित भुगतान के लिए हाइटेक प्रणाली अपनाने जा रहा है। इसे लेकर इवेंट व्हेकिल मैनेजमेंट सिस्टम का एक ऐप डेवलप किया जा रहा है। इसे लेकर वाहन कोषांग से जुड़े संबंधित पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री के रवि कुमार ने बैठक की। व्यापक विचार -विमर्श के बाद ऐप की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

### माण्डर उप चुनाव को लेकर क्रिएटिव एजेंसियों के साथ की बैठक

66 माण्डर उप चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय स्थित सभा कक्ष में सभी क्रिकेटर एजेंसियों के साथ एक बैठक की गई। बैठक का उद्देश्य माण्डर विधान सभा उप चुनाव में लोगों की सहभागीता ज्यादा से ज्यादा बढ़े इसको लेकर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के॰रवि कुमार द्वारा एजेंसियों को यह आदेश दिया गया कि 07 जून तक क्रियेटिव आइडियाज को विभाग में समर्पित करें। जिसे यह 66-माण्डर उप चुनाव में मतदाताओं की सहभागीता ज्यादा से ज्यादा हो।
बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हीरा लाल मण्डल, नोडल पदाधिकारी देवदाश दत्ता, प्रभारी सहायक कुमार विशाल, नोडल पदाधिकारी वेब रेडियो पूजा बोस तथा सोशल मीडिया कंसल्टेंट रिसव आनंद उपस्थित थे।

### मांडर विधान सभा उप चुनाव होगा इकोफ्रेंडली

रांची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने डिप्टी इलेक्शन ऑफिसर मेरी मडकी और नोडल ऑफि सर फॉर इकोफ्रेंडली इलेक्शन संजय श्रीवास्तव के साथ 66-माण्डर विधान सभा उप चुनाव को लेकर बैठक की। जिसमें के रवि कुमार ने इसबार उप चुनाव को पूरी तरह से इकोफ्रेंडली चुनाव बनाने के लिए कई दिशा निदेश दिए। जिसमें चुनाव से संबंधित सामग्री प्लास्टिकमुक्त हो और प्रकृति से जुड़े इकोफ्रेंडली सामग्रियों का इस्तमाल पे जोर दिया साथ ही कोविड-19 का प्रोटोकोल को सही तरह से पालन हो यह सुनिश्ति करवाया जाए। के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव कार्य से संबंधित सभी पदाधिकारी/कर्मचारी को ट्रेंनिग के दौरान ही दस मिनट इकोफ्रेंडली चुनाव कराने से संबंधित जानकारी भी दी जाए।

**धरती आबा बिरसा मुंडा विश्वास रैली को लेकर तैयारी जोरों पर**

# जेपी नड्डा करेंगे संबोधित

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि 5 जून को होने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा विश्वास रैलीष की तैयारी को लेकर पार्टी कार्यकर्ता तन-मन के साथ जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इस रैली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यकर्ता उनकी भव्य स्वागत की तैयारी में जुट जाये।

उन्होंने कहा कि इस जनजातीय रैली भव्य आदिवासी संस्कृति की छटा बिखरेगी। आदिवासी नृत्य,संगीत, वाद्य यंत्र, परिधान के साथ 50 हजार से अधिक आदिवासी शामिल होंगे। इसकी

तैयारी को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बैठक कर पारंपरिक अरवा चावल देकर रैली में आने के लिए आमंत्रण कर रहे है।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा विश्वास रैली एक ऐतिहासिक रैली साबित होगी ,इसकव लेकर कर्तकर्ता पूरे मनोयोग के साथ रात-दिन लग जाएं।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष गांगोत्री कुजूर,प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू,प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, दीपक बंका, हेमन्त दास, संजीव विजयवर्गीय, सूरज चौरसिया, मनोज सिंह, पंकज सिन्हा, सुमन कुमार, राजश्री जयंती, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, रमेश पुष्कर, राजीव तिवारी, अशोक बड़ाईक, प्रदीप सिन्हा, अमित सिंह, मृत्युंजय शर्मा, पवन साहू, आरती कुजूर, किसलय तिवारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बरामद पैसे किनके हैं, ईडी क्यो नहीं करती है खुलासा : केएन त्रिपाठी

रांची : ईडी की हर दिन हो रही कार्रवाई और इस दौरान मीडिया में आ रही तरह तरह की बातों ने सरकारी कामकाज को भी प्रभावित किया है। राज्य सचिवालय में आवश्यक कार्यो को छोड़कर कोई भी फाइल फिलहाल डील नहीं की जा रही है। वहीं ईडी की कार्रवाई को लेकर नेता अब सवाल भी उठाना शुरू कर दिए। पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने ईडी की कार्रवाई के दौरान बरामद हो रहे करोड़ों रुपये के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने की मांग प्रवर्तन निदेशालय से की है। उन्होंने इस मामले को बेहद ही गंभीर बताते हुए कहा कि बरामद पैसा आखिर किसके कार्यकाल का है। इसका खुलासा ईडी को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके करना चाहिए। बरामद रुपये के बारे में जिस तरह से विधायक सरयू राय ने पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के समय का बताया है। यदि यह सही है तो ईडी को बताना चाहिए कि क्या यह पैसा उस समय के किसी मंत्री का है या मुख्यमंत्री का है या किसका है। यदि नहीं तो वर्तमान समय के यदि किसी मंत्री अधिकारी का है तो उसे भी खुलासा करना चाहिए। नहीं तो यह माना जायेगा कि ईडी को भाजपा इंस्ट्रूमेंट की तरह यूज कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि ये चीजें नहीं होती हैं तो जांच पर सवाल उठना स्वभाविक है कि कहीं भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसी का इस्तेमाल विरोधियों पर कार्रवाई करने के लिए कर रही है।

### तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन की एक यूनिट पांच दिन रहेगी बंद, गहरा सकता है बिजली संकट

रांची : तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन की एक यूनिट आज दो जून सुबह 4 बजे से बंद हो गयी है। अगले पांच दिन तक यूनिट नंबर एक का मेंटेनेंस किया जायेगा। इस दौरान केवल यूनिट नंबर दो चालू रहेगी। जानकारी दी गयी है कि पांच दिनों तक राज्य में औसतन 150 मेगावाट बिजली कम मिलेगी। इससे राज्य में एक बार फिर बिजली संकट गहराने की आशंका है। बताया जा रहा है कि यूनिट नंबर एक की जेनरेटिंग मशीन में तकनीकी खामी आ गयी है। इस कारण इसे बंद किया गया है। तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन की एक यूनिट आज दो जून सुबह 4 बजे से बंद है। अगले पांच दिनों तक बंद रहेगी। पांच दिनों तक यूनिट नंबर एक का मेंटेनेंस किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी दी गयी है कि यूनिट नंबर एक की जेनरेटिंग मशीन में कुछ तकनीकी खामी आयी है। इसे ठीक करने के लिए इसे बंद किया गया है। गौरतलब है कि टीटीपीएस की दोनों यूनिट से प्रतिदिन करीब 320 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। एक नंबर यूनिट से 150 से 160 मेगावाट तक उत्पादन होता है। इधर, झारखंड बिजली वितरण निगम द्वारा तेनुघाट की यूनिट बंद रहने की स्थिति में अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने मई माह में 338 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली की है। अप्रैल माह की तुलना में मई माह में 19 करोड़ रुपये अधिक राजस्व की वसूली हुई है। अप्रैल माह में 319 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। एमडी अविनाश कुमार ने जून माह में भी राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी अधीक्षण व कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी उपभोक्ताओं तक बिल पहुंचे और उसकी वसूली भी हो।

# चिंतन शिविर, संवाद व कार्यशाला के माध्यम से संगठन को मजबूत मिल रही : आलोक दूबे

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता और संगठन सशक्तीकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि उदयपुर उद्घोषणा के तहत संगठन की मजबूती के लिए गये कार्यक्रमों को सफलीभूत किया जाएगा। वे आज प्रदेश कांग्रेस की ओर से राजधानी रांची में आयोजित नवसंकल्प प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

आलोक कुमार दूबे ने ने बताया कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर 9 अगस्त से 14 अगस्त तक 75 किमी की गौरव यात्रा को सफल किया जाएगा। झारखंड के 14 लोकसभा संसदीय क्षेत्र में गौरव यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने अपने संबोधन में 15 अगस्त को सभी मुहल्लों और प्रखंडों में प्रभात फेरी निकालने का भी सुझाव दिया। जिला संयोजक ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय की सराहना करते हुए कहा कि तीन महीने पहले उनके प्रभार लेने के बाद संगठन को काफी धारदार बनाने में सफलता मिली है। 22 वर्षों के कालखंड में ये पहले ऐसे प्रभारी है, जिन्होंने एक-एक कार्यकर्त्ता की बात सुनी है और आने वाले 90 दिनों के अंदर स्तर पर संगठन का स्वरूप तैयार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी चिंतन शिविर, संवाद और कार्यशाला के माध्यम से संगठन को मजबूत कर रहे है।

# जेपीएससी रिजल्ट : उम्मीदवारों ने लगाये गड़बड़ी के आरोप

**रांची :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने सातवीं से दसवीं जेपीएससी मुख्य परीक्षाफल में गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है। एक प्रेसवार्ता के दौरान आंदोलनकारी छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो और मनोज यादव ने बताया कि आयोग ने सातवीं से दसवीं जेपीएससी मुख्य परीक्षाफल के साथ कट आफ जारी नहीं किया न ही छात्रों का मार्क्स जारी किया और न ही कोटिवार रिजल्ट जारी किया है। विज्ञापन में दिव्यांग कोटा के लिए सात सीट आरक्षित है जबकि रिजल्ट में मात्र तीन सीट ही दिख रही है। बाकी चार सीट का पता नहीं चल रहा है। स्पोर्ट्स के लिए दो सीट तथा महिला कोटा के लिए आठ सीट आरक्षित थी। जो परीक्षाफल से पता नहीं चल रहा है। आयोग को स्पष्ट करना चाहिए। आयोग द्वारा जारी परीक्षाफल में सर्टिफिकेट में भी कई गड़बड़ियां की गईं हैं। उन्होंने कहा कि रैंक 72 जो गैर झारखंडी है फिर भी जेपीएससी रिजल्ट में बीसी टू से संबद्ध दिखा रहा है। जेपीएससी टापर रैंक वन जो बीसी वन तेली समाज से संबंधित है, लेकिन जेपीएससी परीक्षाफल में बीसी टू से संबद्ध दशार्या गया है। इसी प्रकार अन्य छात्र छात्राओं में गड़बड़ी का मामला दिख रहा है। जेपीएससी प्रक्रिया में शुरू से अंतिम तक भारी धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्य के आयोग इंटरव्यू लिए एक दो दिन के अंदर रिजल्ट जारी करता है जबकि जेपीएससी आयोग इंटरव्यू के बाद परीक्षाफल जारी

करने में 15 दिन लगा दिया। आखिर किसका सिलेक्शन करने में इतना ज्यादा समय लिया गया। जबकि जेपीएससी आयोग पीटी परीक्षाफल के मात्र 21 दिन के अंदर आनन फानन में मुख्य परीक्षा ले लिया और तो और मुख्य परीक्षा में बैठे लगभग 4500 छात्रों की कापी लगभग मात्र 14 दिन में ही बिना माडल आंसर शीट के ही जांच कर दी गई। छात्र नेताओं ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग सरकार से की है।

# नाबार्ड व बीएयू के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग की सहमति बनी

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रांची :** कृषि क्षेत्र के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार शिक्षा कार्यक्रमों में आपसी सहयोग को मजबुती देने के उद्देश्य से गुरुवार को नाबार्ड, रांची एवं बीएयू प्रबंधन की उच्चस्तरीय बैठक हुई। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्य में कृषि विकास को तेजी देने की दिशा में आपसी सहयोग को व्यापकता देने एवं इनोवेटिव कृषि कार्यो को बढ़ावा देने पर सहमति जताई गई।

कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने झारखण्ड कृषि के विकास एवं किसानों के हित में नाबार्ड एवं बीएयू के बीच निरंतर तालमेल एवं सहयोग तथा सबंध को प्रगाढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विगत 4-5 वर्षो में विवि में 7 नये महाविद्यालय जुड़े है और कार्य क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ। बीएयू को संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से बीएयू द्वारा प्रदेश के कृषि क्षेत्र के विस्तारीकरण को गति दी जा सकती है। उन्होंने नाबार्ड के पदाधिकारियों को एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में इनोवेटिव कार्यक्रमों हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस में फिश केज कल्चर के विकास में वित्तीय मदद उपलब्ध करने को कहा।

बैठक में नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिस्ट ने नाबार्ड द्वारा प्रदत्त सहायता के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, फार्म सेक्टर प्रमोशन, किसान मेला, सेमिनार, सिम्पोजियम, फार्मर्स प्रोडूसर्स आगेनाईजेशन, फिश केज कल्चर, नेचुरल फार्मिंग, रूरल हाट, रूरल मॉल, सोलर ट्री, एक्सपोजर विजिट एवं ट्रेनिंग आदि क्षेत्रों में वित्तीय मदद उपलब्ध करने की बात कही। उन्होंने बीएयू प्रबंधन को विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर आधारित मेगा प्रोजेक्ट एवं डीपीआर भेजने को कहा।

मौके पर नाबार्ड के पदाधिकारियों ने बीएयू प्रबंधन से नाबार्ड को सहयोग हेतु विश्वविद्यालय, आईसीएआर एवं स्वयंसेवी संस्थानों की रिसर्च एडवाइजरी ग्रुप बनाने एवं नाबार्ड से जुड़े 180 फार्मर्स प्रोडूसर्स आगेनाईजेशन (एफपीओ) के लाभुकों को ट्रेनिंग एवं एक्सपोजर विजिट कार्यक्रमों में बीएयू से सहयोग माँगा। साथ ही होम साइंस विभाग में नाबार्ड के सेल्फ हेल्प ग्रुप को ट्रेनिंग की सुविधा देने तथा रूरल हाट/रूरल मॉल को बढ़ावा में सहयोग की अपील की। नाबार्ड ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत 4-5 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष इंटर्नशिप प्रोग्राम अधीन फील्ड एक्सपीरियंस तथा विद्यार्थियों के सुविधाओं के विकास में सहयोग देने पर सहमति व्यक्त की।

मौके पर डायरेक्टर रिसर्च डॉ एसके पाल ने फार्म सेक्टर प्रमोशन एवं रिसर्च फील्ड से सबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर सबंधी आवश्यकताओं की जानकारी दी। कुलपति के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ पीके सिंह ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार शिक्षा को निरंतरता के लिए प्राथमिकताओं की जानकारी दी।

बैठक में नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक अभय कुमार सिंह एवं महाप्रबंधक गौतम कुमार बैठक के अलावा बीएयू उपकुलसचिव डॉ एस चट्टोपाध्याय, बीपीडी प्रभारी डॉ एस जयसवाल तथा डॉ बीके झा ने भी चर्चा में भाग लिया और सहयोग क्षेत्रों पर अपने सुझाव दिये।

www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 5 | झारखंड 6 | अभिव्यक्ति 7 | झारखंड

रांची, शुक्रवार, 03 जून 2022, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत- 2079 वर्ष-08 अंक-50 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये

रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित


//-- सुविचार --//

वक्त से साथ चलना कोई जरूरी नहीं, सच के साथ चलिए एक दिन वक्त आपके साथ चलेगा।

**सूर्योदय**

उदय : 5.02 प्रात:

अस्त : 6.31 संध्या

**प्रदेश का मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 27.0 |
| रामगढ़ | 44.6 | 29.4 |
| डालटनगंज | 42.0 | 28.0 |

## चिंताजनक. झारखंड में बढ़ते अपराध के बीच अधिकारियों की भारी कमी

# 157 की जगह मात्र 82 आईपीएस ही तैनात

विवेक राज

**रांची :** झारखंड में बढ़ते अपराध के बीच आईपीएस अधिकारियों की भारी कमी है। राज्य में आईपीएस अधिकारियों के स्वीकृत पदों की संख्या 157 है, जिनके विरूद्ध अभी 104 अधिकारी ही पदस्थापित हैं। 54 पद सीधे तौर पर खाली पड़े हैं। इन 104 अधिकारियों में 19 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे हैं, तीन आइपीएस अधिकारी नेशनल पुलिस अकेडमी हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे वास्तव में सूबे में 82 आईपीएस अधिकारियों की ही तैनाती है। इसके कारण राज्य के 26 महत्वपूर्ण पद अतिरिक्त प्रभार में चल रहे हैं, जबकि 22 पद पूरी तरह से खाली हैं। बल की कमी का असर प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन पर सीधा पड़ रहा है। सुपरविजन में विलंब होने से लंबित कांडों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसका असर प्रदेश में विधि-व्यवस्था से लेकर नक्सल अभियान तक में पड़ रहा है। चुनाव जैसे विशेष आयोजन के समय पुलिस अधिकारियों की कमी से काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा अपराध नियंत्रण में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ● 26 महत्वपूर्ण पद पर प्रभार में, 22 पद पूरी तरह से खाली

#### ये पद हैं खाली

डीजी गृह रक्षा वाहिनी, एडीजी आधुनिकीकरण, एडीजी विशेष शाखा, आइजी रेल, डीआइजी, एसआइबी, आइजी संगठित अपराध, आइजी सीआइडी, निदेशक झारखंड पुलिस एकेडमी, डीआइजी जंगल वारफेयर स्कूल, डीआइजी वायरलेस, डीआइजी गृह रक्षा वाहिनी, एसपी यातायात रांची, एसपी गृह रक्षा वाहिनी, एसपी एसआइबी, प्राचार्य टीटीएस, सिटी एसपी धनबाद, पलामू जोनल आईजी, दुमका जोनल आईजी जैसे महत्वपूर्ण पद खाली चल रहे हैं।

#### ये 19 आइपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

एसएन प्रधान (डीजी, एनसीबी), अजय भटनागर (संयुक्त निदेशक सीबीआइ), एमएस भाटिया (आइजी प्रशासन सीआरपीएफ), संपत मीणा (संयुक्त निदेशक सीबीआइ), नवीन कुमार सिंह (वरीय विश्लेषक, एनटीआरओ), बलजीत सिंह (ईडी सुरक्षा, ओएनजीसी), आशीष बत्रा (आइजी एनआइए), मनोज कौशिक (अतिरिक्त निदेशक, वित्त निगरानी), साकेत कुमार सिंह (आइजी सीआरपीएफ), कुलदीप द्विवेदी (डीआइजी आइटीबीपी), अभिषेक (अतिरिक्त उप निदेशक आइबी), अनूप टी. मैथ्यू (एसपी, सीबीआइ मुंबई), क्रांति कुमार गडिदेशी (डीआइजी बीपीआरएंडडी हैदराबाद), माइकल राज एस (एसपी सीबीआइ चेन्नई), राकेश बंसल (निदेशक, कैबिनेट सचिव, नई दिल्ली), पी. मुरुगन (एसपी, सीबीआइ, मुंबई), जया राय (एसपी, एनआइए), अखिलेश वी. वारियर, हरिश चौहान (सहायक निदेशक, एलबीएसएनएए मैसूर)।

## सोनिया गांधी हुई कोरोना संक्रमित

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना संक्रमित पायी गयी हैं और वह फिलहाल किसी नहीं मिल रही हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती गांधी पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रही है। इसी बीच उन्हें हल्का बुखार आया तो उनका कोरोना टेस्ट कराया गया जिसमें वह कोरोना संक्रमित पायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमती गांधी के स्वास्थ्य को लेकर बराबर जानकारी दी जाएगी।

## हार्दिक पटेल हुए भाजपा में शामिल

**गांधीनगर :** गुजरात के चर्चित पाटीदार नेता हार्दिक पटेल गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा में शामिल हो गए। गांधीनगर के भाजपा मुख्यालय में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। हार्दिक पटेल के साथ पाटीदार आंदोलन में उनके साथी रहे कई और नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने से पहले हार्दिक पटेल ने घर पर पूजा-पाठ किया। हार्दिक पटेल ने अपराह्न 12.39 बजे के शुभ महूर्त पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल और पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## कैमिकल फैक्ट्री में धमाका, 15 घायल

**वडोदरा :** गुजरात में गुरुवार को एक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि वडोदरा के नांदेसरी जीआईडीसी में दीपक नाइट्रेट में आग लग गई। इसके बाद धमाके की आवाज आई। मामले में ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है। दीपक नाइट्रेट नाम की एक फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ। इसके बाद यहां भीषण आग लग गई। हादसे में 15 कर्मचारी घायल बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू के लिए फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर मौजूद है। फायर ब्रिगेड के एक कर्मचारी ने बताया कि धमाका एक बॉयलर में हुआ था। इसके बाद आग पूरे प्लांट में फैल गई और इसकी चपेट में आकर कई दो अन्य बॉयलर भी फट गए। पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

## यूपी के चार दिन के दौरे पर जायेंगे कोविंद



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को चार दिन के दौरे पर उत्तर प्रदेश जायेंगे। वह अपने पैतृक गांव परौंख भी जायेंगे जहां उनके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी होंगे। राष्ट्रपति का चार दिन का उत्तर प्रदेश दौरा श्री मोदी की शुक्रवार को राज्य की यात्रा के साथ ही हो रहा है। प्रधानमंत्री सुबह लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचेंगे। दोपहर में वह कानपुर के परौंख गांव पहुंचेंगे, जहां वह श्री कोविंद के साथ पथरी माता मंदिर के दर्शन करेंगे।

## आतंक. बैंक में भीड़ नहीं थी, आतंकी सीधे घुसा और हिंदू मैनेजर को गोली मार दी

# कुलगाम में बैंक मैनेजर की हत्या

**जम्मू :** कश्मीर घाटी में लक्षित हत्याओं का सिलसिला जारी है। यहां लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कुलगाम जिले में गुरुवार को एक बार फिर से आतंकियों ने दूसरे राज्य से संबंध रखने वाले एक बैंककर्मी पर हमला कर दिया है। गोली लगने से बैंक मैनेजर घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इससे पहले मंगलवार को ही आतंकियों ने कुलगाम में हिंदू महिला शिक्षक की गोली मारकर हत्या की थी।

जानकारी के अनुसार, कुलगाम के मोहनपोरा में इलाकी देहाती बैंक में तैनात बैंक प्रबंधक की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि इलाकी देहाती बैंक के एक बैंक मैनेजर को आतंकवादियों ने उस समय गोली मार दी, जब वह कुलगाम में आरेह मोहनपोरा शाखा में ड्यूटी पर था। बैंक में भीड़ नहीं थी। आतंकी सीधे घुसा और मैनेजर को गोली मार दी। बैंक मैनेजर की पहचान राजस्थान के विजय कुमार के रूप में हुई है। हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और सर्च अभियान शुरू किया है। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक आतंकी पहले बैंक में झांक कर देखता है। इसके बाद वह फिर बैंक में आता है। बैग से पिस्टल निकालता है और थोड़े करीब जाकर बैंक मैनेजर पर हमला कर देता है। इसके साथ ही आतंकी वहां से भाग निकलता है। इसके विरोध में सरकारी कर्मचारियों ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया तथा सुरक्षा व्यवस्था होने तक काम बंद रखने का ऐलान किया।

### ● राजस्थान के रहने वाले थे बैंक प्रबंधक विजय कुमार



## हिन्दुओं पर हमले से आक्रोशित कश्मीरी पंडितों का ऐलान

# आज से करेंगे सामूहिक पलायन

**श्रीनगर :** दो दिन पहले कश्मीर में हुई अध्यापिका रजनी बाला की हत्या का गम कुछ कम नहीं हुआ था कि आज आतंकियों ने एक और टारगेट किलिंग को अंजाम दे दिया। बैंक प्रबंधक विजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हाल के 26 दिनों में आठ लोगों की हत्या हुई है। इन हमलों को लेकर कश्मीरी पंडितों ने एक आपात बैठक कर तीन बड़े फैसले लिए हैं। अलग-अलग ट्रांजिट कैंप से आए कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर अल्पसंख्यक फोरम के बैनर तले बैठक की। फोरम का कहना है कि बैठक में तीन मुख्य फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि घाटी में जारी सभी जगहों पर विरोध प्रदर्शनों को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गयी है। अब वे शुक्रवार सुबह घाटी से बाहर पलायन करेंगे। फोरम ने घाटी में सभी प्रदर्शनकारियों से आह्वान किया है कि वे सभी नवयुग टनल के पास एकत्रित हों और यहां पर आगे की कार्यनीति तय करेंगे।

#### जम्मू की ओर रुख कर रहे कर्मचारी

उधर, कश्मीर में बदले हालातों के बीच कई कश्मीरी पंडित और अन्य अल्पसंख्यक कर्मचारी घाटी छोड़ कर जम्मू का रुख कर रहे हैं। कश्मीर संभाग के कुलगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग, बारामूला, शौपिया सहित अन्य जिलों में जम्मू संभाग के हजारों कर्मचारी कार्यरत हैं। सभी में डर का महौल है। लगातार हो रही लक्षित हत्याओं ने इन्हें घाटी छोड़ने पर मजबूर किया है।

#### मई में हुई टारगेट किलिंग

**2 जून :** कुलगाम जिले में एक बैंक प्रबंधक की गोली मारकर हत्या।

**31 मई :** गोपालपोरा में हिंदू महिला शिक्षक रजनी बाला की हत्या

**25 मई :** बडगाम में घर पर टीवी कलाकार अमरीन भट की हत्या।

**24 मई :** श्रीनगर में पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी की हत्या।

**17 मई :** बारामुला में शराब दुकान पर ग्रेनेड हमला, राजोरी के सेल्समैन रंजीत सिंह की मौत, तीन अन्य घायल

**13 मई :** पुलवामा के गडूरा गांव में पुलिसकर्मी रियाज अहमद की हत्या

**12 मई :** बडगाम में कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की चाडूरा तहसील कार्यालय में घुसकर हत्या हत्या कर दी।

**7 मई :** श्रीनगर में डॉ अली जान रोड पर आइवा ब्रिज के पास आतंकवादी हमले में पुलिस कांस्टेबल गुलाम हसन डार की मौत

## अजीत डोभाल ने की अमित शाह से मुलाकात

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर पर एक महत्वपूर्ण बैठक से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। और माना जा रहा है कि उन्होंने शाह के साथ जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की, जहां 12 मई से टारगेट हत्याओं की बाढ़ आ गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अजीत डोभाल और रॉ प्रमुख सामंत गोयल आज दोपहर नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री के कार्यालय में अमित शाह के साथ करीब एक घंटे तक रहे।

इस बैठक का विवरण सामने नहीं आया लेकिन माना जा रहा है कि उन्होंने अशांत कश्मीर की स्थिति पर चर्चा की थी, जहां आज सुबह राजस्थान के एक बैंक कर्मचारी की हत्या कर दी गई, जो तीसरे गैर-मुस्लिम सरकारी कर्मचारी हैं जिनकी कुछ दिनों के भीतर ही हत्या हुई है। शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में भाग लेंगे।

### ● जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर अहम बैठक आज

## मांडर विस उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

# कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने किया नामांकन

**रांची।** झारखंड में मांडर विधानसभा उपचुनाव के लिए 23 जून को होने वाले मतदान को लेकर गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। शिल्पी नेहा तिर्की नामांकन दाखिल करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय के साथ निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में पहुंची थी। वहीं नामांकन दाखिल के वक्त प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल के पहले कांग्रेस प्रत्याशी ने जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन के घर जाकर उनका आशीर्वाद लिया।

शिल्पी नेहा तिर्की जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल, विधायक इरफान अंसारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत और अपने पिता बंधु तिर्की के साथ 2:35 बजे रांची समाहरणालय पहुंची और करीब 2:45 बजे निर्वाची पदाधिकारी के कमरा नंबर जी-10 के अंदर पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस की महिला विधायक अंबा प्रसाद, पूर्णिमा नीरज सिंह, दीपका पांडेय सिंह और सांसद गीता कोड़ा समेत अन्य महिला नेत्री भी शामिल था।

### ● सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय समेत तमाम बड़े नेता, विधायक-सांसद रहे मौजूद

#### इस बार भी गठबंधन की जीत सुनिश्चित : सीएम

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार ने कई उपचुनाव देखे हैं और उपचुनाव के परिणाम भी सभी ने देखा है। एक बार फिर उपचुनाव में जा रहे हैं। इस बार भी गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी मीडियाकर्मियों से बातचीत में दावा कि कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के साथ नाइंसाफी हुई है, उसका जवाब अब चुनाव में क्षेत्र की जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को जीत के साथ देगी।

## वैज्ञानिकों की चेतावनी. संभलकर रिसर्च करें, रासायनिक संरचना वाला दिमाग है एलिएंस का

# चार एलियन सभ्यताएं धरती पर करेंगी हमला!

**मैड्रिड :** एलियंस को धरती के लिए खतरा बताने वाला एक और दावा सामने आया है। एक शोधकर्ता का मानना है कि हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में चार एलियन सभ्यताएं मौजूद हैं जो धरती पर हमला कर सकती हैं। स्पेन की यूनिवर्सिटी ऑफ वीगो में पीएचडी कर रहे अल्बर्टो कैबलेरो ने कहा कि उन्होंने 1977 में डिटेक्ट किए गए 'डब्लूओडब्लू सिग्नल' के सटीक स्रोत का पता लगाया है। वाइस न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। हालांकि उनकी रिसर्च को एक 'कल्पना' माना जा रहा है।

अल्बर्टो के रिसर्च पेपर का उद्देश्य अन्य वैज्ञानिकों को चेतावनी देना और एलियन सभ्यताओं की एक संख्या बताना है, जो अंतरिक्ष में भेजे जा रहे मैसेज का जवाब दे सकते हैं। अपने पेपर में उन्होंने पृथ्वी पर हो चुके आक्रमणों की संख्या भी बताई है, जिसमें 'डब्लूओडब्लू सिग्नल' भी शामिल है।

### ● 1977 में धरती पर आए रहस्यमय सिग्नल का स्रोत मिलने का दावा

#### इंसानों से अलग एलियंस का दिमाग

अल्बर्टो का अनुमान है कि चार एलियन सभ्यताएं हमारे ग्रह पर हमला कर सकती हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों को मैसेजिंग एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने में सावधानी बरतने की भी चेतावनी दी है। वाइस से बात करते हुए उन्होंने कहा, हम दूसरी दुनिया के लोगों के दिमाग के बारे में नहीं जानते हैं। दूसरी दुनिया की सभ्यता के लोगों के पास बिल्कुल अलग रासायनिक संरचना वाला दिमाग हो सकता है। संभवत: उनके पास सहानुभूति न हो या उनके पास और ज्यादा मनोवैज्ञानिक व्यवहार हों।

#### क्या एलियंस ने धरती पर भेजा था सिग्नल

शोधकर्ता ने कहा, मैंने इसी तरीके से अध्ययन किया है, जिसकी कुछ सीमाएं हैं, क्योंकि हमें नहीं पता कि एलियंस का दिमाग कैसा है। वैज्ञानिक का कहना है कि एक रहस्यमय सिग्नल हमारे जैसे ही एक दूसरे सौरमंडल से एलियंस ने लगभग आधी सदी पहले भेजा था। इसे 'डब्लूओडब्लू सिग्नल' के नाम से जाना जाता है। 15 अगस्त 1977 को रेडियो सिग्नल रिसीव किया गया, जो करीब एक मिनट लंबा था। इस सिग्नल पर वैज्ञानिक सालों तक काम करते रहे। इस सिग्नल में हालांकि एलियंस ने वाह नहीं कहा था, बल्कि खगोलविद जेरी एहमन ने सिग्नल देखने के बाद डेटा के प्रिंटआउट पर डब्लूओडब्लू लिखा था। सिग्नल मिलने के बाद वैज्ञानिक सच में वाह ही कह रहे थे। ऐसा इसलिए क्योंकि ये सिग्नल बाकी सिग्नल की तुलना में 20 गुना ज्यादा मजबूत थे। एसइटीआई द्वारा पकड़े गए सिग्नल में ये अब तक सबसे बेहतर माना जाता है।

#### 45 साल बाद पता चला सिग्नल का सोर्स

एलियंस की खोज कर रहे कई वैज्ञानिक मानते हैं कि ये पृथ्वी के साथ उनका पहला संपर्क हो सकता है। लेकिन अब 45 साल बाद खगोलशास्त्री अल्बर्टो कैबलेरो मानते हैं कि उन्हें सिग्नल का स्रोत मिल गया है। उन्होंने एक तारे को अलग किया है, जो लगभग सूर्य के ही आकार का है। इस तारे का नाम 2एमएएसएस 19281982-2640123 है। उनका मानना है कि संकेत वहीं से आया है।

## पूजा सिंघल से जुड़ा मनी लाउंड्रिंग मामला

# चार डीमएओ से ईडी ने फिर की पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निलंबित आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में गुरुवार को फिर से चार डीएमओ से पूछताछ की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी के बुलावे परं चाईबासा के डीएमओ निशांत अभिषेक, सरायकेला-खरसावां के डीएमओ सन्नी कुमार, चतरा के डीएमओ गोपाल और खूंटी के डीएमओ रांची के एयरपोर्ट स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे।

बताया गया है कि अवैध खनन मामले में चारों डीएमओ से आमने सामने बैठा कर पूछताछ की गयी। ईडी छापेमारी में जब्त दस्तावेज के आधार पर इन अधिकारियों से पूछताछ की। ईडी की टीम ने डीएमओ से कई सवाल किये इसमें जिले में कब से तैनात हैं। अवैध खनन को लेकर क्या कार्रवाई आपके स्तर से हुई। अवैध खनन को लेकर कितने मामले दर्ज किये गये। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में डीएमओ ईडी के अधिकारियों के सभी सवालों का ठीक तरीके से जवाब नहीं दे पाये। ईडी को अबतक की पूछताछ में कई डीएमओ के खिलाफ साक्ष्य मिले हैं। इससे पहले भी इन डीएमओ से ईडी ने पूछताछ की है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते छह मई को एक साथ आईएएस पूजा सिंघल के करीबियों के डेढ़ दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 19.31 करोड़ रुपए सहित कई दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस मामले में बीते 11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

## आदित्य ने रचा इतिहास

### एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

**रांची।** बहरैन के मनामा में 2 से 10 जुलाई 2022 तक आयोजित अंडर-15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिये आज भारतीय कुश्ती टीम का चयन ट्रायल सोनीपत हरियाणा में आयोजित हुआ। उसमें झारखंड के आदित्य कुमार गौरव ने 48 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड जीत कर भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया। आदित्य कुमार ने अपने पहले कुश्ती में हरियाणा के पहलवान को 5-1 के स्कोर से पराजित किया। जबकि दूसरे मुकाबले में पंजाब के पहलवान को 5-1 के स्कोर से और फाइनल कुश्ती में महाराष्ट्र पहलवान को 8-0 से हरा कर अंडर 15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। आदित्य कुमार के भारतीय टीम में शामिल होने पर को, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह महासचिव रजनीश कुमार आदि ने बधाई दी।

## संक्षिप्त

### डूबने से छात्र की मौत

**जोन्हा** फॉल में परीक्षा का टेंशन खत्म करने गया आदित्य उपाध्याय का दुर्घटना वश डूबने से मौत हो गया. वह सरला बिरला स्कूल का छात्र था. बताया गया कि गुरूवार को आयोजित 12 वीं की परीक्षा का अंतिम विषय लिखकर पांच दोस्त एक साथ जोन्हा फॉल घूमने आए थे यहां सभी नहाने उतर गये। इसी दौरान आदित्य उपाध्याय (20) व आदित्य भारद्वाज (नामकुम) पानी में गहरे डूबने लगे. ग्रामीणों व दोस्तों ने किसी प्रकार आदित्य भारद्वाज को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन आदित्य उपाध्याय पानी में डूब गया व उसकी मौत हो गई. आदित उपाध्याय के पिता संदीप उपाध्याय जेप वन में कार्यरत है, वे सपरिवार अरविंद नगर डोरंडा में रहते हैं, घटना की सूचना पाकर वह भी बड़े बेटे, पत्नी व अन्य परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे, रो रोकर उनका बुरा हाल था। पिता संदीप उपाध्याय ने बताया था कि अंतिम विषय का परीक्षा लिखकर वह दोस्तों के साथ घूमने जाएगा व चार बजे तक घर आ जायेगा. मृत युवक का शव ग्रामीणों ने निकाला। आदित्य के मृत शरीर को देखकर उसके मित्र व परिजन चित्कार मारकर रोने लगे थे।

**झारखंड आदिवासी विकास समिति ने नामकुम सीओ व धुर्वा थानेदार पर लगाया है आरोप**

# फर्जी वंशावली बना आदिवासी जमीन लूट रहे हैं भू-माफिया

**पीड़ित आदिवासी जब थाना में शिकायत करने पहुंचते है तो थानेदार उल्टे उन्हें उंट कर भगाते हैं**

वरीय संवाददाता

**रांचीः** झारखंड आदिवासी विकास समिति के द्वारा गुरुवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने कहा कि पूरे राज्य में आदिवासी परिवारों की जमीन को धड़ल्लें से हड़पने का कार्य किया जा रहा है। खास तौर पर रांची के ग्रामीण इलाकों में जहां से रिंग रोड गुजरी है,वहां आदिवासियों की जमीन को भू माफिया येन-केन प्रकारेण जमीन को छिनने व हड़पने का कार्य कर रहे हैं। अंचल कर्मियों की मिलीभगत से भू-माफियाओं द्वारा फर्जी वंशावली तैयार कर आदिवासियों की जमीन को लूटा जा रहा है। उन्होंने बताया कि धुर्वा के सीठीयो मौजा में सुखराम कच्छप और उनके चारों भाईयों की 5 एकड़ 58 डिसमिल जमीन को नामकुम सीओ विनोद प्रजापति के संरक्षण में जमीन माफियाओं ने फर्जी वंशावली बनाकर लूटी जा रही है। पीड़ित आदिवासी जब थाना में शिकायत करने पहुंचते है तो थानेदार उल्टे उन्हें उंट कर भगाते हैं,जबकि सुखराम कच्छप के पास 1908 की सर्वे रिपोर्ट सहित 1952 से जमा की जा रही लगान रसीद की कॉपी उपलब्ध है। नामकुम अंचल अधिकारी ने सुखराम कच्छप की वंशावली में छेड़छाड़ कर दूसरे व्यक्ति का नाम जोड़ा है,जो इनका वंशज नही है। वहीं इटकी में भी भू-माफियाओं ने आदिवासी महिला सोनामनी उरांव की जमीन को हड़पा जा रहा है। समिति सरकार व प्रशासन से मांग करती है कि फर्जी वंशावली को बनाकर गैर कानूनी व अवैध दाखिल खारिज करनेवाले सीओ को गिरफ्तार करने के साथ ही धुर्वा थाना प्रभारी को सस्पेंड किया जाये। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष जगन लिंडा, अमित मुंडा, रोशन भूंटकुमार, बिरसा टोप्पो,लालदेव टोप्पो,सुखराम कच्छप,सुशील कच्छप, सविता कच्छप ,दिव्या कच्छप सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### विदेशी बिल्ली चोरी

**बेड़ो**: बेड़ो थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित जामटोली रोड से एक बेहद कीमती लगभग 30 हजार रुपए का पर्शियन कैट बिल्ली को घर के बाहर निकलने के बाद अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर ली गई है। यह बिल्ली बेड़ो के जामटोली रोड स्थित जूता दुकान के संचालक मोहम्मद कपिल आलम के घर की है और आज बुधवार की सुबह करीब 5:00 से 6:00 के बीच बिल्ली घर से बाहर निकली थी और चंद मिनटों के अंदर ही बिल्ली घर के बाहर से गायब हो गई। इधर बिल्ली की हुई घर के समीप से चोरी के बाद भुक्तभोगी मोहम्मद कपिल आलम की बेटी सना ने बेड़ो थाना पहुंचकर अपने गायब चोरी हुई बिल्ली को वापस ढूंढने को लेकर पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। जहां भुक्तभोगी सना ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे घर का बिल्ली इससे पहले भी चोरी हुई थी और फिर घर के समीप मरा पड़ा मिला था। इसके बाद नवंबर 2021 में 30 हजार रुपए की राशि से पर्शियन फीमेल बिल्ली खरीदी थी और फिर इसके बाद आज बुधवार की सुबह में हमारा बिल्ली घर से बाहर निकला और अज्ञात चोरों द्वारा बिल्ली को चोरी कर ली गई है।

### जिप सदस्य सम्मानित

**बेड़ो**: बेड़ो प्रखंड के पूर्वी भाग के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी को मारुति मंगल परिवार सामाजिक व धार्मिक संस्था के जिला सदस्य भोला कोयरी,मदन कुमार,अजय जोगी व निरंजन गोप ने बुधवार को अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। वही नवनिर्वाचित जिप सदस्य पार्वती कुमारी ने कहा क्षेत्र की जनता ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरे उतरने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगी। मौके पर जगरनाथ भगत, सुदर्शन महतो, दीपिका भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

### फायरिंग में दो की मौत व एक घायल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के रामदगा गांव में आर्केस्ट्रा में विवाद के बाद फायरिंग में दो युवकों की मौत व एक के घायल हो जाने की घटना के मामले में चान्हो पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है. खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ की जा रही है. साथ ही घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर सागर साहू व अभय साहू की गोली मारकर हत्या व राज साहू को घायल करने वाले आरोपी युवक का पता लगाने का प्रयास जारी है. डीएसपी के अनुसार रिम्स में इलाजरत राज साहू से भी गोली चलाने वाले आरोपी व उसके साथ घटना के वक्त मौजूद युवक के संबंध में जानकारी ली गयी है. आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त होगा.

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**खूंटी।** पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना अंतर्गत करोवा गांव के समीप पक्की सड़क पर बुधवार शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सागर मुंडा (35) की सदर अस्पताल खूंटी में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गयी। मृतक अड़की थाना अंतर्गत सिंजुड़ी(पोटगड़ा) गांव का निवासी था। इस संबंध में मृतक की पत्नी गांगी मुंडाइन ने सदर अस्पताल में खूंटी थाना पुलिस को दिये गये बयान में बताया कि उसका पति सागर मुंडा गांव के ही मंगरा नाग नामक एक अन्य युवक के साथ बुधवार को मोटरसाइकिल से बंदगांव साप्ताहिक हाट गया था। हाट से शाम को लौटने के दौरान घटनास्थल के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल उसके पति को घटनास्थल के आसपास मौजूद कुछ ग्रामीणों ने उठाकर इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में पति के घायल होने की सूचना देर शाम फोन से मिलने पर वह और अपनी सास सिनगी नाग के साथ अस्पताल पहुंची, जहां इलाज के दौरान उसके पति की मौत हो गयी। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के उपरांत शव उसके स्वजनों को सौंप दिया गया।

### सीएचसी में धरना प्रदर्शन

**रातू।** सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र रातू में गुरूवार को प्रखंड के सभी 20 पंचायतो के ग्रामीण स्वास्थ्य उत्प्रेरको(वीएलइ) द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। मुख्य उत्प्रेरक रवि कुमार ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दुसरी लहर के दौरान भारत सरकार द्वारा भिलेज लेवल इंटरप्रेरर(वीएलइ) की नियुक्ति की गई थी। इसी क्रम में रातू के सभी 20 पंचायतों में भी नियुक्ति हुई थी।सेवारत उत्प्रेरको का कहना था कि सक्षम पदाधिकारी गण टालमटोल कर उनके नौ लाख रुपए के बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिससे उनके समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है।पिछले छह माह से हम आर्थिक तंगी झेल रहे है।हमारी मांग सिर्फ यही है कि हमारी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान हो।इस दौरान उत्प्रेरको ने सीएचसी गेट में धरना प्रदर्शन करते हुए नारे भी लगाए। धरना प्रदर्शन में मंदीप कुमार, रौशन उरांव, राजू तिग्गा, सचिन उरांव, रिपुन विकाश भगत, सुधांशु तिग्गा, प्रियांशु उरांव, स्टेफन खलखो, नितेश कुमार,रवि भगत,मोरपंथ चौधरी,शशी प्रकाश उरांव,शशि कांत कुमार, निलेश कुमार आदि मौजूद थे। धरना कार्यक्रम के बाद सीएचसी प्रभारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

### धारदार हथियार से वृद्धा की हत्या

**खूंटी** : सायको थाना अंतर्गत नामसिल्ली गांव निवासी चिलगी मुंडाइन (62) की हत्या उसके घर में ही धारदार हथियार से मारकर कर दी गई। इस संबंध में मृतका के पुत्र गोंडा मुंडा के बयान पर अड़की थान्र में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर हत्यारों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार चिलगी मुंडाईन अपने पुश्तैनी मकान में अकेले रहती थी। उसका पुत्र गांव में ही स्थित एक अन्य मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। गत बुधवार की रात चिलगी अपने पुत्र के मकान में खाना खाने के बाद अपने आवास में सोने चली गई थी। गुरुवार सुबह लगभग नौ बजे उसका पुत्र गोंडा मुंडा जब अपनर मां के घर गया, तो देखा कि उसकी मां जमीन में मृत अवस्था में पड़ी हुई है और उसकी गर्दन के बाएं हिस्से पर दो जगह गहरे जख्म के निशान है, जिससे खून का रिसाव हो रहा है। उसके पुत्र ने घटना की सूचना सायको थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सैको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में सायको थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा ने बताया कि हत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**रातू।** सनातन न्यास समिति मुरगु के ततवाधान में आयोजित पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह गुरूवार को हवन,पूणार्हुति व महाभंडारा के साथ संपन्न हो गया। सुबह नौ बजे से यज्ञस्थल पर वेदियो का पूजन, हवन,पूणार्हुति कार्यक्रम के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में सैकडो लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन के बाद कलश यात्रा में शामिल महिलाओ को महाभंडारा का प्रसाद दिया गया। इसके बाद महाभंडारा शुरू हो गया जो देर रात तक जारी रहा। दुसरी ओर मंदिर प्रांगण में ही रांची से आए कलाकारो द्वारा माता का जगराता का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारो ने एक से बढकर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ को झुमने पर मजबुर कर दिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देर रात हटिया विधायक नवीन जयसवाल भी पहुंचे। नवीन जयसवाल ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किए। उन्होने मंदिर संचालन समिति को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म हमें एकता का पाठ पढाता है। मंदिर समिति द्वारा बहुत ही भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। हम सभी को ऐसे कार्यक्रम में बढ चढ कर भाग लेने की जरूरत है। कार्यक्रम के सफल संचालन में आलोक उरांव, जीवनजीत मिर्धा, जीतेन्द्र तिवारी, हरि मिश्रा,गंगु पाहन, भोला सिंह, मनोज तम्बौली, राजकुमार यादव, लक्ष्मी नारायण ठाकुर, मनबोध ठाकुर,कृष्णा ठाकुर, मनोज यादव, दिनेश मिर्धा, लखन गोप, बलु मिश्र, अविनाश लकडा सहित कई अन्य थे।

## परंपरा को बचाये रखने का कार्यक्रम : रवींद्र

संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो और बारीडीह में तीन जून को लगने वाले ऐतिहासिक पड़हा जतरा की व्यापक तैयारियां की जा रही है। बारीडीह में जहां पड़हा जतरा के इतिहास में पहली बार रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। इस संबंध में पड़हा जतरा आयोजन समिति तथा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव तथा उनकी टीम के नेतृत्व में पड़हा जतरा का आयोजन किया जाएगा। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक 3 जून पड़हा जतरा की विशेष तैयारी को लेकर बेड़ो पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ रवींद्र नाथ भगत ने अपने कार्यकताओं के साथ में बुधवार को बेड़ो 3 जून पड़हा जतरा मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर रविंद्र भगत ने 3 जून पड़हा जतरा मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए स्थानीय पत्रकारों को संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि यह 3 जून कि पड़हा जतरा हमारे संस्कृति रीति रिवाज व परंपरा को बचाए रखने को लेकर आयोजित की जाती है। पड़हा जतरा के दौरान प्रखंड के विभिन्न गांव पड़हा राजाओं द्वारा भाग लिया जाता है, जिससे आदिवासी संस्कृति की परंपरा झलकती है। पड़हा राजा काट के बने घोड़ा हाथी व रंपा चंपा में सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचते हैं। जिनका पड़हा आयोजन समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि 2 वर्षों के कोरोना काल के दौरान लोगों में मायूसी छाई हुई थी। वही कोरोना काल के बाद आदिवासी समाज अपने संस्कृति व परंपरा का निर्वाहन करना चाहते हैं। पड़हा राजा अपने समाज के बीच में अपने धर्म, संस्कृति व परंपरा की रक्षा के लिए आवाहन करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मांडर उपचुनाव को लेकर आचार संहिता को लेकर कहा कि यह 3 जून का पड़हा जतरा पूरी तरह से विशुद्ध रूप से सांस्कृतिक, सामाजिक व अपने परंपरा को बचाए रखने का कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम में किसी भी तरह का राजनीतिक पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य रूप से शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से समाजसेवी मुन्ना बड़ाईक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बंधु तिर्की मांडर से 5 बार अलग-अलग सिंबल पर चुनाव लड़े, छठी बार बेटी को मैदान में उतारा

**रांची** : झारखंड गठन के पहले और अलग राज्य गठन के बाद विधायक बंधु तिर्की ने मांडर विधानसभा सीट से पांच बार अलग-अलग सिंबल पर चुनाव लड़ा और तीन बार कामयाबी हासिल की। छठी बार अपनी बड़ी बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को चुनाव मैदान में उतारा है। उपचुनाव में उनकी बेटी शिल्पी नेता तिर्की अपने पिता बंधु तिर्की का खड़ाऊं लेकर चुनाव मैदान में नजर आएगी। बंधु तिर्की तीन बार चुनाव जीते, लेकिन हर बार उनका चुनाव चिह्न बदलता गया। बंधु तिर्की झारखंड गठन के बाद पहली बार 2005 में मांडर से यूजीडीपी की टिकट पर चुनाव जीतने में सफलता हासिल की और पहली बार विधायक बने। वर्ष 2009 में बंधु ने झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले चुनाव लड़ा और जीता भी। लेकिन 2014 में बंधु तिर्की टीएमसी की टिकट पर उतरे और बीजेपी के गंगोत्री कुजूर से हार गए। इसके 2019 के चुनाव में बंधु ने फिर पार्टी बदली और बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर बीजेपी के देव कुमार धान का हराया। इससे पहले भी वह एकीकृत बिहार में आरजेडी टिकट पर इस क्षेत्र से अपना भाग्य आजमा चुके है। वर्ष 2019 में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गये और अभी वे प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी है। इसी कारण इस बार कांग्रेस ने उनकी बेटी को टिकट दिया है, हालांकि वर्ष 2019 में बंधु तिर्की के खिलाफ कांग्रेस ने भी उम्मीदवार दिया था, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे थे।

## रांची के सर्वप्रिय सिन्हा को यूपीएससी परीक्षा में सफल होने पर किया गया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची** : 2 जून 2022 संध्या 7 बजे यूपीएससी 2022 परीक्षा में सफल हुए रांची निवासी सर्वप्रिय सिन्हा को उनके हरमू स्थित आवास जाकर बधाई दी गई एवं पुष्पगुच्छ देकर साथ ही पगड़ी पहना, शॉल ओढ़ा एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। डाल्टेनगंज निवासी रहे पिता विनोद कुमार सिन्हा (लेबर एनफोर्समेंट विभाग, एलईओ) एवं माता रूपा दयाल (सामाज कल्याण विभाग, महिला सुपरवाइजर) के तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे बेटे सर्वप्रिय ने अपने पहले प्रयास में ही 127 वां स्थान प्राप्त किया है।

आज इस अवसर पर अधिवक्ता सह एबीकेएम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा सर्वप्रिय सिन्हा ने अपने सफलता से रांची ही नही झारखंड के युवाओं का मनोबल बढ़ाया है। सर्वप्रिय सिन्हा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ और अपने लगनपूर्वक अध्ययन को दिया। बिना किसी कोचिंग के स्वाध्याय से ही उन्होंने सफलता प्राप्त की।

आज इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.प्रणव कुमार बब्बू, कॉरपोरेट विंग संयोजक राकेश रंजन बबलू, विजय दत्त पिंटू,उपेंद्र कुमार बबलू, रोहित श्रीवास्तव,अखौरी प्रेम रंजन, डॉ.अनल सिन्हा, सूरज सिन्हा, जयदीप सहाय, राजेश कुमार सिन्हा, पराग भूषण, आकाश सिन्हा, पंकज कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बंद घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**रातू।** रातू थाना से लगभग डेढ किमी की दुरी पर स्थित कांके थाना क्षेत्र के टेंडर ग्राम स्थित शिवनगर में शैलेश कुमार सिंह के बंद घर से चोरो ने लाखो के जेवरात सहित 15 हजार नकदी की चोरी कर ली। बंद घर में चोर इतने आराम से चोरी कर रहे थे कि उन्होने रसोई में रखा खाने के सामानो को भी नही छोडा। गुरूवार दोपहर जब शैलेश सिंह अपने परिवार के साथ घर आए और मेन गेट का दरवाजा खोल अंदर गए। लेकिन अंदर जाने पर पाया कि अंदर का सभी कमरा का ताला टुटा हुआ है। इस मामले को लेकर शैलेश सिंह ने तुरंत कांके थाना को चोरी की सुचना दी।कांके पुलिस घटना स्थल पर आकर जांच करने के बाद चली गई। लगभग चार बजे के करीब फिंगर प्रिंट टीम ने आकर फिंगर प्रिंट निकाला। इस संबंध में कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार शैलेश सिंह 27 मई को सपरिवार विवाह समारोह में शामिल होने खलारी गए थे।इस दौरान वे रविवार को घर आए भी थे। गुरूवार को जब शादी समारोह से भाग लेकर वापस टेंडर पहुंचे तो पाया कि घर में चोरी हो गई है। अंदर जाकर जांच करने पर पाया कि बेटे का स्कूल फीस के लिए रखा 15,000रूपया चोरो के हाथ लगा है। इसके अलावे पत्नी का दो सोने का चेन जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ढाई लाख रूपया,तीन सोने का रिंग,एक सोने का कुंडल,चांदी का सिक्का,चांदी के जेवरात भी चोरो के हाथ लगे।

रसोई में भी हाथ साफ किया- चोरो ने चोरी इतने आराम से किया कि रसोई में रखा खाने का सामान भी नही छोडा। दोपहर जब शैलेश सिंह घर पहुंचे तो चोरी के बाद सोचा कि घर में कुछ बनाकर खाया जाए लेकिन चोरो ने रसोई से भी खाने का सामान ले भागे थे। पडोसियो ने उन्हे खाना खिलाया।

गश्ती की मांग -शिवनगर में इन दिनो गांजा, शराब के अलावे जुआ खेलने वाले लोग अक्सर मंदिर के नीचे बैठ कर अडडा बाजी करते दिखते है। इसमें कई असामाजिक तत्व भी होते है।ग्रामीणो द्वारा मना करने पर उल्टा ग्रामीणो को ही धमकाते है। कांके पुलिस को जब इस संबंध में बताया गया तो जब पुलिस उधर गई तो सभी भागने लगे। शिवनगर के लोगो ने कहा कि मंदिर में कई बार चोरी हो चुकी है। पुलिस को चाहिए कि इस क्षेत्र में गश्ती करने की मांग की है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस एमएलए दीपिका पांडेय का पैर छू कर किया प्रमाण

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कामकाज और सरकार की नीतियों की कुछ लोग भले ही जितनी आलोचना करें, लेकिन उनकी व्यवहारकुशलता, सादगी और विनम्रता के उनके विरोधी भी कायल है। इसी तरह का दृश्य आज उस वक्त भी देखने को मिला, जब मांडर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के नामांकन के सिलसिले में जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते सीएम हेमंत सोरेन भी रांची समाहरणालय पहुंचे थे।

कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन दाखिल के वक्त एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। नामांकन कक्ष के बाहर जेएमएम-कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं-कार्यकत्ताओं की मौजूदगी में सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की महिला विधायक दीपिका पांडेय सिंह के पैर छुए। दरअसल मांडर विधानसभा उपचुनाव के निवार्ची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट विलुंग के कक्ष में नामांकन का कार्य हो रहा था। इसी कक्ष के बाहर कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन के लिए हेमंत सोरेन गठबंधन दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठे थे। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के बाहर लगी कुर्सी पर बैठे सीएम हेमंत सोरेन के बगल में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बैठे थे, वहीं उसी कतार में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और दीपिका पांडेय सिंह भी बैठी थीं। आपस में बातचीत हो रही थी, तभी अचानक सीएम हेमंत सोरेन पहले प्रमाण की मुद्रा में आये और फिर अपनी बांयी ओर दो कुर्सी छोड़ कर बैठी कांग्रेस की युवा विधायक दीपिका पांडेय सिंह का पैर छूने के अंदाज में झुके। अचानक सीएम के इस अंदाज से सभी अचरच में पड़ गये, वहीं महिला कांग्रेस विधायक रोकने वाले अंदाज में तुरंत उठ खड़ी हुई, वहीं मुख्यमंत्री भी अपनी कुर्सी पर जाकर वापस बैठ गये। चंद सेकेंड के इस दृश्य को देखकर सभी के चेहरे पर मुस्कान आ गयी।

इससे पहले राज्यसभा चुनाव में जेएमएम द्वारा एकतरफा तरीके से उम्मीदवार घोषित किये जाने से नाराज कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह काफी मुखर नजर आयी थी। इस दौरान कांग्रेस के कुछ विधायकों द्वारा पार्टी की अंदरूनी बैठक में सरकार में शामिल मंत्रियों से इस्तीफा दिलवाने और बाहर से समर्थन देने तक की बात उठी थी। वहीं दीपिका पांडेय सिंह ने तो जेएमएम और बीजेपी के बीच साठगांठ तक की बात भी कह दी थी। उन्होंने हेमंत सरकार के कामकाज के रवैये पर भी नाराजगी जाहिर की थी, आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उसी दीपिका पांडेय सिंह के पैर छू लिये और उनकी नाराजगी को दूर करने की कोशिश की।

# अवैध पत्थर खनन व बालू परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई

**नवप्रदेश संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय द्वारा दिये गये निर्देश पर बुधवार को देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग रिषभ गर्ग,जिला खनन पदाधिकारी हजारीबाग अजीत कुमार एवं खान निरीक्षक सुनिल कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कोरां थाना अन्तर्गत लंगर सिमर में संचालित अवैध पत्थर खदान मे छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।जाँच के दौरान घटना स्थल पर दो अवैध पत्थर खदान संचालित पाया गया। मौके पर अवैध पत्थर खदानों से औचक छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर,एक ड्रिल कंप्रेशर, एक ड्रिल मशीन, लोहे का हथौड़ा, सब्बल, हॉस पाईप, ड्रील बीट,डीजल पंप जब्त किया गया। मौके से एक ड्रील ऑपरेटर को गिरफ़्तार किया गया, जिसके पास से 2 मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पकड़े गये ड्रील ऑपरेटर का नाम दिनेश कुमार मेहता, उम्र 30 वर्ष पिता परमानंद प्रसाद मेहता, ग्राम बोंगा, थाना ईचाक है। उक्त दोनो खदानो के संचालको राजकुमार मेहता, पिता केवल महतो भगत मेहता, पिता जगदीश मेहता, मटुक उर्फ प्रमोद मेहता, पिता सुखदेव महतो, सभी ग्राम बोंगा, थाना ईचाक सुधीर महतो, नगवां, थाना कोरां इन लोगो द्वारा अवैध खनन किये गये पत्थर का जियो मैपिंग द्वारा आकलन करने से पाया गया कि इनके द्वारा 73,54,262 घनफीट अवैध रूप से पत्थर का खनन किया गया है। सभी 5 अवैधकर्ताओं एवं ड्रिल ऑपरेटर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। यह छापामारी अभियान देर रात तक चला। वहीं दूसरी ओर खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा हजारीबाग जिले मे छापेमारी कर 05 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करके कार्रवाई हेतु बडा बाजार थाना को सुपुर्द किया गया है। उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला खनन टास्क फोर्स हजारीबाग के द्वारा टास्क फोर्स की बैठक मे दिये गये निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, खान निरीक्षक सुनिल कुमार, थाना प्रभारी बड़कागाँव विनोद तिर्की द्वारा संयुक्त रूप से बड़कागाँव थाना अन्तर्गत रूदी, गोन्दलपुरा आदी मे वन भूमि मे अवैध कोयला खनन से बने गड्ढे की भराई कार्य का जायजा लिया। अवैध खनन एनटीपीसी के बादम कोल ब्लॉक क्षेत्र मे अवस्थित पाया गया। अधिकारियों द्वारा उक्त क्षेत्रो मे अवैध कोयला खनन का निरीक्षण कर हरहाल मे अवैध खनन रोकने एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे डोजरिंग कार्य मे तेजी लाने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु मेसर्स एन0टी0पी0सी0 के अधिकारी श्रीकांत सिन्हा को आवश्यक निदेश दिया। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र मे अवैध बालू खनन क्षेत्रो विशेषकर सॉढ, विश्रामपुर, बड़कागाँव, बादम आदी क्षेत्रो का भी निरीक्षण किया गया। इस क्रम मे अधिकारियों द्वारा जेएसएमडीसी को दिये गये नयाटॉड बालूघाट का भी निरीक्षण कर उसे संचालित कराने की दिशा मे कार्रवाई करने का निर्देश जेएसएमडीसी के बालू प्रभारी को दिया गया।

# अंजुमन बच्चों के बीच 12 जून को करायेगा उर्दू प्रतियोगिता

**रामगढ़ :** अंजुमन फरोग एउर्दू की एक महत्वपूर्ण बैठक रामगढ़ जिले के नयानगर, बरकाकाना में हुई। बैठक में उर्दू प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता चैनगड्डा मस्जिद के इमाम मौलाना अबू हुरैरा मिस्बाही ने की और संचालन म रियासत हुसैन ने किया। अंजुमन फरोग एउर्दू उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी शाहनवाज खान पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि रोना रोने से उर्दू को बढ़ावा नहीं मिलेगा, इसके लिए व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। अध्यक्षता करते हुए मौलाना अबू हुरैरा मिस्बाही ने कहा कि उर्दू दुनिया की सबसे मीठी जुबान है। हमें अपनी जुबान पर गर्व है। उर्दू के लोगों को अपने बच्चों को उर्दू भाषा की शिक्षा देने में कोताही नहीं करनी चाहिए। संचालन करते हुए रियासत हुसैन ने कहा कि उर्दू की खूबसूरती से हर कोई वाकिफ है, इसलिए भारतीय फिल्मों के शुरू से लेकर अब तक के ज्यादातर नाम, डायलॉग और गाने उर्दू शब्दों से अलंकृत हैं। प्रतियोगिता परीक्षा में बच्चों को उम्र के हिसाब से तो ग्रुप 8 से 15 साल और 15 से 22 साल में बांटा जाएगा। तीन तरह की परीक्षाएं होंगी। पहली उर्दू मालूमात प्रतियोगिता वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित होगी, दूसरी उर्दू लिखावट प्रतियोगिता होगी और तीसरी हिंदी से उर्दू अनुवाद प्रतियोगिता होगी। मौके पर मौलानाअब्दुल वाहिद,मौलाना आरिफ रिजवी, मौलाना मन्व्वर सैफी, मोहम्मद असलम अंसारी, मंजूर अंसारी,आजाद अंसारी, मोहम्मद हातिम, ताहिर अंसारी, गुलाम रब्बानी, मोहम्मद तैय्यब, दिलदार, मो नसीम अंसारी, सुलतान अंसारी, इलियास अंसारी, अफरोज खान, राजा खान सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा की आठ साल में गरीब कल्याण की अनंत यात्रा

**नवप्रदेश संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग गुरुवार को भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित जिला भाजपा मुख्यालय अटल भवन के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार के आठ साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की अनंत यात्रा विषयों को लेकर प्रेस संवाददाता सम्मेलन आयोजन किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक यादव,सदर विधायक मनीष जायसवाल, मीडिया प्रभारी रौशन कुमार उपस्थित थे।न जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि पहले सरकार जनता से कहती थी हुआ तो हुआ अब जनता कह रही है जो कभी नहीं हुआ वो मोदी जी के शासन काल में हुआ। जनता में राष्ट्रवाद की भावना बढ़ी है। जनता के लिए हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं बढ़ी है, किसानों और गरीबों की आय बढ़ी है, देश मुश्किलों से उबर कर जल्द खड़ा होना सिख गया है। युवा महिलाओं एवं किसानों का विकास, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का निर्माण जिसमें गरीबों का कल्याण निहित हो। नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों का परिणाम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 8 वर्षों में भारत की तसवीर बदली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अहर्निश परिश्रम की पराकाष्ठा के फलस्वरूप संभव हो पाया है। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पहले योजनायें कागज पर ही बनती थी। आज जनता यह देख रही है कि जिस योजना का शिलान्यास होता है, वह योजना उसी कार्यकाल में पूरी भी होती है। पिछले 8 वर्षों में देश की गरीबी 22% से घट कर 10% से नीचे आ गई है। कोरोना संकट के बावजूद अत्यंत गरीबी की दर भी 1% से कम 0.8% पर स्थिर बनी हुई है।8 वर्षों में देश की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। 2014 में 79 हजार रुपये सालाना अब डेढ़ लाख रुपये, विदेशी मुद्रा भंडार भी लगभग दोगुना हुआ है। 2014 में 300 अरब डॉलर, अब लगभग 600 अरब डॉलर,आजादी के 70 साल में देश में केवल 6:37 लाख प्राइमरी स्कूल बने जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के केवल 8 वर्षों में 6.53 लाख प्राइमरी स्कूल बने। 2014 में भारत की साक्षरता दर 69% थी। 2022 में यह आंकड़ा 75% है। 8 साल में देश की साक्षरता 6% से अधिक बढ़ी जो कि एक विशिष्ट उपलब्धि है। श्री जायसवाल ने कहा कि विगत 8 वर्षों में देश में 15 नए एम्स का निर्माण हुआ जबकि आजादी से 2014 तक देश में केवल 7 एम्स थे उसमें से भी 6 श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में बने। डॉक्टरों की संख्या भी पिछले 8 साल में 12 लाख से ज्यादा बढ़ी है। 8 साल में लगभग 170 नए मेडिकल कॉलेज बने। श्री जायसवाल ने कहा कि परेशान थी जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति से। परेशान थी गठबंधन राजनीति की आये दिन होने वाली खींचतान से। परेशान थी देश के आर्थिक हालात से, बेरोजगारी से। परेशान थी विदेशों में भारत की छवि से।परेशान थी आतंकी हमलों और घुसपैठ से।आजादी के 70 साल बाद भी देश के सभी गांवों तक बिजली नहीं, गरीबों के बैंक खाते नहीं। गरीबों के घर में गैस चूल्हे नहीं। नागरिकों के लिए न्यूनतम प्रीमियम पर बीमा नहीं। गरीबों के लिए कोई आयुष्मान भारत जैसा सरकारी मेडिकल इंश्योरेंस उपलब्ध नहीं। गरीबों को उनके हक की रकम मिलने की गारंटी नहीं। श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस का सूरज लगातार अस्त, आठ साल में हुए 50 विधानसभा चुनाव में से 41 में कांग्रेस को दी मात,पीएम मोदी ने अपने विजन और जन कल्याणकारी योजनाओं से दिया जीत का मंत्रः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास के मंत्र से कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति पूरी तरह भरभराकर बिखर गई।

# नम आंखों से दी मां काली को विदाई

**नवप्रदेश संवाददाता**

**हजारीबाग :** दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में स्थापित माँ काली की प्रतिमा खंडित हो जाने के वजह से माँ छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा अवस्थित संगम स्थल पर माँ काली की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। विसर्जन से पूर्व काली मंदिर में पूजा, हवन में शिवपुरी के लोगों की माँ के प्रति आस्था देखते बन रही थी। पूजा में शामिल महिलाओं और पुरुषों की आंखे नम थी मानो माँ अपने बच्चों से दूर जा रही हो और लोग माँ से बिछड़ रहे हों। अहले सुबह पूजा प्रारम्भ होने से लेकर हवन व माँ की विदाई तक मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं के उपस्थिति के बाद भी वीरान से लग रहा है, समय समय पर माँ के जयकारों से गुंजायमान होते मंदिर में छोटे छोटे बच्चे भी अपने अभिभावक के आंखों को नम देख मायूस थे। गाजे बाजे के साथ माँ की विदाई की गई। वहीं विसर्जन के लिए फूलों से सजे वाहन में माँ की मूर्ति को रख जब श्रद्धालु रजरप्पा के लिए प्रस्थान कर रहे थे तो युवाओं के साथ साथ महिलाएँ भी माँ की विदाई के लिए मुहल्ले से बाहर तक साथ हैं वहीं दर्जनों महिलाओं ने विसर्जन के लिए माँ की प्रतिमा के साथ विसर्जन के लिए संगम स्थल रजरप्पा जाने से खुद को रोक नहीं पाई। बताते चलें कि दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है जहां बर्षो से मंदिर निर्माण कार्य चल रहा था। मंदिर में भव्यता के साथ साथ अलग तरह का आकर्षण दिया गया है। मंदिर निर्माण से लेकर साज सज्जा तक मे राजस्थान के शिल्पकारों ने काम किया है। आगामी 29 जून से 6 जुलाई तक मंदिर में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमे माँ काली, दश महाविद्या, शिवपरिवार, बटुक भैरव समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा को स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा किया जाएगा। माँ काली की प्रतिमा विसर्जन में काली पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान, प्रशांत कुमार प्रधान, चंदन पाठक, निशांत कुमार प्रधान, चंदन कसेरा, भोला सिंह, डब्लू कसेरा, छोटे सिन्हा, टुटू सिंह, लखन कुमार, आशीष कुमार सिन्हा, पवन गुप्ता, मनोज मोदी, अमरेश कुमार सिंह, अमरजीत कुमार, रविन्द्र सिंह, सुमित कुमार रोहित कुमार, दिवाकर कुमार रोहित कसेरा, जय कुमार, संदीप सौरभ , निशिकांत कुमार, सुधा प्रधान, रेशमा देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी मंजू देवी, बसंती देवी , अभि, गोल्डी समेत शिवपुरी सहित शहर के सैकड़ों लोग शामिल थे।

## कसम परेड में सिख रेजिमेंटल सेंटर के नवप्रशिक्षित जवानों ने देश सेवा की ली शपथ

**रामगढ़ :** कसम परेड में सिख रेजिमेंटल सेंटर के 100 कोर्स के 105 नव प्रशिक्षित जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज और पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को साक्षी मानकर देश सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने की शपथ ली। कसम परेड समारोह का आयोजन सैनिक छावनी स्थित सिख रेजिमेंटल सेंटर के हरबख्श ड्रिल स्क्वायर में हुआ। कसम परेड के बाद जवानों ने रिक्रूट गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में रेजिमेंटल बैंड की धुन के साथ शानदार परेड का प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यवाहक समादेशक सिख रेजिमेंटल सेंटर सेना मेडल कर्नल कुमार रणविजय शामिल सिख रेजिमेंटल सेंटर के जवानों का कसम परेड राष्ट्रीय ध्वज और गुरु ग्रंथ साहिब को साक्षी मान देश से वा की शपथ 105 नव प्रशिक्षित जवानों ने अपना सर्वस्व न्योछावर करने की खायी कसम हुए। कर्नल ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। परेड दंडपाल मेजर प्रतीक ने नव प्रशिक्षित जवानों को शपथ दिलाई। कर्नल ने कहा कि अब वे भारतीय सेना का अभिन्न अंग बन गये हैं। जिस पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है। उन्होंने कहा कि आप सभी भारतीय सेना की वीरता की परंपरा के उच्चतम स्तर को कायम रखें। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को बेस्ट मेडल से नवाजा गया। प्रशिक्षण के लिए नौ माह के सैन्य प्रशिक्षण के दौरान अव्वल दर्जे का प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट गुलविंदर सिंह को बेस्ट फायरर, रिक्रूट विजयपाल सिंह, बेस्ट इन फिजिकल, बेस्ट इन बेयनेट फाइटिंग और ओवरऑल सेकेंड बेस्ट रिक्रूट गुरप्रीत सिंह, बेस्ट इन ड्रिल, बेस्ट इन अकेडमिक और ओवरऑल बेस्ट मेडल से नवाजा गया। इस अवसर पर कार्यवाहक समादेशक ने सभी नव प्रशिक्षित सैनिकों को उनके द्वारा शानदार परेड प्रदर्शित करने के लिए बधाई दी। पासिंग आउट परेड के बाद सिख रेजिमेंट के नव प्रशिक्षित सैनिकों ने कंटीन्यूटि ड्रिल का प्रदर्शन किया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न

**हजारीबाग :** हजारीबाग त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के घोषणा होने से लेकर लगातार दो महीनों तक इसकी व्यापक तैयारियों तथा शांतिपूर्ण मतदान एवं मतगणना संपन्न कराने अपनी भूमिका निभाने वाले तमाम अधिकारियों,कर्मियों, पुलिस प्रशासन को उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक निर्वाचन को संपन्न कराने को लेकर अनेक अनेक बधाई व शुभकामनाएं। उक्त शुभकामना संदेश आज उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने अधिकारियों व तमाम कर्मियों को दी। उपायुक्त ने मतदान कार्यों में लगाए गए सभी अधिकारी,मैजिस्ट्रेट,कर्मी के प्रति आभार जताया और कहा कि बेहतर टीम भावना का परिणाम है कि यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है, आगे भी अनेक चुनौतीपूर्ण कार्य आएंगे जिसे इसी आत्मविश्वास और धैर्य से अपने कार्यों को अंजाम देंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया को भी धन्यवाद दिया और कहा चुनाव के परिणाम के बेहतर कवरेज से लोगों को सही जानकारी मिलती रही। उन्होंने जनसंपर्क टीम को भी बधाई देते हुए कहा कि मतदान के पल पल की खबर मीडिया को पीआरडी टीम के द्वारा निरंतर मिलती रही जिस कारण सही और सटीक जानकारी जनता को अखबारों के माध्यम से मिली।

# जेपीएससी में सफलता करने वाले प्रशांत को किया सम्मानित

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रामगढ़ :** डीएवी बरकाकाना परिसर में गरूवार को एक सादे समारोह आयोजित कर जेपीएससी में सफलता अर्जित करने वाले स्थानीय निवासी प्रशांत को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने प्रशांत को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी सफलता पर बधाई दी। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने प्रशांत को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि प्रशांत ऐसे परिवार से आते है जो ग्रामीण परिवेश में रहकर संघर्ष के बलपर आगे बढ़ने में विश्वास करता है। प्रशांत इसका जीता जागता उदाहरण है अपने पिता के आकस्मिक मृत्यु के पश्चात प्रशांत ने संघर्ष के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।

प्राचार्या ने प्रशांत के दोस्तों को भी प्रशांत का सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि जैसा कि प्रशांत ने बताया कि उसके दोस्त रांची तक पुस्तक पंहुचाने की बात हो या साथ में तैयारी करने की बात हो हमेशा उनके साथ रहे। हमें मित्रों की अहमियत समझनी चाहिए। प्रशांत के संघर्ष के बारे में कहा जा सकता है- कौन कहता है आसमान में सुराख हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों।

# 3 जून को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ

**नवनवप्रदेश संवाददाता**

**रामगढ़ :** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) वेस्ट बोकारो ने रामगढ़ जिले के पूरे मांडू प्रखंड से मोतियाबिंद के मामलों को खत्म करने की योजना बनाई है। इसके लिए, फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स और सहियाओं द्वारा मोतियाबिंद के संभावित मरीजों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। मोतियाबिंद के हर मरीज तक पहुंचने और मांडू को मोतियाबिंद मुक्त बनाने के लिए बुधवार को टीएसएफ ने मांडू प्रखंड के सभी सहियाओं के साथ बैठक कर सहियाओं में क्षमताओं का निर्माण करना है ताकि वे मोतियाबिंद के रोगियों की पहचान कर सकें और उन्हें सर्जरी के लिए जुटा सकें। क्योंकि सहिया एकमात्र जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं जो प्रत्येक गांव के प्रत्येक व्यक्ति के संपर्क में रह कर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराती आई हैं। वे हर जरूरतमंद मरीज तक पहुंचने में सक्षम होंगी और उन्हें सर्जरी के लिए प्रेरित करने में सक्षम होंगी। सहियाओं को रोगियों को परामर्श देने और उन्हें सूचित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा कि मोतियाबिंद, यदि लंबे समय तक इलाज नहीं किया गया तो अंधापन हो जाएगा।

टीएसएफ और सरकार के बीच समन्वय के बारे में बात कर रहे हैं। समाज के हित के लिए संकल्पित टीएसएफ के वेस्ट बोकारो के यूनिट हेड केशव रंजन ने कहा कि हमारा संकल्प है मांडू प्रखंड को पूर्णतः मोतियाबिंद मुक्त बनाना। उन्होंने कहा कि टीएसएफ अपनी विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों जैसे मोबाइल मेडिकल यूनिट, स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण, मोतियाबिंद शिविर आदि के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। वहीं मांडू सीएचसी के प्रभारी डॉ. अशोक राम ने कहा कि टीएसएफ हमेशा अपने हस्तक्षेपों के माध्यम से समुदाय का सक्रिय रूप से समर्थन करता रहा है, विशेष रूप से कोविड-19 के प्रकोप के कारण उत्पन्न महामारी की स्थिति के दौरान भी टीएसएफ ने महती भूमिका निभाई है। डॉ. अशोक राम के संचालन वाले इस समीक्षा व तैयारी कार्यक्रम में टीएसएफ जमशेदपुर की जन स्वास्थ्य प्रबंधक सागरिका गुप्ता, टीएसएफ बंगाल के चिकित्सक डॉ. भास्कर सरदार, चिकित्सक डॉ. टीबी. सिंह, मांडू प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल, शंकर नेत्रालय के परियोजना कॉर्डिनेटर मनीष सिंह और टीएसएफ वेस्ट बोकारो यूनिट के अन्य कर्मचारी।

## दिप्रिया मिंज जेपीएससी की परीक्षा में पाई सफलता

**रामगढ़ :** सीसीएल अरगडा एरिया चिकित्सा पदाधिकारी सह सुभाष नगर अरगड़ा निवासी डॉक्टर गोपाल उरॉव की पुत्री सृष्टि दिप्रिया मिंज ने जेपीएससी की परीक्षा में 242 वाँ रैंक प्राप्त किया है। सृष्टि दिप्रिया मिंज की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर अरगडा -सिरका कोयलांचल वसियों, सिरका, गिद्दी व जीएम ऑफिस अस्पताल के कर्मियों, शिक्षाविदों में हर्ष व्याप्त है। डॉक्टर गोपाल उरॉव की पुत्री ने बताया कि उनका चयन सहायक नगर आयुक्त (नगर विकास) में हुई है। उन्होंने बताया कि मुझे राज्य की सेवा करने का मौका मिला है। सृष्टि ने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर सिरका से हुई। कक्षा द्वितीय से लेकर आईएससी आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ जबकि स्नातक बिरसा कृषि विश्व विद्यालय रांची से किया है। जेपीएससी परीक्षा में पहली प्रयास में ही सफल हुई है।

## ब्रीफ न्यूज

### सदर विधायक ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दी बधाई

**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के गदोखर पंचायत से कटकमसांडी क्षेत्र के नव निर्वाचित जिप सदस्य मंजू नंदिनी, मुखिया नारायण साव और कंचनपुर पंचायत से नव निर्वाचित मुखिया पिंकी राणा, ओरिया मुखिया अमित कुमार, अमनारी मुखिया कृष्णा मेहता सहित अन्य लोग चुनाव जीतने के उपरांत सदर विधायक मनीष जायसवाल से मिलने और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने विधायक दयाल पथ अवस्थित विधायक कार्यालय पहुंचे। जहां विधायक मनीष जायसवाल ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर जीत की ढेरों शुभकामनाएं और अनंत बधाई दी। उन्होंने इनके उज्ज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना भी की और सदैव जनसेवा के कार्यों में तत्पर रहने का सलाह भी दिया।

### विभावि के वित्त पदाधिकारी बने प्रोफेसर सुरेंद्र

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नए वित्त पदाधिकारी के पद पर स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रो.सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा को नियुक्त किया गया है। उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रोफेसर कुशवाहा गुरुवार को अपराह्न में कुलसचिव कार्यालय में योगदान देते हुए निवर्तमान वित्त पदाधिकारी डॉ अमिताभ सामंता से पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रोफेसर सुरेंद्र कुशवाहा ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि विश्वविद्यालय के वित्तीय मामलों को अद्यतन एवं नियम पर नियम के तहत निपटारा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रोफेसर कुशवाहा ने संत कोलंबा कॉलेज से स्नातक प्रतिष्ठा, विनोबा भावे विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर तथा जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से एम फिल की डिग्री प्राप्त की है। वित्तीय मामलों के विशेषज्ञ के रूप में उनकी अलग पहचान है।

### मुखिया प्रत्याशी समर्थकों ने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी की मारपीट

**रामगढ़ :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम में मिली हार से क्षुब्ध कुछेक प्रत्याशी अपनी कमियों को दरकिनार कर एक-दूसरे पर इसका ठीकरा फोड़ने में जुटे हैं। क्षेत्र के करमा उतरी पंचायत में पराजय मिलने के बाद मुखिया प्रत्याशी जुबेदा खातुन के पति ग्यासुद्दीन अंसारी द्वारा अपने समर्थकों के साथ उक्त पंचायत की ही हारी हुई मुखिया प्रत्याशी आयशा खातुन के समर्थकों के साथ मारपीट को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया गया है। आवेदन देते हुए आयशा खातुन समर्थक अनवर अंसारी ने कहा है कि बुधवार को वे खेत में मवेशियों को चराने गए थे। इसी बीच मुखिया प्रत्याशी जुबेदा खातुन के पति ग्यासुद्दीन अंसारी, इलियास अंसारी, इरशाद अंसारी, नौशाद अंसारी व नावेद अंसारी सभी के पिता स्व. अब्बास अंसारी, जुबेदा खातुन का भगिना वसीम अंसारी पिता जिलानी अंसारी नेरकी निवासी आ धमके।साथ ही वोट न देने का आरोप लगाते व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बेरहमी से मारपीट करने लगे। जिसमें मेरे सिर व पैर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद जब मैं घर पहुंचा तो मेरे पुत्र मोअज्जम अंसारी व भतीजा तनवीर अंसारी पिता स्व. अयूब अंसारी के साथ भी बुरी तरह मारपीट की। अनवर ने उक्त लोगों को गुंडा किस्म के लोग बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### खेत में मिला महिला का शव, दुष्कर्म की आशंका

हजारीबाग : दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा में लाइन होटल के पीछे खेत में एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। सूचना पर पहुंची दारू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। शव को देखकर लगता है कि उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। शव को शिनाख्त के लिए अगले 72 घंटे तक सुरक्षित किया गया है। शव की पहचान नहीं होने पर उसका दाह संस्कार कर दिया जाएगा।

### ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारना लक्ष्य : रितेश

**बड़कागांव :** बड़का गांव मध्य पंचायत के शिक्षित कर्मठ युवा पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी रितेश कुमार ठाकुर ने अपने प्रतिद्वंदी देवनारायण राम को रोमांचक मुकाबले में महज एक 21 मतों से हराकर पंचायत समिति सदस्य पद पर कब्जा जमाया। रितेश को 1106 वही देवनारायण को 1085 वोट प्राप्त हुआ। रितेश ठाकुर को पंचायत आगमन पर लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर रितेश ने कहा कि मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं निश्चित तौर पर मैं इमानदारी से अपने कार्य का निर्वाह करूंगा जो भी पंचायती राज से संबंधित सरकारी योजना आएंगी इमानदारी पूर्वक कार्य का निर्वाह करूंगा।

### 70 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**झुमरी तिलैया (कोडरमा) :** आईआरपीएफ सीआईबी धनबाद शाहिद खान व आईपीएफ कोडरमा जवाहर लाल संध्या कालीन कोडरमा स्टेशन में अपराधिक गतिविधि हेतु गुप्त निगरानी कर रहे थे। इस दौरान समय करीब 19.00 बजे कोडरमा रेलवे स्टेशन में जन शताब्दी आई। गुप्त निगरानी के क्रम में उक्त गाड़ी के इंजन के दूसरे कोच से एक व्यक्ति को तीन पीठू बैग के साथ गाड़ी से उतरकर प्लेटफार्म न. 04 के अंतिम छोड़ पर जाते हुए देखा गया। शंका होने पर एक व्यक्ति को रोक कर नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम पंकज कुमार उम्र 24 वर्ष पिता विनोद कुमार सा चकचारी पोस्ट नगरनौसा थाना दनियावा जिला पटना का रहने वाला बताया। शक के आधार पर उसके पास से बरामद तीनों पीठू बैग को चेक किया गया तो विभिन्न ब्रांड का कुल 70 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसका मूल्य 39040 है। व्यक्ति उपरोक्त को उसका अपराध बताते हुए गिरफ्तार किया गया तथा जप्त शुदा शराब व गिरफ्तार व्यक्ति को आरपीएफ पोस्ट कोडरमा लाया गया।

# संपादकीय

## कांग्रेस की मुश्किलें

कांग्रेस की सभी परेशानियां उसके संगठन और नेतृत्व की ओर से लिये जाने वाले निर्णयों से उत्पन्न हो रही हैं। 15 राज्यों की 57 सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव में भी कांग्रेस की परेशानियां सामने आ गयीं। कांग्रेसी प्रत्याशियों की सूची से कांग्रेस की दिशाहीनता और दुविधा स्पष्ट हो गयी। राजीव शुक्ल, रंजीता रंजन, अजय माकन, जयराम रमेश, विवेक तन्खा, इमरान प्रतापगढ़ी, पी. चिदंबरम, मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला और प्रमोद तिवारी जैसे नाम निश्चित तौर पर दिग्गज चेहरों के हैं, जो पार्टी को संकट से उबारने की हैसियत रखते हैं। परंतु यहीं से कांग्रेस की दुविधा और मुश्किलें भी शुरू होती हैं। इन नामों को देखते ही स्पष्ट हो जाता है कि ये सभी गांधी परिवार के करीबी हैं। अर्थात स्थानीय नेताओं व समर्पित कार्यकर्ताओं को जगह नहीं दी गयी। दूसरा संकट भी इसी सूची से पैदा होता है कि पार्टी के पुराने दिग्गज नेता नये नेताओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं देना चाहते हैं। जिन दो राज्यों में पार्टी की सरकार है और जहां शीघ्र ही चुनाव होने वाले हैं, वहां स्थानीय लोगों की उपेक्षा की गयी है। इससे पार्टी में असंतोष फैल रहा है। कांग्रेस को अपनी नीति के तहत फैसले लेने चाहिए और वह भी संबंधित राज्यों के नेताओं को विश्वास में लेकर। भाजपा ने इस बार एक भी मुस्लिम नेता को अपना राज्यसभा प्रत्याशी नहीं बनाया है। यह पार्टी की रणनीति के तहत है। लोकसभा में भाजपा के एक भी मुस्लिम सदस्य नहीं हैं। अब राज्यसभा में भी नहीं होंगे, परंतु भाजपा ने जिन लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है, वे ऐसे लोग हैं, जो मोदी की कार्यसंस्कृति में ढल गये हैं। जाहिर है कि मोदी अपनी नयी टीम को सामने ला रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि समस्याओं के बीच मोदी नये चेहरे लाकर न सिर्फ विरोध खत्म कर रहे हैं, बल्कि मुद्दों को भी खत्म कर रहे हैं। उधर, आम आदमी पार्टी की सूची देखकर लग रहा है कि अरविंद केजरीवाल एक नयी पार्टी का गठन कर रहे हैं। वह शुरू से नये लोगों को अपने साथ ला रहे हैं और इस बार भी उन्होंने उन लोगों को प्रत्याशी बनाया है, जिनकी सामाजिक हैसियत है और वे समाज के लिए कुछ काम करते रहे हैं। राज्यसभा का असल मकसद भी तो यही है कि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को उसका सदस्य बनाया जाए। असल में आप कांग्रेस और भाजपा का विकल्प देने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी ने इसमें बहुत दिलचस्प खेल खेला है। अखिलेश ने रालोद के जयंत चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिसका स्पष्ट संदेश है कि सपा रालोद के साथ गठबंधन जारी रखना चाहती है। उसके बाद कपिल सिब्बल को समर्थन दिया है, जो सदन में स्वतंत्र आवाज होंगे। इस स्थिति में कांग्रेस को भविष्य को देखते हुए निर्णय लेना चाहिए था, परंतु कांग्रेस नेतृत्व पार्टी नेताओं को एक साथ लाकर निर्णय लेने के मूड में नहीं दिखता है। शायद गांधी परिवार के सलाहकार अपना नियंत्रण कम होने देना नहीं चाहते और यही इस पार्टी का सबसे बड़ा संकट है।

# सामयिकी

## कश्मीर में फिर आतंकवाद

**डा. वेदप्रताप वैदिक**

जम्मू-कश्मीर में जबसे धारा 370 हटी है, वहां राजनीतिक उठा-पटक और आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी हुई है लेकिन इधर पिछले कुछ हफ्तों में आतंकवाद ने फिर से जोर पकड़ लिया है। कश्मीर घाटी के एक स्कूल में पढ़ा रही जम्मू की अध्यापिका रजनीबाला की हत्या ने कश्मीर में तूफान-सा खड़ा कर दिया है। कश्मीर के हजारों अल्पसंख्यक हिंदू कर्मचारी सड़कों पर उतर आए हैं और वे उप-राज्यपाल से मांग कर रहे हैं कि उन्हें घाटी के बाहर स्थानांतरित किया जाए, वरना वे सामूहिक बहिर्गमन का रास्ता अपनाएंगे। उनका यह आक्रोश तो स्वाभाविक है लेकिन उनकी मांग को क्रियान्वित करने में अनेक व्यावहारिक कठिनाइयां हैं। यहां एक सवाल तो यही है कि क्या आतंकवादी सिर्फ हिंदू पंडितों को ही मार रहे हैं? यह तो ठीक है कि मरने वालों में हिंदू पंडितों की संख्या ज्यादा है, क्योंकि एक तो वे प्रभावशाली हैं, मुखर हैं और उनकी संख्या भी ज्यादा है लेकिन रजनीबाला तो पंडित नहीं थी। वह तो दलित थी। इसके अलावा हम थोड़े और गहरे उतरें तो पता चलेगा कि इस वर्ष अब तक आतंकवादियों ने 13 लोगों की हत्या की है, उनमें चार पुलिस के जवान थे, तीन हिंदू थे और छह मुसलमान थे। इन मुसलमानों में पुलिस वालों के अलावा पंच, सरपंच और टीवी की एक महिला कलाकार भी थी। कहने का अर्थ यह कि आतंकवादी सबके ही दुश्मन हैं। वे घृणा और घमंड से भरे हुए होते हैं। वे जिनसे भी घृणा करते हैं, उनकी हत्या करना अपना धर्म समझते हैं। क्या वे यह नहीं जानते यह कुकर्म वे इस्लाम के नाम पर करते हैं और उनकी इस करनी की वजह से इस्लाम सारी दुनिया में बदनाम होता रहता है। ऐसे ही हिंसक उग्रवादियों की मेहरबानी के कारण आज पाकिस्तान और अफगानिस्तान बिल्कुल खस्ता-हाल हुए जा रहे हैं। कश्मीर में इधर कुछ हफ्तों से आतंकवादी हमलों में जो बढ़त हुई है, उसका एक कारण यह भी लगता है कि ये आतंकवादी नहीं चाहते कि भारत-पाक रिश्तों में जो सुधार के संकेत इधर मिल रहे हैं, उन्हें सफल होने दिया जाए। इधर जब से शाहबाज शरीफ की सरकार बनी है, दोनों देशों के नेताओं का रवैया रचनात्मक दिख रहा है। दोनों देश सीमा पर युद्ध विराम समझौते का पालन कर रहे हैं और सिंधु-जल विवाद को निपटाने के लिए हाल ही में दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई है। पाकिस्तान के व्यापारी भी बंद हुए आपसी व्यापार को खुलवाने का आग्रह कर रहे हैं। आतंकवादियों के लिए यह सब तथ्य काफी निराशाजनक हैं। इसीलिए वे अंधाधुंध गोलियां चला रहे हैं। उनकी हिंसा की सभी कश्मीरी नेताओं ने कड़ी निंदा की है और उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी कठोर शब्दों में आतंकवादी हत्यारों को शीघ्र ही दंडित करने की घोषणा की है। क्या इन आतंकवादियों को इतनी-सी बात भी समझ नहीं आती कि वे हजार साल तक भी इसी तरह लोगों का खून बहाते रहें तो भी अपना लक्ष्य साकार नहीं कर पाएंगे और वे जितने निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, उससे कई गुना ज्यादा आतंकवादी हर साल मारे जाते हैं। यह बात उन पाकिस्तानी लोगों को भी समझनी चाहिए, जो आतंकवाद को प्रोत्साहित करते हैं।

# कैसे बनेगा भविष्य का भारत

**गिरिश्वर मिश्र**

**कुछेक अपवादों को छोड़ दें तो विशाल केंद्रीय शासन-सत्ता के गठन की जगह विकेंद्रित छोटे राज्य या जनपद की व्यवस्था ही यहां अधिक प्रचलित थी जहां लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों के पनपने की भी गुंजाइश थी। यहां के ऐसे राजनीति के परिदृश्य में आक्रांताओं का एकजुट हो कर तीव्र प्रतिरोध न हो सका और मानव-सुलभ दुर्बलताओं ने भी इसमें भरपूर सहयोग किया। विदेशी राजसत्ता के लगातार हस्तक्षेप की परिणति जो सघन रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकी वह मुगल सत्ता की थी जो कई सदियों लम्बी राजनैतिक दखल बन गयी और उनकी कई पीढ़ियों ने यहां शासन किया जिसके दूरगामी परिणाम हुए।**

वैसे तो जल, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्र जैसी प्राकृतिक रचनाओं से सजी यह सृष्टि परस्पर सम्बद्ध है और सभी तत्व एक-दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं पर पृथ्वी वासी मनुष्य विकास क्रम में सब कुछ का कृत्रिम बंटवारा कर घरौंदों का निर्माण कर उस पर आधिपत्य जमा कर उसके स्वामित्व का भोग करते नहीं अघाते जिसके चलते संघर्ष, हिंसा और युद्ध जैसी घटनाएं होती हैं। इनसे न केवल मनुष्यता को आघात पहुंचता है बल्कि प्राकृतिक परिवेश प्रभावित होता है। आज जलवायु-परिवर्तन जैसी परिघटना के जो परिणाम दिख रहे हैं वे अच्छे भविष्य का संकेत नहीं देते और भेदों को भुला कर एकजुट होकर काम करने के लिए बाध्य कर रहे हैं। देश और राष्ट्र की सत्ता अलग अस्मिता, संप्रभुता की मांग करती है परंतु आज कोई भी देश अन्य देशों से पूरी तरह अलग नहीं रह सकता। भारत ने इस सत्य को पहचाना है और अतीत में हुई गलतियों न हों इसके लिए कमर कसी है। स्वतंत्र भारत ने विभिन्न देशों के साथ बराबरी और भाईचारे का नजरिया अपनाया।

मानवीय दृष्टि वाले गुटनिरपेक्ष भारत को चीन और पाकिस्तान जैसे द्वेष भावना रखने वाले पड़ोसियों से साबका पडा। इनके साथ अबतक हुई कई मुठभेड़ों से भारत ने यह सीखा है कि बदलते माहौल में अपनी सामर्थ्य बढ़ाने का कोई विकल्प नहीं है। साथ ही शक्ति-संतुलन के लिए वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ बहुकोणीय संवाद भी बनाए रखना भी जरूरी है। औद्योगिक-आर्थिक गतिविधि के लिए दूर और नजदीक के देशों के साथ सहयोग जरूरी है। बहु ध्रुवीय होती जा रही दुनिया में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां कब करवट बदलेंगी यह कहना मुश्किल होता है इसलिए सावधानी के साथ अन्य देशों के साथ दूरियां और नजदीकियां नियमित करनी होती हैं। विगत वर्षों में भारत ने आर्थिक सुधारों के साथ एक नए युग में प्रवेश किया है जब उसे एक प्रमुख अर्थ-तंत्र वाले राष्ट्र के रूप में परिगणित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लगभग सभी आर्थिक और राजनैतिक विमर्शों में भारत की सक्रिय भागीदारी रही है। भारत ने पड़ोसियों की मुश्किलों को आसान किया है। कोरोना महामारी के दौरान अनेक देशों को टीका उपलब्ध कराने और नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के विकास कार्यों और बुनियादी ढाँचे के लिए आर्थिक मदद की दृष्टि से भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

एशिया में भारत देश प्रकृति की अद्भुत रचना, अपनी भौतिक समृद्धि और ज्ञान की उत्कृष्टता के लिए प्राचीन काल से ही विदेशियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इस क्रम में वह कइयों की लोलुप दृष्टि का भी केंद्र बनता रहा और अनेक आक्रांताओं ने यहाँ के शांतिप्रिय समाज के जीवन

में विघ्न डाला। कुछेक अपवादों को छोड़ दें तो विशाल केंद्रीय शासन-सत्ता के गठन की जगह विकेंद्रित छोटे राज्य या जनपद की व्यवस्था ही यहां अधिक प्रचलित थी जहां लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों के पनपने की भी गुंजाइश थी। यहां के ऐसे राजनीति के परिदृश्य में आक्रांताओं का एकजुट हो कर तीव्र प्रतिरोध न हो सका और मानव-सुलभ दुर्बलताओं ने भी इसमें भरपूर सहयोग किया। विदेशी राजसत्ता के लगातार हस्तक्षेप की परिणति जो सघन रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकी वह मुगल सत्ता की थी जो कई सदियों लम्बी राजनैतिक दखल बन गई और उनकी कई पीढ़ियों ने यहां शासन किया जिसके दूरगामी परिणाम हुए। समाज की संरचना क्षत-विक्षत हुई, बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ।

कुछ अंशों में दोतरफे पारस्परिक प्रभाव भी पड़े पर सामाजिक-सांस्कृतिक परिणाम बड़े जटिल होते गए। राग द्वेष की विभिन्न धाराओं के बीच अस्मिताओं के द्वंद्व और वर्चस्व की लड़ाई चलती रही। इसके फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों की अपनी शक्ति के अनुसार सत्ता बनती बिगड़ती रही। इस क्रम में अंग्रेजों के दाखिले ने जो एक छद्म ढंग से व्यापार के रूप में शुरू हुआ और अंततः बर्तानवी साम्राज्य के उपनिवेश को स्थापित करने में सफलता पाई। इस घटना ने भारत की समझ को गढ़ने में एक युगांतरकारी असर डाला। भारत का एक नया पाठ, नया आख्यान तो बना ही जीवन के लिए पश्चिमी आधुनिकतावाद एक वैचारिक खांचे के रूप में इस गहनता प्रतिष्ठित हुआ कि जो कुछ भारतीय था वह संदिग्ध और प्रश्नांकित होता गया। यह सब इस तरह हुआ कि ज्ञान, जीवन और परिवेश के प्रति हमारे दृष्टिकोण में बदलाव इस तरह रच बस गया कि यूरो-अमेरिकी जीवन दृष्टि और ज्ञान-वैभव की सांस्कृतिक उपादेयता को बिना बिचारे आत्मसात् करते हुए अपने को इस तरह अनुकूलित करते रहे, बदलते रहे कि खुद को पहचानना ही मुश्किल होने लगा।

पश्चिम के आइने में देख-देख कर हमने अपनी नीतियों को बनाया और उस पर चलते रहे। देखते-देखते स्वतंत्रता मिलाने के बाद तीन चौथाई सदी बीत गई। अब स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव मनाने के ऐतिहासिक मौके पर देश के सामाजिक-सांस्कृतिक और राजनैतिक अतीत के पुनरावलोकन कर रहा है और इस प्रयास में उस त्याग और बलिदान की गाथा को याद किया जा रहा है जिसकी बदौलत स्वतंत्रता मिल सकी थी। यह कटु सत्य है कि देश के वर्त्तमान ढांचे की शुरूआत अखंड भारत के विभाजन और उसके साथ हुए भीषण रक्तपात के साथ हुई और कुछ चूकें भी हुईं जिनका दंश देश की नियति बन चुकी है। इतिहास पर गौर करें तो यह बात स्पष्ट होती है कि जो राह चुनी गई और जिस तरह हम चले और चल कर हम जहां पहुंचे उसमें कुछ कमियां थीं और उनसे देश की मुश्किलें बढीं और उसकी जवाबदेही तय करने के बीच विभिन्न राजनैतिक दलों और मतों के अनुयायियों के बीच तल्ख आदान प्रदान भी समय-समय होते रहते हैं।

अब शताब्दी वर्ष यानी 2047 के भारत को शक्तिशाली राष्ट्र का स्वप्न बुनने और उसे देखने-दिखाने के उपक्रम भी शुरू हो गए हैं। राष्ट्रीय गौरव बोध के लिए ऐसा होना भी चाहिए पर इससे भी ज्यादा जरूरी है कि इस मौके को आमतौर पर होने वाली औपचारिक रस्म अदायगी से बच कर गहन आत्म-मंथन के लिए खास अवसर बनाया जाय। हमें इन मूलभूत प्रश्नों पर गौर करना होगा हमारे लक्ष्य क्या होंगे और हम कौन सा रास्ता अपनाएंगे? इन प्रश्नों पर विचार करते हुए भारतीय उप महाद्वीप की भू-राजनैतिक हलचलों और देश की आधार-संरचना और बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह देश आज विश्व के ऐसे देशों में गिना जाता है जहां युवा वर्ग का अनुपात अधिक है और उसका उत्पादन और आर्थिक विकास की दृष्टि से देश को बड़ा लाभ मिल सकता है। कृषि के क्षेत्र में भी देश आत्मनिर्भर हो रहा है और स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और संगणक के क्षेत्रों में तकनीकी क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। दूसरी ओर व्यवस्था की दृष्टि से हमारे कानून, सरकारी लाल फीताशाही और चुनावी राजनीति इस कदर सब पर भारी हो रहे हैं कि आम आदमी ट्रस्ट और हताश हो रहा है।

विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्र को एक संघीय ढाँचे में साबुत बनाए रखते हुए संसदीय प्रणाली के मद्देनजर समाज की आकांक्षाओं की पूर्ति की मांग कितनी मुश्किल है यह स्वतंत्रता के बाद हुए प्रदेशों के पुनर्गठन और देश के संविधान में हुए शताधिक संसोधनों से पता चलता है। समाज की वैचारिक रुझान स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में में हो रहे समकालीन आर्थिक-राजनैतिक बदलावों से अप्रभावित नहीं रह सकती। साथ ही सामाजिक विविधताओं के साथ चलने के लिए गतिशील संतुलन की जरूरत पड़ती है जो आज मीडिया और संचार की अति सक्रियता के दौर में अक्सर अपेक्षित और अनपेक्षित ढंग से जटिल रूप ले लेता है। इन सबसे उपजती गहमागहमी के बीच अब देश और राष्ट्र की वह सहज एकता अक्सर पृष्ठभूमि में जाती रहती है जो उसके स्वभाव में है। भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत की है परन्तु देश के भीतर आज शिक्षा, कानून या व्यवस्था के तंत्र की गुणवत्ता और प्रासंगिकता के लिए आधारभूत संरचना को दृढ बनाना आवश्यक हो गया है। यह तभी हो सकेगा जब देश के विकास और समाज की उन्नति को ध्यान में रख कर आचरण की शुद्धता और मानकों के अनुपालन के लिए कठोर नियम अपनाए जायें। तभी सच्ची स्वाधीनता मिल सकेगी।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# आक्रांताओं के बचाव को मिथकों का सहारा

**विकास सक्सेना**

**आर्य आक्रमण का मिथक गढ़ने वाले ये स्पष्ट नहीं कर सके कि दार्शनिक, सुसंस्कृत और साहित्य व कला में रुचि रखने वाला समुदाय आक्रमणकारी और खानाबदोश कैसे हो सकता है। इसके अलावा 1921 में सिंधु घाटी सभ्यता की खोज ने तो इस सिद्धांत को सिरे से खारिज कर दिया। आर्य आक्रमण सिद्धांत के अनुसार भारत के मूल निवासी द्रविड़ और आदिवासी, आर्यों के मुकाबले असभ्य, भाषा संस्कृति विहीन थे।**

न्यायालय के आदेश के बाद ज्ञानवापी क्षेत्र के सर्वेक्षण में जिस तरह हिन्दू मंदिर के प्रतीक मिले हैं, उसने गजनवी, गौरी, तुगलक, खिलजी और मुगल जैसे आक्रांताओं के अत्याचारों को प्रामाणिकता प्रदान की है। इस सर्वेक्षण ने अब तक पढ़ाए गए इतिहास को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। उत्तर भारत की अनेक इमारतों को बनाने का श्रेय मुगल शासकों को दिया जाता रहा है, अब इन दावों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मुगल शासकों को हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक के तौर पर पेश करके उनकी महानता पर आत्ममुग्ध होने वालों को भी स्वीकारना पड़ रहा है कि मुगलकाल में मंदिरों को तोड़क र मस्जिदें बनाई गईं। मुगल शासकों के साम्प्रदायिक सद्भाव का झूठ जगजाहिर होने के बाद अब ये लोग आर्य आक्रमण सिद्धांत और हिन्दू राजाओं के हाथों मंदिरों का विध्वंस जैसे मिथकों के सहारे भारतीय सनातन संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने वाले आक्रांताओं के बचाव की कोशिश में जुटे हैं। मुस्लिम इत्तेहाद (एकता) के जरिए राजनैतिक महत्वाकांक्षा पूरा करने की कोशिशों में जुटे ऑल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओबैसी ही नहीं बल्कि खुद को प्रगतिशील राष्ट्रवादी मुसलमान की तरह पेश करने वाले जमीयत उलेमा ए हिन्द के नेता महमूद मदनी जैसे लोग भी मुसलमानों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। मुसलमानों को समझाया जा रहा है कि हिन्दूवादी संगठन उनके धार्मिक स्थलों को छीनने का षड्यंत्र कर रहे हैं जबकि अधिकांश विवादित इमारतों के पूर्व में हिन्दू मंदिर होने के पुख्ता सबूत मौजूद हैं।

दरअसल भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान क्रिश्चियन मिशनरियों को धर्मांतरण के काम के लिए वैचारिक आधार भूमि तैयार करने और यहां की अपार धन संपदा लूटने का मार्ग सुगम बनाने के लिए विलियम जोंस, जेम्स मिल, लार्ड मैकाले और मैक्स मूलर जैसे लोगों ने आर्य आक्रमण सिद्धांत गढ़ा। उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि विदेशों से आए आर्यों ने यहां के मूल निवासी द्रविड़ और आदिवासियों को पराजित करके यहां से मारकर भगा दिया। लेकिन इस सिद्धांत को गढ़ने वाले साहित्यिक, पुरातात्विक



या अन्य तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पुख्ता तौर पर यह तक नहीं बता सके कि विदेशी आर्य भारत कहां से और कब आए? आर्य आक्रमण सिद्धांत को स्थापित करने वालों का मानना है कि आर्य विदेशी खानाबदोश थे लेकिन दार्शनिक और सुसंस्कृत थे, उनकी साहित्य में रूचि थी, उनकी अपनी समृद्ध भाषा थी, वे घुड़सवारी और तीरंदाजी जानते थे जबकि भारत के मूल निवासियों के पास इस तरह के ज्ञान का नितांत अभाव था। आर्य आक्रमण का मिथक गढ़ने वाले ये स्पष्ट नहीं कर सके कि दार्शनिक, सुसंस्कृत और साहित्य व कला में रुचि रखने वाला समुदाय आक्रमणकारी और खानाबदोश कैसे हो सकता है। इसके अलावा 1921 में सिंधु घाटी सभ्यता की खोज ने तो इस सिद्धांत को सिरे से खारिज कर दिया। आर्य आक्रमण सिद्धांत के अनुसार भारत के मूल निवासी द्रविड़ और आदिवासी, आर्यों के मुकाबले असभ्य और भाषा संस्कृति विहीन थे। लेकिन उनकी सिंधु घाटी सभ्यता उस काल में विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरीय सभ्यता थी। नगर नियोजन और रसायनों व धातुओं के प्रयोग को लेकर इनका ज्ञान अद्वितीय था। पुणे के दक्कन कॉलेज ऑफ आर्कियोलॉजी के प्रो. वसंत शिंदे और बीरबल साहनी पुरावनस्पति संस्थान की प्राचीन डीएनए प्रयोगशाला के प्रमुख नीरज राय के शोधों ने आर्य आक्रमण सिद्धांत को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। प्रो. शिंदे की अगुवाई में हरियाणा के राखीगढ़ी में उत्खनन के दौरान मिले कोई पांच हजार साल पुराने कंकाल के डीएनए परीक्षण से साफ हो गया है कि यह उत्तर और दक्षिण दोनों क्षेत्रों के भारतीयों से अधिक मिलता है जबकि मध्य एशिया के आर्यों से इसकी कोई समानता नहीं है। आईआईटी खड़गपुर ने भी आधुनिक शोधों के आधार पर एक कैलेण्डर जारी करके 12 तथ्यों के आधार पर आर्य आक्रमण के मिथक को समझाने का प्रयास किया है।

भारतीय सनातन संस्कृति को नष्ट करने के लिए विदेशी आक्रांताओं ने मंदिर तोड़े थे, यह तथ्य प्रमाणित हो जाने के बाद उनके बचाव के लिए यह साबित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि धन संपदा लूटने के लिए मंदिरों को तोड़ना सामान्य प्रक्रिया थी। हिन्दू राजा भी ऐसा ही करते थे। वामपंथी इतिहासकार इसके लिए पल्लव राजा नरसिंह देव वर्मन के हाथों चालुक्यों की पराजय के बाद वातापि के भगवान गणेश का मंदिर लूटने की घटना का प्रमुखता से जिक्र करते हैं। लेकिन मंदिर लूट की घटना को उन्होंने शरारत पूर्वक मंदिर तोड़ने की तरह प्रचारित किया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि लूट के बाद मंदिर की मूर्तियों का क्या किया गया? श्रीराम जन्मभूमि मामले में उच्चतम न्यायालय में साबित हो चुका है कि जिस स्थान पर विवादित ढांचा था वही श्रीराम जन्मभूमि है। इसके बावजूद मुसलमानों को भड़काने के लिए कहा जा रहा है कि उस स्थान पर मस्जिद थी और मस्जिद रहेगी। यूं तो उलेमा अपनी तकरीरों में इस्लाम को शांति का मजहब बताते हैं। लेकिन कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष तौर पर धमकी देते रहते हैं कि यह शांति तभी संभव है जब उनके रास्ते में कोई न आए। धौंस तो यहां तक कि अगर किसी को इस्लाम से दिक्कत है तो वह भारत छोड़कर चला जाए। लेकिन ऐसा कहने वाले भूल जाते हैं कि अंग्रेजों के शासन में पूज्य मातृभूमि का विभाजन झेल चुके देश के बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय के सामने अब एक और विभाजन या पलायन का विकल्प शेष नहीं बचा है। **(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कश्मीर में हिंदुओं की लक्षित हत्याओं का सिलसिला

**प्रमोद भार्गव**

कश्मीर में पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने लक्षित हिंसा के तहत कश्मीरी हिंदुओं को निशाना बनाए जाने का सिलसिला तेज कर दिया है। कश्मीर में यह सिलसिला अक्टूबर 2021 से शुरू हुआ और 2 जून को कुलगाम में बैंक मैनेजर विजय कुमार की हत्या के साथ यह संख्या 19 हो गई है। इससे पहले 31 मई को दलित स्कूल शिक्षिका रजनीबाला की हत्या और 12 मई को कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट को दफ्तर में घुसकर मार दिया था। तभी से 5000 हिंदू कश्मीरी सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि तत्काल घाटी के बाहर तबादले नहीं किए गए तो सामूहिक पलायन करेंगे।

यदि ऐसा होता है तो आतंकियों की मंशा पूरी होगी और घाटी में 1990 के हालात बनने में देर नहीं लगेगी। जबकि घाटी में उन राष्ट्रवादी मुस्लिमों को भी आतंकी निशाना बना रहे हैं, जो सरकारी नीतियों पर भरोसा जताते हुए उन पर अमल कर रहे हैं। इस वजह से 13 मई को पुलिसकर्मी रियाज अहमद एवं सैफुल्ला कादरी और 25 मई को टीवी कलाकार अमरीन भट्ट की भी आतंकियों ने निर्मम हत्याएं की हैं। अतएव पाक परस्त आतंकियों के मंसूबे तोड़ने हैं तो धैर्य और साहस का परिचय हिंदुओं को देना होगा। पलायन से अच्छा है, वह सरकार से निजी सुरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियारों की मांग करें और स्थानीय पुलिस व सेना के साथ अपनी सुरक्षा के लिए खुद कटिबद्ध हो जाएं।

दरअसल घाटी की बदलती स्थिति को आतंकी कुबूल नहीं कर पा रहे हैं। नतीजतन वे सिलसिलेवार बचे-खुचे अल्पसंख्यकों की हत्याएं करके ऐसी दहशत पैदा करना चाहते हैं कि घाटी से तीन दशक पहले खदेड़ दिए गए हिंदुओं की वापसी की जो उम्मीदें बंधी हैं, उन पर पानी फिर जाए। इस दहशतगर्दी के पीछे एक वजह यह भी है कि धारा-370 और 35-ए के खात्मे के बाद विस्थापित गैर-मुस्लिमों की संपत्तियों से अवैध कब्जे हटाने की मुहिम तेज हो गई है। 1990 के बाद यह पहला अवसर है कि विस्थापितों की जायदाद से कब्जे छुड़ाकर वास्तविक भूमि-स्वामियों को संपत्ति सौंपी जा रही है। लिहाजा पाकिस्तान परस्त आतंकी चाहते हैं कि कश्मीरी हिंदुओं की वापसी मुश्किल बनी रहे। साथ ही कश्मीरी पंडितों का हौसला बढ़ाने की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी सरकार ने कश्मीरी हिंदुओं के लिए 6000 सरकारी नौकरियों के पद सृजित किए हैं। इनमें से 5900 पद भर भी गए। रजनी बाला और उसके पति राजकुमार को इन्हीं सृजित पदों में से अनुसूचित

जाति के कोटे में नौकरी मिली थी। धारा-370 हटने से पहले इस राज्य में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को सरकारी नौकरी देने पर प्रतिबंध लगा हुआ था।

आतंकियों के बौखलाने का एक कारण आतंकवादी यासीन मलिक को सजा सुनाना भी है। जबकि घाटी में सांप्रदायिक सौहार्द्र का माहौल बन रहा है। इसबार बड़ी संख्या में पर्यटक भी घाटी में पहुंचे हैं। नतीजतन लोगों की माली हालात सुधरने के साथ रौनक भी बढ़ी है, जो आतंकियों की बर्दाश्त से बाहर है। ऐसे में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेता रजनी की हत्या को लेकर आग में घी डालने का काम कर रहे हैं।

1990 में कश्मीर में शुरू हुए पाक प्रायोजित आतंकवाद के चलते घाटी से कश्मीर के मूल सांस्कृतिक चरित्र के प्रतीक कश्मीरी पंडितों को बेदखल करने की सुनियोजित साजिश रची गई थी। इस्लामी कट्टरपंथियों का मूल मकसद घाटी को हिन्दुओं से विहीन कर देना था। इस मंशा में वे सफल भी रहे। देखते-देखते वादी से हिन्दुओं का पलायन शुरू हो गया और वे अपने ही पुश्तैनी राज्य में शरणार्थी बना दिए गए। ऐसा हैरान कर देने वाला दूसरा उदाहरण अन्य किसी देश में नहीं है। पूरे जम्मू-कश्मीर में करीब 45 लाख कश्मीरी अल्पसंख्यक हैं, जिनमें से 7 लाख से भी ज्यादा विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। घाटी में मुस्लिम एकरूपता इसलिए है, क्योंकि वहां से मूल कश्मीरी हिंदुओं का पलायन हो गया है और जो शरणार्थी हैं, उन्हें बीते 75 साल में न तो देश की नागरिकता मिली है और न ही वोट देने का अधिकार मिला। हालांकि अब नागरिकता और वोट के अधिकार मिल गए हैं।

दरअसल अनुच्छेद-370 हटने के बाद भी हालात में सुधार नहीं हो पा रहा है, तो इसका एक बड़ा कारण मजहबी कट्टरता पर चोट नहीं कर पाना है। अफगानिस्तान में तालिबानी कब्जे के बाद इस सोच को बल मिला है। साफ है कि यह समस्या अब राजनैतिक व संवैधानिक नहीं रह गई है, बल्कि अब धार्मिक चरमपंथ के रूप में सामने आ रही है। यह हिंसक उन्मादी सोच पाकिस्तान से निर्यात आतंकवाद तो है ही, घाटी के मस्जिदों और मदरसों में फैला वह तंत्र भी है, जो आतंक की फसल बोने और उगाने का काम करता है। यही वजह है कि जितने भी इस्लामिक देश हैं, उनमें न तो अल्पसंख्यकों का जनसंख्यात्मक घनत्व बढ़ रहा है और न ही उन्हें नागरिक समानता के अधिकार मिल रहे हैं। कश्मीर में भी जिहादी चाहते हैं कि गैर-मुस्लिम या तो इस्लाम स्वीकार करें या फिर घाटी छोड़ जाएं।

इस दोषपूर्ण मंशा को संविधान निर्माण के समय डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समझ लिया था। शेख अब्दुल्ला ने जब जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने की मांग की तो अंबेडकर ने सख्त लहजे में कहा था कि ह्यआप चाहते हो कि भारत कश्मीर की रक्षा करे, कश्मीरियों की आर्थिक सुरक्षा करे, कश्मीरियों को संपूर्ण भारत में समानता का अधिकार मिले, लेकिन भारत और अन्य भारतीयों को आप कश्मीर में कोई अधिकार देना नहीं चाहते? मैं देश का कानून मंत्री हूं और मैं अपने देश के साथ कोई अन्याय या विश्वासघात किसी भी हालत में नहीं कर सकता हूं।ह्य विडंबना देखिए कि मुस्लिम समाज देश में हर जगह बृहद हिंदू समाज के बीच अपने को सुरक्षित पाता है, किंतु जहां कहीं भी हिंदू अल्पसंख्यक मुस्लिमों के बीच रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। बावजूद नेहरू के अनावश्यक दखल से कश्मीर को विशेष दर्जा मिल गया।

इस भिन्नता का संकट देश बंटवारे से लेकर अबतक भुगत रहा है। यही वजह है कि बंटवारे के बाद पाकिस्तान से जो हिंदू, बौद्ध, सिख और दलित शरणार्थी के रूप में जम्मू-कश्मीर में ही ठहर गए थे, उन्हें मौलिक अधिकार आजादी के 75 साल में भी पूरी तरह नहीं मिले हैं। इनकी संख्या करीब 70-80 लाख है, जो 56 शरणार्थी शिविरों में सभी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से महरूम रहते हुए बद् से बदतर जिंदगी का अभिशाप धारा-370 हटने से पहले तक भोगते रहे हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**यह जनता है, सब जानती है.** पूर्व जनप्रतिनिधियों को करना पड़ा जनता की नाराजगी का सामना, जो उम्मीद पर खरे नहीं उतरे, वे बैठे घर

# पुराने जनप्रतिनिधि को मतदाताओं ने नकारा, नये चेहरे को दिया मौका

**धुरकी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के मतगणना के बाद धुरकी प्रखंड के सभी आठ पंचायतों में पांच पंचायतों के सभी मतदाताओं ने पुराने जनप्रतिनिधि को करारा जवाब देकर नकार दिया है। मालूम हो कि गांव की सरकार के लिए सरकार ने तारीख पर तारीख तारीख पर तारीख निर्धारित तिथि तय कर पंचायत चुनाव नहीं करा पा रही थी। कोरोना काल के लंबे अरसे बाद पंचायत चुनाव रूकी हुई थी। झारखंड स्कूलों में होने वाले परीक्षा के वजह से पंचायत चुनाव टल गई थी, लेकिन इन सारी रूकावटें के बीच निर्वाचन आयोग तथा सरकार ने आखिरकार पंचायत चुनाव कराने की मन बना डाली। पंचायत चुनाव को लेकर पुराने एवं नए जनप्रतिनिधि में उत्साह एवं उमंग थी। इस बार भी फिर से मौका मिलेगा लेकिन यह जनता है। सब

जानती है। मतदाताओं ने धुरकी प्रखंड के पांच पंचायतों के मतदाताओं ने पुराने चेहरे को बदल कर नए चेहरे सामने ला दी। वहीं धुरकी प्रखंड के सभी आठ पंचायतों में सबसे टॉप रक्सी पंचायत से सत्यनारायण बैठा, खुटिया पंचायत से नजारा बीवी पति इस्लाम खान, खाला पंचायत से अजरुन निषा पति साबिर अंसारी, धुरकी से महबूब अंसारी, गनियारी कला से शंभू साह, टाटीदीरी से सगुनी राम, भंडार से रघुनाथ सिंह तथा अंबाखोरेया से हरिलाल सिंह जीत दर्ज की है। सभी नवनिर्वाचित मुखिया ने अपने अपने समर्थकों के साथ डीजे गाजे-बाजे सहित विधिवत तरीके से रोड शो कर अपने पंचायत के मतदाताओं को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं एवं ढेर सारी बधाइयां दी। वहीं जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने जीत दर्ज कर प्रखंड में नाम रौशन किया। सभी नवनिर्वाचित मुखिया को ग्रामीणों एवं समर्थकों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं प्रखंडों के अलग-अलग टोले चैराहे पर नव निर्वाचित मुखिया ने जीत की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां देकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई एवं रंग-बिरंगे अबीर गुलाल लगाकर खुषी का इजहार किया।

## भाग्य विधाता बने मतदाता

**पलामू।** पलामू जिले व प्रखण्ड क्षेत्रों में चौथे चरण के मतगणना पूर्ण के बाद जीत का प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच खुशी का माहौल बना हुआ है। इसका गवाह साउंड व डीजे बना हुआ है। और तो और फूलमाला से लोगों ने प्रत्याशियों को बौछार किया है। कहीं रंग अबीर गुलाल तो कहीं किसी को है अपने हार का है मलाल। बता दें कि घोड़े की टॉप सुनाई देने के बाद चुनाव लड़ने भिड़ने के लिए जहां जिले व प्रखंड में कोतुहल का विषय बना था। तो कहीं चुनाव जीतने के लिए लोग तरह तरह का हथकंडे अपना रहे थे। कहीं जात पात व धर्म का तीर चला रहे थे तो कहीं पुरानी दुश्मनी का बाण चला रहे थे। कहीं शकुनि मामा वाला महाभारत गढ़ रहे थे। तो कहीं बाहुबली वाला गदा चला रहे थे। चुनाव में सारे फॉमूर्ले तो

आजमा लिए गए किन्तु मतदाताओं को यह सब रास नहीं आया और धनबल को पराजित कर जनबल का एक नया आयाम व अध्याय लिख दिया है। वैसे में शोले फिल्म में बोली गयी कुछ असरानी द्वारा डायलॉग चरितार्थ हो रहा है। जब हम नहीं सुधरे तो तुम कहां से सुधरोगे। वाकई में जनता सुधर गयी तो चाहे लोक सभा प्रत्याशी हों या विधान सभा प्रत्याशी या त्रिस्तरीय चुनाव के प्रत्याशी सभी सुधर जाएंगे। और वोटर सीना ठोक कर पांच वर्ष के कार्यकाल का हिसाब किताब हो रहे चुनावी महासमर में मांगेगी।

**जो लोग दो जून की भोजन नहीं जुटा पाते, उनकी निःशुल्क मदद**

## दो किलो चावल प्रतिदिन ले जाते हैं जरूरतमंद

**मेदिनीनगर पलामू**

आज दो जून का दिन खास है या इसे एक इत्तेफाक कहें या मन को महसूस करने वाला सच कहें क्योंकि कहीं ना कहीं आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में अमीर हो या गरीब सभी लोग चाहते है दो जून की भोजन हमें और हमारे बच्चों को आसानी से उपलब्ध हो जाये!

इसी सोच को सच साबित कर दिखाया है अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान जो आम नागरिकों के सहयोग से आम जरुरतमंद नागरिकों को एक दो दिन या सप्ताह महिना दिन नहीं बल्कि 365 दिन जरुरतमंदों के लिए संचालित करते हैं निःशुल्क कपड़ा बैंक, सत्तू बैंक, चावल बैंक, पुस्तक बैंक, ये सभी निःशुल्क बैंक

ऐसा है जहां से प्रतिदिन जो लोग दो जून की भोजन नहीं जुटा पाते वो लोग सम्मान के साथ यहां से दो किलो चावल प्रतिदिन लें जाते हैं और इसके साथ भरपेट सत्तू का जूस भी पी सकते हैं वो भी जितना चाहे इसके साथ साथ अमीरी गरीबी का भेदभाव करने के ख्याल से शौकत खान प्रतिदिन जरुरतमंदों के बिच कपड़ों का वितरण करते हैं ताकि कपड़ों से गरीबी अमीरी का सोच रखने लोग सोचते ही रह जाये और सभी को मिलें एक सम्मान पुर्वक जीने का अवसर इसके साथ साथ शौकत खान का एक अनोखा बैंक है सिर्फ बच्चों के लिए और वो भी वैसे बच्चे जो शिक्षा से जुड़े हुए नहीं हैं और अगर शिक्षा से जुड़े हुए है तो उन्हें आगे पढ़ने में कोई परेशानी ना हो वैसे बच्चों के लिए निःशुल्क पुस्तक बैंक है जहां बच्चे खुद या उनके अभिभावक लोग प्रतिदिन अपने बच्चों के लिए पेन पेंसिल कलर रबर कॉपी सलेट स्कुल बैंग मोजा जूता टोपी एवं जनरल नालेज की पुस्तक के साथ बच्चों के शिक्षा से जुड़ी सभी चिजे शौकत खान अपने हाथों से उपलब्ध कराते हैं और वो भी झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशिष कुमार तिवारी जी के सम्मान में और शौकत खान की निस्वार्थ सेवा सबसे बड़ी खासियत और पहचान ये है कि इनका कोई एनजीओ नहीं है कोई राजनीतिक से मतलब नहीं है और ना ही ये किसी से चांद पैसा या दान गुप्तदान लेते हैं और ये सभी तरह की सेवा कार्यों 2015 से करते आ रहे हैं और शौकत खान अकेला करते हैं और शौकत खान जब गढ़वा में नहीं होते हैं इनके पुत्र साजिद खान बिल्कुल अपने पिता की तरह सभी निःशुल्क बैंक का संचालन करते हैं गरीबों को सेवा देते हैं और अब तक लाखों लाख जरुरतमंदों को इस बैंक से लोग लाभान्वित हो चुके हैं जिसके लिए शौकत खान और इनके पुत्र साजिद खान को देश भर से सैकड़ों अवार्ड और सम्मान मिल चुका है

## विधिक जागरूकता शिविर

**लेस्लीगंज पलामू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गुरुवार को लेस्लीगंज बाजार में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जरूरत मन्द बेसहारा को मुफ्त कानूनी सलाह व सहायता मुहैया कराया जाता है। इसके अलावे किसी प्रकार का वाद विवाद के सुलह समझौता की भी निःशुल्क व्यवस्था हैं। उन्होंने जिले में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना के बारे में भी बताया। मौके पर अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि न्याय आपके द्वार पहुँचा है। उन्होंने नालसा टेन स्किम,मनरेगा,सूचना के अधिकार के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।नई दिशाएं के सचिव इंदु भगत ने कहा कि महिलाओं को भी सशक्त होने की जरूरत है। कोई भी गरीब अब न्याय से बंचित नही रहेगा। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी सभी को होना जरूरी है।उन्होंने डायन बिसाही पर चर्चा की कहा यह अंधविश्वास है।उन्होंने कहा कि अंधविश्वास समाज को खोखला कर रहा है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में लोग सरकारी योजना का लाभ नही ले पाते। उन्होंने कहा कि बच्चे को जरूर पढाये। साक्षरता से ही अंधविश्वास व अशिक्षा को दूर किया जा सकता हैं। उन्होंने दहेज उत्पीड़न, बाल बिबाह प्रतिषेध अधिनियम, नशा उन्मूलन, आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।मौके पर धन्यवाद ज्ञापन पीएलभी विजय कुमार ने किया। मौके पर रंजना कुमारी,अशोक पासवान, मिथिलेश कुमार मेहता,जगन साव,ललिता देवी ,सुधीर कुमार, सबिता कुँवर,अवधेश महतो,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## साइबर जागरूकता दिवस

**मेदिनीनगर पलामू।** समाज मे व्याप्त ऑनलाईन धोखाधड़ी से बचाव हेतु नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और युवा मंडल सदस्यों ने साथ मिलकर लोगो के बीच जाकर जागरूकता फैलाने का काम किया। इस दौरान व्हाट्सएप, अन्य मोबाइल ऐप, और डेबिट कार्ड से संबंधित होने वाले धोखाधड़ी पर सुरक्षा के कई युक्तियों के बारे में विस्तारपूर्वक लोगों को बताया गया। इसमे उन्हें जागरूक किया गया कि कभी भी अज्ञात नम्बरों से प्राप्त संदिग्ध संदेशो का जवाब न दे, अजनबियों या अज्ञात नम्बरों द्वरा भेजे गए संदेशो से प्राप्त फाइलों को कभी भी स्वीकार या डाउनलोड न करें, जब आप ओपन वाईफाई नेटवर्क से कनेक्ट हो तो किसी भी तरीके के ऑनलाइन खरीद से बचे ताकि खुद को ऑनलाइन ठगी से बचा सके। साथ ही लोगो को यह भी बताया गया कि जब भी किसी बैंक से डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड प्राप्त करें तो यह सुनिश्चित कर लें कि मेलर पूरी तरिके से सील की हुई कि स्थिति में हैं और उसे कोई नुकसान नही हुआ है, जब भी आपको बैंक से कार्ड मिले तो कार्ड पर तुरंत हस्ताक्षर करे ताकि किसी भी तरीके के ठगी या नुकसान की संभावना से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सके। इस अभियान में मनोरंजन तिवारी, अविनाश कुमार, संग्राम सिंह और सतीश शर्मा आदी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।

### मुखिया बनी रीना देवी



**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के पगार खूर्द पंचायत के मुखिया बनी रीना देवी। रीना देवी को कुल1407मत प्राप्त हुए जबकि संजू देवी को 1125 मत प्राप्त हुए। कुल 282 मतों से विजयी हुई। उन्होंने पूरे पगार खुर्द पंचायत के सभी देवतुल्य जनता जनार्धन को सादर प्रणाम आप सभी के आशीर्वाद से आज मुखिया पद पर प्रचंड बहुमत से विजयी हुई हू। रीना देवी के पति युवा समाजसेवी रिंकू सिंह नेढेर सारा प्यार समर्थन आशीर्वाद देने के लिए सभी को तहे दिल से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। भारी बहुमत से चुनाव जीतने पर शंकर सिंह नर्वदेश्वर सिंह अनंत सिंह सौरभ सिंह संदीप सिंह धीरेंद्र सिंह बलराम सोनू पिंटूमलिक सिंह बनारस सिंह राजेंद्र सिंह रूद्र प्रताप सिंह रोशनएवं सैकड़ों लोगों ने बधाई दिए।

## निर्वाचित मुखिया रंभा देवी व समर्थकों ने लगाया साजिश व भेदभाव का आरोप

### विश्रामपुर के पंजरी कला निर्वाचित मुखिया को सर्टिफिकेट के लिए पांच घंटे तक करना पड़ा मशक्कत

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत से नव निर्वाचित मुखिया रंभा मिश्रा को सर्टिफिकेट के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। पांच घंटे तक मतगणना स्थल पर दो प्रत्याशियों के बीच कुछ मत का अंतर बता कर विवाद में उलझाए रखा गया। दोनों प्रत्याशी आपस में नोकझोंक भी करते रहे। साथ हीं जिला प्रशासन से भी निष्पक्ष मतगणना कराने की मांग करते रहे। अंततः रंभा मिश्रा एक मत से चुनाव जीत गई व देर रात सर्टिफिकेट भी प्राप्त की।

जानकारी के अनुसार विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत से मुखिया पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में थे। बुधवार को मतगणना के क्रम में रंभा मिश्रा व लिलावती सिंह दोनों काफी कम अंतर से आगे बढ़ते रहे। अंततः रंभा देवी 13 मत से चुनाव जीत गई। लेकिन लिलावती सिंह व उनके समर्थक इसे मानने को तैयार नहीं। बार -बार रिकाउंटिंग की मांग कर रहे थे। रंभा मिश्रा के पति प्रवीण मिश्रा व उनके समर्थक ने बताया कि शुरूआती क्रम से हीं नाटकीय खेल खेले जाने लगे थे। ऐसा लग रहा था जैसे दुसरे प्रत्याशी के द्वारा प्री प्लान कोई साजिश रची जा रही हो। बताया कि पहले राउंड में रंभा मिश्रा 13 वोट से चुनाव जीत गई थी। लेकिन हार रहे प्रत्याशी को यह पसंद नहीं आया। उन्होंने अपनी पहुंच और पैसे के बल पर हंगामा करते हुए रिकाउंटिंग कराने के लिए दबाव बनाए हुए थे। रिकाउंटिंग में प्रवीण मिश्रा और प्रतिद्वंदी दोनों को बराबर मत दिखाया गया। ऐसे में लगा जैसे फिर एक साजिश हो रही हो। घटना की जानकारी मिलते हीं रंभा मिश्रा व प्रवीण मिश्रा के समर्थक मतगणना स्थल पर पहुंचे। जहां से जिला के वरीय अधिकारियों से इस संबंध में बात किया। साथ हीं सार्थक जबाब मिला।

इधर दूसरे पक्ष हार स्वीकार करने को तैयार नहीं। थोड़ी हंगामा हुई इसके बाद विश्रामपुर के आरओ परवेज आलम के द्वारा यह बताया गया कि आप एक मत से जीत गए। फिर भी वे सर्टिफिकेट देने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि ऑब्जर्वर अभी नहीं है अगले दिन 9:00 बजे सुबह आए। प्रवीण ने कहा ऐसे में लगा जैसे फिर एक प्लान वे में साजिश की जा रही हो। इसके बाद पलामू परशुराम सेना आगे बढ़कर हर संभव सहयोग किया। मतगणना स्थल से अपने डेरा के लिए निकल चुके परवेज आलम और विश्रामपुर बीडीओ रास्ते से लौटकर पहुंचे।

इस कार्य में पलामू कमिश्नर जटाशंकर चौधरी, उपायुक्त शशि रंजन और उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज का अहम योगदान रहा। इनसे सारी बात बताने पर ऑब्जर्वर भेजने की बातें कही गई। फिर सभी पदाधिकारी वापस लौट कर रंभा देवी को सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस कार्य के लिए सभी का योगदान सराहनीय है। नहीं तो यह सीट भी चली गई थी।

## ब्रीफ न्यूज

### उत्पाद विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र एवं एनएच 98 के किनारे संचालित लाइन होटलों में बुधवार की रात में शराब को लेकर छापामारी की गई। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुप्रभात दत्ता एवं हरिहरगंज पुलिस टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। सुप्रभात दत्ता ने गुरुवार को बताया कि एक दर्जन लाइन होटलों में छापामारी की गई है। साथ ही होटल संचालकों को शराब नहीं रखने एवं लोगों को शराब नहीं पीने देने की हिदायत दिया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज शहर बिहार बॉर्डर से सटा हुआ है। जिसको लेकर हरिहरगंज थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### जन्मदिन मनाया समृद्धि की पाठशाला में

**मेदिनीनगर पलामू।** आरती श्रीवास्तव भागलपुर (बिहार) की रहनेवाली जिनका बेटा-बहू कैलिफोर्निया में चार्टर्ड अकाउंटेंट है और वह हमेशा वहां जाती रहती हैं। अभी भी वहीं है। मेरी बचपन की सहेली है। फेसबुक पर मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित सभी कार्य को देखकर प्रभावित भी रहती है। शारीरिक रूप से वे भले ही उपस्थित न हो मन से हमेशा हर काम में सहयोग भी करती है। उसने अपने पोते अहरान शरण का जन्मदिन निः शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में मनाना श्रेयस्कर समझा और मनवाया भी। छोटे -छोटे बच्चों ने मिलकर केक काटा और मनोरंजन भी किया जिसमें संस्था की सदस्य वन्दना श्रीवास्तव का सहयोग रहा।यह सच है कि अहरान का जन्मदिन कैलिफोर्निया में भी मना होगा लेकिन दादी ने पाठशाला के बच्चों के बीच जो खुशियों का अवसर दिया और समाज में उदाहरण प्रस्तुत किया इसके लिए हम सब उनके आभारी हैं।अक्सर ऐसा अवसर देने वाले व्यक्तियों का हम स्वागत करते ही रहते हैं।अहरान को हम सबों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।प्रो सरिता कुमारी अहिल्या गिरी बैजन्ती गुप्ता वीणा गुप्ता प्रेम प्रकाश जी डॉ देव प्रकाश गिरी ऋषि कुमार सबों का सराहनीय योगदान हमेशा की तरह मिलता है।

### रीना तिवारी ने निकाला विजय जुलूस

**मेदिनीनगर पलामू।** जुलूस मे जोड़ खनवां के सैकड़ो समर्थक एक दूसरे को गुलाल अबीर लगा कर खुशी का इजहार करते देखे गए पंचायत समिति रीना तिवारी ने अपने जीत के लिए पूरे पंचायत के जनता का आभार व्यक्त किया है श्रीमती तिवारी ने कहा की ये जीत का जो सेहरा मेरे सर पे जनता ने बांधा है जो विशवास मेरे ऊपर कर के जो जिम्मेवारी दी है उसे ब खूबी निभाउँगी जुलूस काफिला मे उनके समर्थक उमेश तिवारी-विक्रमा तिवारी-विनोद तिवारी मनीष तिवारी रवि तिवारी गंगेशवर सिंह संजय सिंह मौजूद रहे पंचायत समिति रीना तिवारी के पति अजय तिवारी ने धन्यवाद यात्रा मे शामिल हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

### चुनाव को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

**विश्रामपुर पलामू।** बीमोड़ स्थित शाहिद स्मारक भवन में कांग्रेस के नगर व प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू व संचालन कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने किया। बैठक में संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा हुई। प्रखंड अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष के चुनाव के प्रक्रिया के बारे में बताया गया। नामांकन पत्र भी अभियर्थियों को दिया गया। बैठक में बतौर अतिथि बीआरओ पप्पू पासवान व मुकेश कुमार सिंह मौजूद थे। इसके अलावा बैठक में नगेंद्र चौबे,गोपाल चौधरी,कपिलदेव शुक्ला,शैलेंद्र चौबे,धर्मेंद्र राम,जितेंद्र पांडेय,भरत यादव,सुनील मिश्रा,नेपाली चौधरी,अली नवाज,नेजाम अंसारी,अजय ठाकुर,अगस्त पांडेय,खुर्शीद आलम,लाला पांडेय,भरत दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### मुकेश ने जेपीएससी में सफलता हासिल की

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के ब्लॉक समीप निवासी मुकेश कुमार ने सातवीं जेपीएससी में सफलता हासिल की है। वे सहायक नगर आयुक्त (असिस्टेंट म्युनिसिपल कमिश्नर) के पद पर अंतिम रूप से चयनित हुए हैं। उन्होंने अपने प्रखंड सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुकेश कुमार के माता उर्मिला देवी हरिहरगंज ब्लॉक में ग्राम सेविका के पद पर कार्यरत हैं। जबकि पिता रामप्रवेश चौधरी पीडीएस दुकानदार है। मुकेश की प्रारंभिक पढ़ाई हरिहरगंज में हुयी। मैट्रिक की पढ़ाई सीता हाई स्कूल में हुआ। जबकि इंटर व स्नातक की पढ़ाई रांची के मारवाड़ी कॉलेज में पूरी करने के बाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में बीएड किया। वही पीजी की पढ़ाई चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ से की है। वर्तमान में मुकेश कुमार पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) के पद पर धनवानी प्लस टू हाई स्कूल पीपरा बरदाग में कार्यरत है। उनकी सफलता पर परिजनों सहित इष्ट मित्रों ने बधाई दी है। वही युवा पीढ़ियों को संदेश देते हुए कहा कि लगातार कड़ी मेहनत व निष्ठा पूर्वक किया गया प्रयास हमेशा सफलता दिलाता है। बशर्ते समस्याओं को कभी बोझ ना माने।

### जल्द समाधान करे विश्वविद्यालय

**मेदिनीनगर पलामू।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर छात्रों को हो रही समस्याओं के समाधान करने का आग्रह किया। कुछ विद्यार्थियों को स्नातक सेमेस्टर 3 परीक्षा फॉर्म भरने के क्रम में परीक्षा शुल्क जमा में समस्या आ रही थी, जिसकी वजह से उन्हें फॉर्म भरने में दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद परीक्षा नियंत्रक ने कल पुणः बुलाकर एनसीसीएफ के कर्मचारियों के द्वारा समाधान करवाने की बात कही। दूसरी समस्या जे.एस कॉलेज के कुछ विद्यार्थियों की थी। उनकी बैकलॉग सेमेस्टर 3 एवं 4 सत्र (18-21) की आंतरिक परीक्षा नहीं ली गई है और सेमेस्टर 5 के फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है, इस वजह से वहां के विद्यार्थी परेशान थे। महाविद्यालय के द्वारा कहा गया कि विश्वविद्यालय के द्वारा हमें डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से यह दिक्कत हो रही है जिसके बाद वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर इसका निवारण करने का अनुरोध किया। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि ऐसा नहीं है, यह मामला कॉलेज का है। जिसके बाद छात्र नेता श्रवण सिंह ने उन सभी विद्यार्थियों के संबंधित शिक्षकों से बात कर उनकी समस्या का हल निकाला। मौके पर वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के निशांत दुबे, विक्की, विकेश, ऋषभ सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### शैलेश बने चपरी पंचायत के मुखिया

**भवनाथपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में हुए चुनाव में सभी नौ पंचायत के मुखिया हार गए। भवनाथपुर के नौ पंचायतो में नए मुखिया प्रत्यासी ने जीत दर्ज किया। बनसानी पंचायत में मुखिया पद के लिए ईलाईची देवी ने जीत दर्ज की। ईलाईची देवी को कुल 1442 वोट मिले। मकरी पंचायत से मुखिया पद के लिए सरिता देवी जीत दर्ज की। सरिता देवी को 2225 वोट मिले। चपरी पंचायत से शैलेश चैबे ने जीत दर्ज किया। शैलेश चैबे को 804 वोट मिले। पंडरिया पंचायत से मुखिया पद के लिए गायत्री देवी जीत दर्ज की। गायत्री देवी को 1036 वोट मिले। सिंदुरिया पंचायत से मुखिया पद से नन्दलाल पाठक ने जीत दर्ज किया। नन्दलाल पाठक को 544 वोट मिले। अरसली दक्षिणी पंचायत मुखिया पद के लिए सरिता देवी जीत दर्ज की। अनिता देवी को 943 वोट मिले। अरसली उत्तरी पंचायत से इसरत जहां ने जीत दर्ज की। इसरत जहां को 1365 वोट मिले। कैलान पंचायत से सुकनी देवी ने जीत दर्ज की। सुकनी देवी को 997 वोट मिले। भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य से रंजनी शर्मा विजयी हुई। रंजनी शर्मा को 10274 वोट मिले।

# अवैध बालू के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

## बालू के अवैध परिवहन करते पकड़े गए 12 ट्रैक्टर जप्त

नवप्रदेश संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा) :** उपायुक्त आदित्य कुमार रंजन के निर्देश पर अवैध तरीके से उत्खनन एवं परिवहन कर रहे बालू के रोकथाम के लिए गुरुवार को अंचलाधिकारी ओम प्रकाश बडाइक एवं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अवैध बालू के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान प्रखंड के डंडाडीह एवं थाना गेट के सामने अवैध बालू परिवहन करते हुए 12 ट्रैक्टर पकड़े गए। बताते चलें कि इन दिनों जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों पर प्रत्येक दिन सुबह होते ही अवैध बालू का उत्खनन एवं परिवहन काफी जोरों शोरों प्रारंभ हो जाता है। मालूम हो कि प्रखंड के बेलाडीह, दुमदुमा, दशारो, खरपोका, बेरोगाई, तिलोकरी, योगियाटिल्ह सहित प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों पर प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को देखा जाता है। मालूम हो कि इन दिनों बालू घाटों पर अवैध तरीके से परिवहन एवं उत्खनन बालू का कारोबार इतना तेजी से फल-फूल रहा है कि बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं। वही अंचलाधिकारी ओम प्रकाश बडाइक ने बताया कि आगे भी इसी तरह से अवैध बालू के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध बालू के खिलाफ ट्रैक्टर के मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध तरीके से परिवार एवं उत्खनन कर रहे हैं बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया जाएगा और चालक एवं ट्रैक्टर के मालिकों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अंचलाधिकारी ओम प्रकाश बडाइक थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित कई पुलिस के पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

# 30 लीटर अवैध महुआ शराब किया जब्त, तस्कर फरार

नवप्रदेश संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा) :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर पंचायत जाने वाली सड़क स्थित कब्रिस्तान के समीप मोटरसाइकिल से ले जा रहे महुआ शराब को नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को मोटरसाइकिल समेत महुआ शराब को जब्त कर थाना लाए। थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब चुलाई व सप्लाई की खेप एक आम बात बन चुकी है। शराब की सप्लाई करने वाले तस्कर जिम्मेदारों के ऑखों मे धुल झोंक कर या युं कहें पुलिस की गस्ती 24 घंटा होती रहती है। इसके बावजूद सुबह शाम नवलशाही से देवीपुर जानेवाली के रास्ते होते हुवे मोटरसाइकिल से शराब गैलन को बोरे मे भर नवलशाही थाना क्षेत्र व मरकच्चो थाना क्षेत्र के कई गांव कसबे मे बडी असानी से सप्लाई कर शराब तस्कर सहित इस धंधे मे संलिप्त लोग मालामाल हो रहे हैं। हालांकि पुलिस ऐसे धंधे बाजों पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलते रहते हैं कभी कभार पकड कर हलके कार्रवाई करने से तस्कर के हौसले बुलंद है ठीक इसी रास्ते से गुरुवार को अहले सुबह छह बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर देवीपुर कब्रिस्तान स्थित से मोटरसाइकिल जेएच 12के 2582 होण्डा साइन तथा 30 लीटर अवैध महुआ शराब को पुलिस ने जब्त कर थाना ले गए,वही पुलिस की आने की भनक से शराब ले जा रहे तस्कर उक्त स्थल पर मोटसाइकिल व शराब छोड कर भाग निकला। वही छापेमारी में थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एएसआई उमेश प्रसाद एवं पुलिस शस्त्र बल मौजूद थे।

# राज्यपाल द्वारा यूनिवर्सिटी टॉपर इरफान को सम्मानित किए जाने पर दी बधाई

**लोहरदगा :** झारखंड नेटबॉल संघ के महासचिव राजेंद्र प्रसाद ने एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के छात्र मो० इरफान को बधाई देते हुए उसके सुनहले भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के छात्र मो० इरफान को सत्र 2018-20 में पीजी जूलोजी में यूनिवर्सिटी टॉपर होने पर स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के छठे दीक्षांत समारोह में मिला।उल्लेखनीय है कि इरफान दुमका जिले के नोनीहाट स्थित बेल्टिकरी गांव निवासी मो० महफूज के पुत्र हैं। राजेंद्र प्रसाद जी ने बताया कि इरफान जी के पिता का सपना था कि वह इस मुकाम को हासिल करे, जिस पर इरफान खरा उतरा है। इरफान ने न सिर्फ अपने पिता और परिजनों के सपने को साकार किया, बल्कि जिला समेत पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। झारखंड नेट बॉल के महासचिव श्री प्रसाद ने कहा कि धन्य हैं इरफान के माता-पिता, परिजन व संस्कार के साथ शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षाविद।

### दीदीयों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

**मरकच्चो (कोडरमा) :** प्रखण्ड के तेलोडीह पंचायत स्थित विचरिया तिलैया विद्यालय में गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा मरकच्चो के द्वारा कैम्प कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।कैम्प में अगल बगल के स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे। कैम्प में पदाधिकारियों के द्वारा स्वयं सहायता समूह के उपस्थित सदस्यों को सरकार के द्वारा दी जाने वाली अटल पेंशन योजना,प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना समेत कई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।साथ ही साथ स्वयं सहायता समूह के बैंक द्वारा वित्तीय लेन देन की भी जानकारी दी गयी। इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया शाखा मरकच्चो के शाखा प्रबंधक सन्तोष कुमार आनन्द,एस के वी के जयनगर कौशलेंद्र कुमार, बी पी एम मरकच्चो नीतीश कुमार समेत बैंक सखी मरकच्चो उपस्थित थी।

### युवक की हदहदा में नहाने गए की डूबने से मौत

**सतगावां (कोडरमा) :** प्रखंड के सुदुरवर्ती पंचायत के राजावर में कोलकाता से आये युवक राजेश कुमार प्रसाद के हदहदा में डूबने से मौत हो गई बताया जाता है कि राजेश कुमार प्रसाद अपने दोस्त फैयाज के साथ कोलकाता से राजावर कौशर अलि पिता स्व अलिजान मियां के घर शादी? में शामिल होने आया था। शादी खत्म होने के बाद वो कुछ दोस्त के साथ चार लड़के राजेश कुमार,मो यादिल ,मो आरिफ और मो फैयाज के साथ में वो हदहदा घूमने के लिए गया।उसी बीच वो? वहां नहाने लगा नहाने के? क्रम वो ज्यादा पानी में चला? गया और जिससे वो डुब गया ।वहां पर साथ में गये लड़के ने हल्ला किया जब तक लोग वहां जाकर निकाल गया तब तक राजेश कुमार प्रसाद की मौत हो गई। वही सतगावां पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा भेज दिया है।

### निजुवीडू सिड्स ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म से 8 हाइब्रिड धान का विधिवत उद्घाटन

**डोमचांच (कोडरमा) :** नगर क्षेत्र अंतर्गत जयनगर रोड स्थित गणेश खाद भंडार डोमचांच में दिन गुरुवार को निजु वीडू सिड्स का ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म से 8 हाइब्रिड धान का विधिवत उद्घाटन एमडी एम प्रभाकर राव द्वारा दिन गुरूवार को किया गया। वहीं रीजनल मैनेजर धीरेंद्र कुमार सिंह व गणेश खाद भंडार के प्रोपराइटर दिलीप कुमार एवं नंदलाल कुमार द्वारा संयुक्त रुप से केक काटकर लॉन्चिंग किया गया। रीजनल मैनेजर ने धान की उत्तम क्वालिटी के बारे में बताया की इस धान में एक्स बीएलबी रोग नहीं लगेगा जिससे किसान ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा काल अवधि 130 से 135 दिन का है।

# बैबुल अंसारी दोबारा बने सिसई प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष

**सिसई :** सिसई प्रखंड कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष पद् चुनाव को लेकर टाना भगत भवन में गुरुवार को बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें पार्टी के बी०आर ०ओ नमिता बा और रंधीर रंजन उपस्थित थे।काफी गहमा गहमी के बीच दोबारा बैबुल अंसारी को सिसई कांग्रेस प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष के रूप में चयन किया। जिसका प्रस्तावक के रूप में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी और समर्थक में बेलस तिर्की रहे इस बीच रंधीर रंजन ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी जब से पार्टी मे जुडे हैं संगठन के लिए लगातार ईमानदारी पूर्वक कार्य करते आ रहे हैं साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते रहे हैं।

आप सभी पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी बैबुल जी के नेतृत्व मे प्रखंड स्तर पर पार्टी को ओर भी मजबूत करने का काम करे।ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन मे जोड़ें।साथ ही बूथ स्तरीय पर कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया। मौके पर रजब अंसारी, गंगा उरांव, लालमोहन साहू, सफीक अंसारी, रामानंद सिंह, जीता भगत, नीलेश उरांव, मनीष तिर्की, करीम अंसारी, बनबिहारी भगत, कैप्टन लोहरा उरांव, रामधारी सिंह, प्रेमचंद लकड़ा,सहित सभी पंचायत अध्यक्ष प्रखंड के पदाधिकारि उपस्थित रह।

### दामोदर महोत्सव के आयोजन में सहयोग की मांग

**लोहरदगा :** देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा आगामी नो जून को होना निर्धारित है। कार्यक्रम सह मेला के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को ओम प्रकाश सिंह ,बाल कृष्णा सिंह, अजय पंकज द्वारा जिले के उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त से आग्रह किया की मेला में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए कटात से चूल्हा पानी जाने वाले सड़क की मरम्मती, चूल्हा पानी एवं कटात गांव में महीनों से बंद बिजली आपूर्ति चालू कराने, मेला के दिन खम्हार बहेरा मांडर मोड़ पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने एवं चूल्हा पानी दामोदर नदी के उद्गम स्थल की सफाई कराने कि जिला प्रशासन के द्वारा व्यवस्था की जाए जिससे कि मेला का सफल आयोजन निर्बाध रूप से किया जा सके।

# केंद्र की भाजपा सरकार के आठ साल गरीब कल्याण की यात्रा जारी : चंद्रवंशी

नवप्रदेश संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिला भारतीय जनता पार्टी के झुमरीतिलैया स्थित सांसद कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस किया गया। संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 8 साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की यात्रा जारी है। पहले देश में एक सामान्य सोच थी कि इस देश का कुछ भी नहीं हो सकता। अब आम जनमानस में यह धारणा बनी है कि मोदी है तो मुमकिन है। 8 साल की यह यात्रा देश की सोच को बदलने की यात्रा है। पहले सरकार जनता से कहती थी। हुआ तो हुआ। अब जनता कह रही है - जो कभी नहीं हुआ वो मोदी के शासन काल में हुआ। 8 वर्षों की यह यात्रा जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के दंश से ग्रसित देश की राजनीति पर सर्व- स्पर्शी एवं सर्व-समावेशी विकासवाद की जीत की अविरल यात्रा है। यह गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं एवं समाज में हाशिये पर खड़े हर व्यक्ति के सशक्तिकरण एवं उनके जीवन में उत्थान लाने की यात्रा है। इन आठ वर्षों में देश ने दिखाया है कि कठिन से कठिन चुनौतियों से पार पाते हुए भी सफलता के नए आयाम स्थापित किये जा सकते हैं।

झारखंड सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इसे राज्य के विकास से कोई लेना देना नहीं है। लूट की यह सरकार झारखंड को खोखला कर रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है की जिला परिषद का अध्यक्ष भाजपा परिवार का ही बनेगा आज के प्रेस कांफ्रेंस में जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री अनूप जोशी, जिला मिडिया प्रभारी चन्द्र शेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सोसल मिडिया प्रभारी आकाश वर्मा,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरज प्रताप मेहता, झुमरीतिलैया नगर संयोजक राजेश सिन्हा, नगर महामंत्री संजय शर्मा, नवीन चौधरी, नगर उपाध्यक्ष इन्द्रदेव मोदी,नगर मंत्री अविनाश चन्द्रवंशी राजेश वर्मा, सुमित चन्द्रवंशी, सोनु चन्द्रवंशी , उपस्थित हुये।

### गुटखा सिगरेट व खैनी को लेकर किया गया छापेमारी

**सतगावां (कोडरमा) :** प्रखंड के बासोडीह बाजार में गुटखा खैनी सिगरेट को लेकर सतगावां प्रखंड विकास पदाधिकारी बैजनाथ उरांव, सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य एम ओ अर्जुन कुमार के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। वही लगभग पांच दुकानों में छापेमारी किया गया। वही छापेमारी के दौरान पकड़े गये दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया गया। साथ ही साथ सभी दुकानों दारो को सख्त चेतावनी दी गई।की आगे से नशीले पदार्थ गुटखा सिगरेट खैनी मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वही सभी जप्त गुटखा सिगरेट खैनी को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

### जिप सदस्य ने किया इंडियन डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन

**झूमरी तिलैया (कोडरमा) :** नगर क्षेत्र सी एच स्कूल रोड में इंडियन डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन किया गया। बता दें कि जिला परिषद सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव द्वारा विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया गया। बता दे इस एकेडमी में अभ्यर्थियों को दूरदराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी इस सस्थान में एयर फोर्स, झारखंड पुलिस, बिहार पुलिस, एसएससी, इंडियन आर्मी सहित फिजिकल रिटर्न के साथ अन्य ट्रेनिंग दी जाएगी। मौके पर महेंद्र यादव, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार, नौशाद आलम, शिक्षक सुभाष यादव, सूरज यादव, सोनू कुमार, के साथ सैकड़ों लोग मौजुद थे।

# कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने का लिया गया संकल्प

नवप्रदेश संवाददाता

**गुमला :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार देश के सभी प्रदेश में 1 व 2 जून को प्रदेश स्तर पर शीर्ष नेतृत्व का नवसंकल्प कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश प्राप्त था जिसमे झारखंड प्रदेश कांग्रेस के द्वारा मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड के शीर्ष नेता मंत्री विधायक, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित सभी जिला से महत्वपूर्ण कांग्रेस नेताओं का चयन किया गया जिसमें गुमला जिला कांग्रेस से चार सदस्यों ने भागीदारी सुनिश्चित की जिसमे जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोशन बरवा,वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार भगत आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश नेता चैतू उराँव शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य बिषय पर प्रकाश डालते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अभिनाश पांडेय ने कहा कि कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम की कोख से जन्मी पार्टी है संघर्ष, त्याग, बलिदान की बुनियाद पर खड़ी है न्याय, त्याग, बलिदान व संघर्ष की परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए आजादी के 70 सालों बाद भी एकता,अखंडता, प्रगति व उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया देश को अनगिनत चुनौतियों के बावजूद सैकड़ों रियासतों व सामन्तवादीयों से मुक्त कर एक सूत्र में बांधने का काम किया और भारत को देश दुनिया मे मजबूत व सशक्त राष्ट्र के रूप में पेश किया आज वर्तमान सरकार द्वारा फर्जी राष्ट्रवाद के नाम पर देश को बांटने व धार्मिक अंशाति का माहौल लाने का काम कर रहा है देश आज इनकी गलत नीतियों से महंगाई व बेरोजगारी चरमसीमा पर है कांग्रेस के कार्यकताओं से आग्रह है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों को लोगो को बताने का काम करें। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस का नव संकल्प चिंतन शिविर जयपुर के उदयपुर में पिछले दिनों आयोजित किया गया जिसमें देश के छ महत्वपूर्ण बिषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया जिसमें संगठन, राजनैतिक समूह,आर्थिक समूह, किसान खेत मजदूर समूह, सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण समूह व युवा समूह पर चर्चा हुई और नई संकल्प, नई ऊर्जा,व नई जोश के साथ सभी कांग्रेसियों द्वारा युद्धस्तर पर कार्य करते हुए तीन महीनों के अंदर देश के सभी बूथों तक संगठन को सशक्त व धारदार बनाने की दिशा में कार्य किये जायेंगे जिसके लिए झारखंड प्रदेश स्तर से वरिष्ठ नेताओं को जिला/प्रखंड की जिम्मेवारी तय किया गया है सभी को कार्य का आवंटन व निगरानी हेतु प्रदेश पर कंट्रोल रूम बनाया जायेगा कार्यकताओं की कुशलता हेतु सभी जिलों में ट्रेनिंग का कार्यक्रम आयोजीत किया जायेगा योग्य व कर्मठ कार्यकताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया जायेगा पचास साल से नीचे के लोगो को संगठन की जिम्मेदारी दिया जायेगा।

गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोशन बरवा ने मीडिया को बताया कि सभी जिला में 11 से 14 जून के बीच नवसंकल्प शिविर का आयोजन करना है और आगामी अगस्त महिना में 9 से 14 अगस्त के बीच 75 किलोमीटर की पदयात्रा करना है जो कि गौरव यात्रा होगा जिसमें भाजपा की विफलता महंगाई, बेरोजगारी, जैसे मुद्दों को आम जनता के बीच नुक्कड़ नाटक व पपम्लेट बनाकर जनता के समक्ष रखने का काम करेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गुमला उपायुक्त ने गुरुकुल कल्याण एकेडमी सीलम का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**गुमला :** गुमला उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान गुरुकुल कल्याण एकेडमी में मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने गुरुकुल कल्याण एकेडमी में सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एकेडमी परिसर में 30 सोलर लाइट यथाशीघ्र लगाने का निर्देश दिया। मौके पर आवासीय छात्रावास के छात्रों ने छात्रावास परिसर में पीसीसी बाउंड्री वॉल एवं शेड निर्माण कराने की मांग की जिस पर उपायुक्त गुमला ने रूरल वर्क डिवीजन डिपार्टमेंट गुमला को प्रस्ताव तैयार कर देने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय द्वारा रूरल सेंट्रल एंटरप्रेन्योर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सिलम का भी भ्रमण किया गया एवं वहाँ दी जाने वाली ट्रेनिंग एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त गुमला ने एलडीएम गुमला को विस्तृत एनुअल एक्शन प्लान अविलंब तैयार करने का निर्देश दिया साथ ही प्रशिक्षण केंद्र के बारे में जागरूकता फैलाने तथा व्यापक प्रचार प्रसार कर हर पंचायत और हर ग्राम से लोगों को जोड़ने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, एलडीएम गुमला, जिला नियोजन पदाधिकारी जिला कौशल विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### वाहन जांच अभियान चलाया गया

**गुमला :** जिला परिवहन पदाधिकारी, गुमला विजय सिंह बिरूवा एवं सड़क सुरक्षा के टीम के द्वारा करमडीपा के समीप सभी प्रकार के वाहनो जैसे पिकअप, बस, जेसीबी, ट्रक, ट्रैक्टर वाहनों से संबंधित त्रुटियों को जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट, रोड टैक्स, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुमार्ना वसूला गया। जाँच की इस प्रक्रिया मे दण्ड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 08 वाहनों से 30,000 रुपये की दंड राशि वसूला गया एवं 01 वाहन को जप्त किया गया।

### 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा :** घाघरा थाना क्षेत्र के बेती सूगी टोली निवासी जितेंद्र उरांव लगभग 26 वर्ष ने गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे घर के छप्पर में लगे लकड़ी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस संबंध में मृतक के पिता विश्राम उरांव एवं ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र उराव की दिमागी हालत ठीक नहीं थी गुरुवार को दिन में जितेंद्र उरांव ने घर के छप्पर में लगे कंडी के सहारे रस्सी से फांसी लगा ली। जिससे घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच शव अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दिहाड्डी मजदूरी का काम करने वाला जीतेंद्र उरांव दिमागी हालत ठीक नहीं रहने के कारण रह रह कर एका एक अजीबोगरीब हरकत करने लगता था। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पशुधन स्टॉक सेंटर का उद्घाटन

**घाघरा :** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के घुट्टी ग्राम में प्रदान के सहयोग से बने पशुधन स्टॉक सेंटर का उद्घाटन पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आभा एवं रुकी पंचायत के मुखिया भीम उराँव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पशुधन स्टॉक सेंटर बनाने का मुख्य उद्देश्य दूर दराज के गरीब किसानों को बकरी पालन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना एवं पशु को उचित मूल्य में बेच पाने में मदद करना है। इसके संचालन की जिम्मेदारी घाघरा वुमन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (घाघरा ऋढड) को सौंपी गयी है। मौके पर डॉ आभा ने कहा कि यह स्टॉक सेंटर लोगो के हित मे है जिससे घाघरा प्रखंड में बकरी पालन को लोग एक आजीविका के रूप में देख पाएंगे। मुखिया भीम उरांव ने लोगो को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में सभी किसानों को सेंटर से जोड़ा जाएगा और किसानों को हर संभव मदद की जाएगी। मौके पर प्रदान के जितेंद्र, अभय, सोनल, संतोषी, चंचल, नंदलाल, शिवनाथ एवं महिला विकास मंडल घाघरा से अभिनंदन, अमित, वुमन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की डायरेक्टर कुंती देवी सहित ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर बैठक

**घाघरा :** घाघरा प्रखंड कांग्रेस की बैठक चांदनी चौक स्थित बैंक्वेट हॉल में संगठन विस्तार को लेकर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बीआरओ रणधीर रंजन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन चुनाव में पंचायत एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं से राय मसवारा लेने के उपरांत ही प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव करती है। कांग्रेस पार्टी सभी समुदाय को लेकर चलती है एवं अनुशासन का पालन करती है। प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि स्थानीय स्तर पर न सांसद हैं न विधायक है इसके वावजूद पार्टी मजबूत स्थिति में है। श्री पांडेय ने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि यदि कार्यकर्ता अध्यक्ष बनना चाहते हैं तो नाम दे सकते हैं । बैठक में महेश ऑगस्टिन कुजूर, कृष्णा कुमार लोहरा, परमेश्वर साय, रामेश्वर दुबे, कीनू लोहरा, पवन केवट, संजेश उरांव, इलाही राय, संजय उरांव, लक्ष्मण उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पांच महिला थानों में महिला हेल्प डेस्क का गठन

**लोहरदगा :** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के लिए जिले के पांच महिला थाना में महिला हेल्प डेस्क का गठन किया है। इनमें भंडरा थाना, कैरो थाना, कुडू थाना एवं सेन्हा थाना शामिल हैं। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को स्कूटी एवं टैब आवंटित किए गए। मौके पर एसपी आर रामकुमार ने कहा कि प्रताड़ित एवं पीड़ित महिला थाना पहुंच कर महिला हेल्प डेस्क में शिकायत दर्ज करा सकती है। उन्होंने कहा कि महिला की हर शिकायत पर कार्रवाई होनी चाहिए। किसी महिला को मदद की जरूरत है तो उसे मदद भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क जागरुकता भी फैलाने का काम करेगी। जिन क्षेत्रों में महिला हिंसा से संबंधित मामले ज्यादा आते हैं वहां पहुंचकर प्रचार-प्रसार करने का काम भी किया जाएगा। लोगों को महिला हिंसा से संबंधित कानून की जानकारी दी जाएगी।

### सड़क किनारे पेड़ दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित

**लोहरदगा :** जिले में सड़कों के किनारे सूखे हुए पेड़ की टहनियां दुर्घटना को आमंत्रण दे रही हैं। मामले को लेकर सामाजिक विचार मंच के संयोजक कमलजीत सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि वन विभाग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और सूखे हुए टहनियाँ और पेड़ को कटवाने का कार्य शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी बरसात का मौसम शुरू हो रहा है ऐसे में तेज आंधियां भी चलती है और सड़कों पर आम जनमानस का आवागमन भी होता है। ऐसे में अगर टहनियां टूट कर सड़कों पर गिरती है तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है। सामाजिक विचार मंच विद्युत विभाग से यह मांग करती है की बारिश शुरू होने से पहले सड़क किनारे लगे पेड़ों की टहनियां जो तार को छूने जैसी है और दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। जैसे कचहरी रोड, रहमत नगर मोड़ के पास एक बड़ा पेड़ जिस दिन गिरेगा उस दिन बड़ी घटना वहां होने की संभावना है।

### पॉलिटेक्निक की छात्रा का टाटा स्टील लिमिटेड में चयन

**गुमला :** गुमला पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग की अंतिम वर्ष की छात्रा हीना सचदेवा,पिता-स्व० अमरजीत सिहं, माता-वीना सचदेवा, का टाटा स्टील लिमिटेड में चयन हुआ है जो सराहनीय है। छात्रा को अंतिम परीक्षा, साक्षात्कार एवं मेडिकल फिटनेस टेस्ट के पश्चात टाटा स्टील में पदस्थापन हेतु कंपनी ने बधाई ईमेल भेजा है` हीना सचदेवा ने अपनी देश स्तर की नौकरी से संस्थान को गौरवान्वित किया है जिसके लिए संस्थान के निदेशक श्री अभिजित कुमार, शाशी निकाय की सदस्या श्रीमति रेणुका यशस्वी, प्राचार्य डॉ शीब नारायण साहू एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत कुमार शुक्ल सहित सभी विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने बधाई दिया है। संस्थान के अंतिम वर्ष के छात्रों की फाइनल परीक्षा 13 जून से प्रस्तावित है जिसे देखते हुए अन्य कंपनियों से परीक्षा उपरांत ही प्लेसमेंट हेतु आने की बात की गई है` छात्रों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छी प्लेसमेंट देना संस्थान अपना दायित्व समझता है तथा इस हेतु हर संभव प्रयासरत्त है और बहुत जल्द संस्थान का यह प्रयास रंग लायेगा। फिलहाल सभी छात्रों से आगामी 13 जून से शुरू होने वाली परीक्षा पर फोकस करने की सलाह दी जाती है। हीना सचदेवा-कॉलेज में मेरी यात्रा ने मेरे जीवन को कई तरह से समृद्ध किया है। इसने मुझे अपने कौशल को और अधिक बढ़ाने के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान प्रदान किया है।

# 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल के कोक ओवन विभाग में बीएसएल के तत्वाधान में क्यूसीएफआई, बोकारो चैप्टर द्वारा आयोजित किये गए 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं बीपीपी) राकेश कुमार, महाप्रबंधक (ईआरएस) बीके राय, महाप्रबंधक (सीओ एवं बीपीपी) आरएन विश्वास, महाप्रबंधक (विजिलेंस) सह सचिव क्यूसीएफआई, बोकारो चैप्टर एमके दुबे, पेर्नोड रिकार्ड इंडिया लिमिटेड के रौशन कुमार सहित विभिन्न विभागों के विजेता प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में एमके दुबे ने सभी ने सभी का स्वागत किया तथा 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। राकेश कुमार ने 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट की महत्ता को रेखांकित करते हुए 5-एस को संयंत्र के साथ-साथ घर में भी कार्यान्वित करने का सन्देश दिया।

श्री राय एवं श्री विश्वास ने 5-एस से सम्बंधित अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं यथा- कैपिटल रिपेयर (विद्युत), ईआरएस, सामग्री प्रबंधन (स्टोर्स), सीओ एवं बीपीपी तथा पेर्नोड रिकार्ड इंडिया लिमिटेड को पार एक्सेलेंट, बीजीएच, ईसीडी, सीआरएम-3 तथा डीएनडब्ल्यू को एक्सेलेंट एवं भारी अनुरक्षण (मैकेनिकल), सामान्य अनुरक्षण (मैकेनिकल), आरजीबीएस तथा ईटीएल को डिस्टिंगुइश्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक( सीओ एवं बीपीपी) लखविंदर सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (बीपीएससीएल) संजय सिन्हा ने किया।

## संरक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया गया

**धनबाद :** धनबाद मंडल रेल प्रबंधक धनबाद आशीष बंसल ने मंडल मुख्यालय सभा कक्ष में दिनांक 16.04.2022 से 15.05.2022 तक संरक्षा से जुड़े कुल 25 रेलकर्मियों को प्रसस्तिपत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। इन रेलकर्मियों ने हाट एक्सल, पटरी में दरार, कलपूर्जा टुटने जैसे गंभीर मामलों को समय पर पहचान कर तुरंत ही कार्रवाई सुनिश्चित कर संभावित दुर्घटना को टालने में सफल होकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मंडल रेल प्रबंधक ने इनकी कर्तव्य परायणता की भूरी - भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में और भी बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

## टेनिस बॉल क्रिकेट टीम चयन के लिए शिविर पांच को

**गढ़वा :** गढ़वा जिला टेनिस बॉल क्रिकेट टीम बालक वर्ग के चयन के लिए पांच जून दिन रविवार को प्रातः छह बजे से कन्या मध्य विद्यालय गढ़वा के मैदान में चयन शिविर का आयोजन किया गया है। बता दें कि झारखंड स्टेट टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की ओर से 10वी झारखंड राज्य सीनियर अंतर जिला टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन जामताड़ा में 10 जून से होनी है। इसी को लेकर टीम का चयन किया जाना है। इसकी जानकारी झारखंड राज्य चयन समिति के सदस्य प्रिंस कुमार सोनी ने दी।

## दहेज प्रताड़ना का आरोपी पति गिरफ्तार

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना में दर्ज दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति कुंदन कुमार शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाने के सअनि विनोद कुमार मुंडा ने उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को डीवीसी के आवास संख्या-ओडीटी 3/12 से किया गया। इसके बाद आरोपी को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में बेरमो तेनुघाट भेज दिया गया।

# जेपीएससी टॉपर सावित्री को विधायक ने किया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

**धनबाद :** बोकारो जिले के पेटरवार दांतू निवासी श्री राजेश्वर प्रसाद नायक एवं श्रीमती चिंता देवी के सुपुत्री सावित्री ने जेपीएससी परीक्षा में टॉपर बनने की खबर सुनकर बाघमारा विधायक श्री ढुल्लू महतो जी उनके आवास पहुंच पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देकर सम्मानित किया। इस सफलता पर माननीय विधायक जी ने कहा कि ये हमारे प्रदेश के लिए बड़े ही गर्व की बात है जो हमारे गांव की बहने भी प्रशासनिक सेवा में झंडे गाड़ रही है। सावित्री आईआईटी मुंबई में क्लाइमेट चेंज डिपार्टमेंटल की नौकरी छोड़ जेपीएससी की तैयारी की। इससे पहले उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के मिडिल स्कूल में हुई उसके बाद उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में हो गया वहीं से उन्हें छात्रवृति पर एशियन यूनिवर्सिटी ऑफ वूमेंस बांग्ला देश जाकर एनवायरमेंट साइंस एंड मैथमेटिक्स की डिग्री हासिल की फिर एनवायरमेंट चेंज एंड मैनेजमेंट की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से की।

## नौ साल बाद वारंटी गिरफ्तार

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाने के वर्ष 2013 के एक मामले आरोपी आरोपी अभियुक्त एवं वारंटी असनापानी निवासी तौफीक अंसारी को नौ साल बाद गिरफ्तार किया गया। स्थानीय थाना के सअनि मनोहर मंडल ने गुरुवार को छापामारी कर घर से गिरफ्तार कर लिया। बाद में गिरफ्तार आरोपी की मेडिकल जांच करवाकर न्यायिक हिरासत में उसे तेनुघाट उपकारा भेज दिया गया।

# राज्य सरकार का गठन ही भ्रष्टाचार की बुनियाद पर है : रघुवर दास

नवप्रदेश संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता रघुवर दास गुरुवार को धनबाद पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा कार्यालय में वर्तमान झारखंड की गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार का गठन ही भ्रष्टाचार की बुनियाद पर है। यह सरकार भ्रष्टाचार की, भ्रष्टाचारियों द्वारा और भ्रष्टाचार के लिए बनाई गई है। जबकि भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी दृढ़ संकल्पित है। झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता यह मानती है कि वर्तमान हेमंत गठबंधन सरकार जल, जंगल और जमीन बचाने की बात कह कर सत्ता में आई थी। लेकिन यह सरकार झारखंड के जल, जंगल और जमीन को बेचकर अपनी तिजोरी भर रही है। ऐसे में झारखंड विनाश की कगार पर है। स्थिति इतनी बदतर है कि झारखंड सरकार लोगों का खून चूस रही है। ब्लॉक ऑफिस से प्रोजेक्ट ऑफिस तक बिना पैसे के काम नहीं हो रहा है। जमीन म्यूटेशन हो, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र या फिर कोई अन्य कार्य हो... ब्लॉक ऑफिस से सीओ ऑफिस तक पैसे का खेल चल रहा है। राज्य में बगैर पैसे के प्रोजेक्ट ऑफिस में भी फाइल नहीं हिलता है। राज्य विनाश के कगार पर पहुंच चुका है। वहीं भाजपा का लक्ष्य सरकार बदलने का नहीं है, लेकिन राज्य में विकास की सरकार को स्थापित करने का अवश्य है। झामुमो द्वारा महुआ माजी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि अगर भाजपा विरोध नहीं करती, तो झामुमो अपने परिवार के ही सदस्य को प्रत्याशी बनाती। महुआ माजी को प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें भाजपा को बधाई देनी चाहिए, क्योंकि भाजपा के दबाव में झामुमो ने परिवार के किसी सदस्य को प्रत्याशी बनाने की हिम्मत नहीं जुटाई।

## कोविड तथा नियमित टीकाकरण पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**भवनाथपुर :** प्रखंड के पंडरिया गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में अभिव्यक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में एआइएच यूनिसेफ प्रोजेक्ट के तहत पंडरिया तथा बेलपहाड़ी गांव के 35 जेएसएलपीएस के लीडरों (टीका सखियों) के बीच कोविड टीकाकरण तथा नियमित टीकाकरण विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। इस संबंध में संस्था के जिला समन्वयक कन्हैया लाल दास ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त सदस्यों को टीका सखी नाम दिया गया है। जो गांव के वैसे परिवार का चयन कर उनके बच्चों एवं उनका नियमित तथा कोविड टीकाकरण कराएंगी जो टीकाकरण से वंचित है। समूह बैठक कर भी समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरुकता उत्पन्न करेगी, जिससे एक भी व्यक्ति तथा बच्चा छूटे नहीं। मौके पर शोभा देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की नई कमेटी का गठन

**बोकारो :** बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की बैठक चास स्थित कुंवर सिंह कॉलोनी में वर्तमान सचिव मनीष चरण पहाड़ी की अध्यक्षता में हुई। बैठक संस्था के सात संस्थापक सदस्यों में से पांच सदस्यों की मौजूदगी में वर्तमान समिति के सदस्यों के साथ सम्पन्न हुई। इस बैठक में संस्था के बारे में विस्तार से चर्चा के बाद वर्तमान समिति को भंग करने पर सहमति बनी। साथ ही सत्र 2022-23 के लिए नई समिति का भी गठन किया गया। नई समिति में सर्वसम्मति से राखी झा को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। साथ ही, उपाध्यक्ष पद पर मनीष चरण पहाड़ी, सचिव जयप्रकाश बाउरी, उपसचिव विनय बैद , कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, उपकोषाध्यक्ष शब्बीर अहमद अंसारी को मनोनीत किया गया। बैठक में पारस दोसी, मनोज कुमार, शब्बीर अहमद, संस्थापक सदस्य संजीव कुमार, राखी झा, जयप्रकाश बाउरी, संजय कुमार, विनय बैद आदि मौजूद थे। बैठक में नई समिति ने बोकारो क्षेत्र में हर मरीज को समय पर रक्त मिल सके, इसके लिए कंधे से कंधा मिला काम करने का निर्णय लिया और साथ ही विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को संस्था के सभी सदस्यों द्वारा रक्तदान करने का निर्णय लिया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अवैध कोयला कारोबार के भट्ठे में पुलिस का रेड

**धनबाद :** निरसा में अवैध कोयला कारोबार पर ड्राई डे घोषित होने के बाद एसएसपी द्वारा विशेष टीम बनाकर विशेष अभियान चलाया गया। एसएसपी संजीव कुमार ने एक सप्ताह पहले ही निर्देश दिया गया था कि किसी भी कीमत पर कोयला का अवैध कारोबार चलने नहीं दिया जाएगा। बावजूद पुलिस को धता बताते हुए पूरे निरसा विधानसभा क्षेत्र में धड़ल्ले से कोयले का अवैध कारोबार चल रहा था। विशेष टीम ने 2 जून को निरसा, कालूबाथान व मैथन ओपी क्षेत्र के विभिन्न भट्टों में रेड कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया। मैथन ओपी क्षेत्र के बाबा बरमेश्वर नाथ फ्युल्स में लगभग 100 टन कोयला जब्त किया। निरसा थाना क्षेत्र के एक भट्टा में लगभग सात टन अवैध कोयला जब्त किया गया.वही संकट मोचक में भी छापेमारी हुई और कोयला जब्त किया गया।

### यज्ञ मंडप के प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई

**धनबाद :** बाघमारा प्रखंड के श्री श्री 1008 हरिहरात्मक महायज्ञ रेगुनी शिव मंदिर समिति, रेगुनी मलाह बस्ती के ग्रामवासियों के द्वारा यज्ञ मंडप के प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली निकाली गई। यज्ञ स्थल से 251 जोड़ी कलश निकाली गई। मल्लाह चौक का पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ 'जय श्रीराम' के नारे से गूंज उठा। चर्चित भक्ति गाना 'मुझे चढ़ गया भगवा रंग' की मस्ती में सभी श्रोता झूमते दिखे । जग मंडप से निकाली गयी झांकी में राम लक्ष्मण और सीता मैया तथा राधे-कृष्ण, गौरी - शंकर और श्री राम के परमभक्त वीर हनुमान की झांकी प्रस्तुत की गई और गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए बड़की बोआ तालाब पहुँची। सारे कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर वापस आकर कलश यात्रा समाप्त हो गई। कलश यात्रा आज सुबह 8:00 बजे निकाली गई। इसमें कुँवारी कन्याएं अपने सिर पर 108 कलश रख कर मंदिर प्रांगण से निकलकर कोलडंप,बसरिया 6 नंबर एवं मुख्य मार्ग से होते हुए चल रही थीं। यह कलश यात्रा पुनः मंदिर पर वापस आकर समाप्त हो गई।

### अशर्फी अस्पताल में भाजपा नेता ने किया हंगामा

**धनबाद :** धनबाद के अशर्फी अस्पताल में गुरुवार 2 जून को जमकर मारपीट और हंगामा हुआ। मारपीट का आरोप अस्पताल कर्मियों ने भाजपा नेता रमेश पांडे के भाई और उसके समर्थकों पर लगाया है । बताया गया कि रमेश पांडे के सहयोगी मंटू पांडे की बच्ची 3 दिन से अस्पताल में भर्ती थी। उसके इलाज में लापरवाही को लेकर हंगामा हुआ। अस्पताल कर्मियों और मंटू पांडे तथा अन्य सहयोगियों के बीच जमकर मारपीट हुई। अस्पताल कर्मियों ने काम करने से इनकार कर दिया। हंगामा करने वाले काफी उग्र थे. उहोंने पुलिस के एक जवान के साथ भी बदसलूकी की और उनकी वर्दी फाड़ दी। अस्पताल कर्मियों ने मंटू पांडे पर हथियार लहराने का भी आरोप लगाया है। पूरी घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। सूचना पर सदर थाना पुलिस और डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अस्पताल पहुंचे और मामले को शांत कराया. डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि अस्पताल में मारपीट, हंगामा और पुलिस जवान के साथ बदसलूकी, वर्दी फाड़ने की घटना हुई है। हंगामा करने वालों पर अलग-अलग मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। हंगामा कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया हैघटना को लेकर अस्पताल प्रबंधक डॉ स्वाति ने कहा है कि भाजपा नेता रमेश पांडे अस्पताल में आकर दबंगई से पेश आते हैं। कई बार पहले भी अस्पताल में हंगामा कर चुके हैं। कहा कि मंटू पांडे नामक व्यक्ति की बच्ची अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थी। इलाज चल रहा था।

## एसपी को आवेदन देकर दोश मुक्त करने की मांग की

**रामगढ़ :** कोयला चोरी के आरोप में मांडू थाना कांड संख्या 104/22 के दो नामजद अभियुक्त ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को अलग अलग दो आवेदन देकर जांच कर दोष मुक्त करने की मांग की है। आवेदन में भुक्तभोगी मांडू चट्टी निवासी मो आरिफ ने कहा है कि मैं एक गरीब व्यक्ति हूं। मेरा मोटरसाइकिल पंचर का दुकान है। जिससे मैं अपने परिवार का पालन पोषण करता हूं। मुझे कोयला के कारोबार से कोई संबंध नही है। वहीं जितेंद्र कुमार ने कहा है कि मेरा मांडू चट्टी में छोटा सा दुकान है। जिसमें मैं बिस्कुट चॉकलेट व कुरकुरे आदि बेचता हूं।

## खेत में मिला महिला का शव, दुष्कर्म की आशंका

**हजारीबाग :** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा में लाइन होटल के पीछे खेत में एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। सूचना पर पहुंची दारू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। शव को देखकर लगता है कि उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। शव को शिनाख्त के लिए अगले 72 घंटे तक सुरक्षित किया गया है। शव की पहचान नहीं होने पर उसका दाह संस्कार कर दिया जाएगा।

# आईआईएम, बोकारो चैप्टर की वार्षिक आमसभा में समिति गठित

नवप्रदेश संवाददाता

**बोकारो :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) बोकारो चैप्टर की वार्षिक आमसभा का आयोजन बोकारो क्लब में किया गया। बैठक के दौरान बीएसएल के अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन तथा कार्मिक एवं प्रशासन) वीके पाण्डेय, अधिशासी निदेशक (संकार्य) संजय कुमार, बीएसएल और आरडीसीआईएस के मुख्य महाप्रबंधक तथा आईआईएम, बोकारो चैप्टर के लाइफ मेंबर व सामान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के आरम्भ में आईआईएम, बोकारो चैप्टर की संयुक्त सचिव बी. सुनीता मिंज ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद संयुक्त सचिव तथा संयुक्त कोषाध्यक्ष संतोष कुमार की ओर से वित्तीय लेखा रिपोर्ट और लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए नई समिति के सदस्यों का भी चुनाव किया गया।

इसके अलावा भविष्य की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें नये वित्तीय वर्ष में सम्मेलन और वक्ताओं द्वारा नियमित तकनीकी वार्ता का आयोजन इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक वीके पाण्डेय व संजय कुमार द्वारा आईआईएम, बोकारो चैप्टर की वेबसाइट भी लॉन्च की गई। बता दें कि भारतीय धातु संस्थान देश में सामग्री और धातुकर्म इंजीनियरों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख संगठन है। आईआईएम, बोकारो चैप्टर द्वारा पूर्व में भी बीएसएल के तत्वावधान में कई तकनीकी वार्ता, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में आईआईएम, बोकारो चैप्टर के एक्जीक्यूटिव मेम्बर ए. गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ नुक्कड़ सभा

**बोकारो थर्मल :** वामपंथी दलों के राष्ट्रव्यापी आहवान पर गुरुवार को बोकारो थर्मल स्थित सीसीएल कारो स्पेशल फेज दो कॉलोनी में महंगाई, बेरोजगारी सहित आठ अन्य मांगो को लेकर प्रदर्शन एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता अख्तर खान ने की। मौके पर माकपा के बोकारो जिला सचिव सह राज्य कमेटी के सदस्य भागीरथ शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने आमलोगों को भारी परेशानी में डाल दिया है। देश के करोड़ों इसकी मार झेलने को विवश हैं। कहा कि एक तरफ जहां लोग भूख और रोजगार के अभाव की मार झेल रहें हैं, जो उन्हें गरीबी के भयंकर दलदल की ओर धकेल रहा है। दूसरी तरफ, पिछले एक साल में डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, खाने का तेल, अनाज समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी होने से उनके जीवन एवं जीविका पर भारी संकट आ गया है। इन हालात में वामपंथी पार्टियां मांग करती है कि केंद्र सरकार तमाम पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाये गये सभी सेस एवं सरचार्ज हटा ले तथा कीमतों मे हो रही बढ़ोतरी को खासतौर पर रसोई गैस की कीमतों में हुई वृद्धि को वापस लें। वाम दल 25 मई से 6 जून 2022 तक महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर देशव्यापी अभियान चला रही है। सभा को जिला कमेटी के सदस्य अख्तर खान, शाखा सचिव टेकामन यादव ने भी संबोधित किया। मौके पर जीतन मांझी, शहादत अंसारी, रूपलाल कमार, मंजू देवी, रजनी देवी, नीरू देवी, मीना देवी, त्रिवेणी देवी, राजकुमार साव, जमुनी देवी, तीनकाही देवी, पालो देवी आदि मौजूद रहीं।

# बीजीएच में जैव कचरा प्रबंधन को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

**बोकारो :** आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इस पृष्ठभूमि में बोकारो जनरल अस्पताल के नर्सिंग स्कूल के प्रेक्षागृह में बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रुल-2016 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से बोकारो जनरल अस्पताल एवं पर्यावरण नियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक्टिंग सीएमओ इंचार्ज (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. प्रकाश पाण्डेय, सीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. बीबी करुणामय, एडिशनल सीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. वर्षा घनेकर, एडिशनल सीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. जॉन्सन, प्रिंसपल नर्सिंग स्कूल भारती गांगुली सहित नर्सिंग स्कूल की छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में उमा कुमारी को प्रथम, शिवांगी महतो को द्वितीय, अदिति कुमारी को तृतीय तथा प्रिया एवं सुजाता कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। क्विज में लाडली कुमारी को प्रथम, दीपा कुमारी को द्वितीय, सुतापा मंडल को तृतीय तथा सुशीला कुमारी एवं ममता कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक (ईसीडी) एके गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय प्रबंधक (ईसीडी) एके गुप्ता, वरीय प्रबंधक (ईसीडी) अंकित कुमार, प्रबंधक (ईसीडी) अजीत कुमार, प्रबंधक (ईसीडी) विद्यानंद तथा लैब के अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# बोकारो में तीन दिनों तक चलेगा आनंदमार्गियों का धर्म महासम्मेलन

**बोकारो :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आयोजित तीन दिवसीय विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन की पूर्व संध्या पर गुरुवार को 72 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन शुरू हुआ। इसका समापन 5 जून को 3 बजे होगा। वहीं, 3-5 जून को धर्म महासम्मेलन आयोजित होगा। कीर्तन शुरूआत करते हुए सेवा धर्म मिशन के विश्व स्तरीय सचिव आचार्य सवितानंद अवधूत ने कहा कि मनुष्य यदि मुंह से स्पष्ट भाषा में उच्चारण कर कीर्तन करता है, उससे उसका मुख पवित्र होता है जिह्वा पवित्र होती है। कान पवित्र होते हैं। शरीर पवित्र होता है और इन सब के पवित्र होने के फलस्वरूप आत्मा भी पवित्र होती है। कीर्तन के फलस्वरुप मनुष्य इतना पवित्र हो जाता है कि वह अनुभव करता है जैसे उसने कभी अभी-अभी गंगा स्नान किया हो। भक्तों के लिए गंगा स्नान का अर्थ हुआ सदा कीर्तन यदि लोग मिलजुलकर कीर्तन करते हैं तब उन लोगों की मात्र शारीरिक शक्ति ही एकत्रित होती है। ऐसी बात नहीं है उनकी मिलित मानस शक्ति भी एक ही भावधारा में एक ही परम पुरुष से प्रेरणा प्राप्त कर एक ही धारा में एक ही गति में बहती रहती है, इसलिए मिलित जड़ शक्ति और मिलित मानसिक शक्ति इस पंचभौतिक जगत का दुख कलेश दूर करती है।

# अर्जेंटीना ने 29 साल बाद जीता ला फिनालिसिमा

**लंदन :** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में स्थित वेम्बली स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना फुटबॉल टीम ने ला फिनालिसिमा में इटली को 3-0 से मात दी। सात बार के बैलन डी'ओर विजेता मेसी ने बुधवार को अर्जेंटीना के साथ 11 महीनों में अपनी दूसरी अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी जीती। अर्जेंटीना के नंबर-10 के लिए यह जीत और भी खास इसलिये है क्योंकि अर्जेंटीना के लिये इससे पहले 1993 में अंतिम ला फिनालिसिमा डिएगो माराडोना ने जीता था, जो स्वयं भी नंबर-10 थे।

लुटारो मार्टिनेज और एंजेल डि मारिया के पहले हाफ के गोल ने अर्जेंटीना को इंग्लैंड को यूरो 2020 में हराकर 11 महीने बाद वेम्बली वापस आई इटली के खिलाफ पूर्ण नियंत्रण की स्थिति में डाल दिया। उत्तर पश्चिम लंदन के स्टेडियम की 87,000 लोगों की भीड़ में अर्जेंटीना के हजारों समर्थकों के बीच कप्तान मेसी ने दो गोल सेट किए।

मार्टिनेज ने मेसी के लो क्रॉस पास की मदद से मैच के 28वें मिनट में अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। इसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले मार्टिनेज ने डि मारिया को एक पास दिया जिसे उन्होंने इटली के गोलकीपर के सर के ऊपर से नेट में पहुंचाकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके अलावा पॉलो डायबाला (90+4 मिनट) ने भी अर्जेंटीना के लिये एक गोल किया। ब्रेक से पहले इटली के लिये कुछ मौके भी बने लेकिन ब्रेक के बाद मैन ऑफ द मैच मेसी दूसरे हाफ में पूरी तरह हावी रहे।

मैच के बाद मेसी ने कहा, 'यह एक बेहतरीन फाइनल था। स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा हुआ था। हमने यहां जो अनुभव किया वह बेहद खूबसूरत था।' उन्होंने कहा, 'आज हमारा अच्छा इम्तिहान था क्योंकि इटली एक बड़ी टीम है। हमें पता था कि मुकाबला अच्छा होने वाला है और चैम्पियन बनने के लिये यह बेहतरीन मौका है।' पिछले साल 2021 कोपा अमेरिका जीतकर अर्जेंटीना ने ट्रॉफी का अपना 28 साल पुराना सूखा खत्म किया था। मैच के बाद इटली के मैनेजर रॉबर्टो मैनसिनी ने यह स्वीकार किया कि इटली को कई क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। मैनसिनी ने कहा, 'वह हमसे अच्छा खेले। हम पहले हाफ में मुकाबले में बने हुए थे लेकिन ब्रेक के बाद मैच को अपनी तरफ पलटने में नाकामयाब रहे।'

## बालक हॉकी खिलाड़ियों का प्रतिभा खोज 5 से 12 जून तक

**रांची।** हॉकी सिमडेगा के द्वारा 14 वर्ष उम्र से कम आयु वर्ग के बालक हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 5 जून को करगागुडी विद्यालय के मैदान में 7 जून को कोरोमिया मैदान में, 08 जून को खालीजीर कुरडेग मैदान में, 10 जून को जामपानी स्कूल मैदान में, 11 जून को रेगारी तथा 12 जून एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में किया जाना है। इस चयन ट्रायल में चयनित प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी सिमडेगा के द्वारा जिला मुख्यालय में रखकर ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी और आने वाले दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर दिया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को भोजन का व्यय खुद वहन करना पड़ेगा। इस चयन ट्रायल में जिन खिलाड़ियों का जन्म 01 जनवरी 2009 से लेकर 31 दिसंबर 2012 तक हुआ है वही भाग ले सकते हैं चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य है यदि किसी खिलाड़ी के पास पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र या विद्यालय द्वारा जारी किया जन्म प्रमाण पत्र है वह भी साथ में ही लाए। इस चयन ट्रायल में सिर्फ सिमडेगा जिले के बालक हॉकी खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं।

# मरीन सिलिक पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**पेरिस :** क्रोएशिया के मरीन सिलिक ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव को हराकर पहली बार टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश कर लिया है। सिलिक ने कोर्ट फिलिप चेट्रीट में बुधवार को चार घंटे 10 मिनट चले मुकाबले में रुबलेव को 5-7, 6-3, 6-4, 3-6, 7-6 (10-2) से मात दी।

जीत के बाद सिलिक ने कहा, 'आंद्रे ने बेहतरीन टेनिस खेला, लेकिन हम में से एक ही आगे जा सकता था। आज मेरा दिन था।' क्रोएशिया के सिलिक चारों ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पांचवे खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, रॉजर फेडरर और एंडी मरे ऐसा कर चुके हैं। अब सिलिक शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल में विश्व के नंबर आठ खिलाड़ी कैस्पर रूड का सामना करेंगे। इसके अलावा दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में राफेल नडाल और एलेक्जेंडर ज्वेरेव आमने-सामने आयेंगे।

### रोलां गैरो से बाहर हुए बोपन्ना-मिडिलकूप

**पेरिस :** रोहन बोपन्ना और उनके नीदरलैंड के साथी मैटवे मिडेलकूप को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले में मासेली अरेवालो और जीन-जुलियन रॉजर से हार का सामना करना पड़ा। अरेवालो-रॉजर की जोड़ी ने कोर्ट सिमन-मैथ्यू में गुरुवार को हुए मुकाबले में बोपन्ना-मिडेलकूप को 4-6, 6-3, 7-6(8) से मात दी। बोपन्ना ने जहां सात साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, वहीं मिडेलकूप पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। सेमीफाइनल में भारत-डच जोड़ी ने सकारात्मक शुरूआत करते हुए पहला सेट 36 मिनट में 6-4 से जीत लिया। अरेवलो और रोजर ने वापसी करते हुए दूसरे सेट को 40 मिनट में 6-3 से अपने नाम किया। तीसरा सेट टाईब्रेकर में गया जहां बोपन्ना और मिडेलकूप ने दो मैच पॉइंट बचाए लेकिन अंत में प्रतियोगिता हार गए। बोपन्ना-मिडेलकूप की जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए लॉयड ग्लासपूल और हैरी हेलियोवारा की ब्रिटिश-फिनलैंड जोड़ी पर क्वार्टरफाइनल में शानदार जीत दर्ज की थी। बोपन्ना ने आखिरी बार विंबलडन 2015 ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### रूने को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे रूड

**पेरिस :** फ्रांस की राजधानी पेरिस में चल रहे फ्रेंच ओपन में कैस्पर रूड ने होल्गर रूने को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हराकर अंतिम चार में जगह बना ली है। नॉर्वे के रूड ने गुरुवार को कोर्ट फिलिप चेट्रिर में हुए मुकाबले में डेनमार्क के रूने को 6-1, 4-6, 7-6 (2), 6-3 से शिकस्त देते हुए अपने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मुकाबले के दौरान रूड को रूने का बार-बार फैसलों की जांच करना पसंद नहीं आया, जिसके कारण दोनों खिलाड़ियों के बीच थोड़ी कहासुनी भी हो गयी।

रूड ने घटना के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने उनसे कहा, क्या तुम्हें हर निशान की जाँच करना जरूरी है? उन्होंने मुझे चुप रहने के लिए कहा। मैंने उनसे दोबारा सवाल किया कि शायद जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो मुझे चुप रहने के लिए कहना बहुत समझदार काम नहीं है?' उन्होंने मुझे दोबारा चुप रहने के लिये कहा। बस इतना ही हुआ था। इसके बाद मैंने उनके साथ और शब्दों का आदान-प्रदान नहीं किया। अगर वह इस तरह बर्ताव करना चाहते हैं तो यह उनकी मजी है।'

रूने ने भी रूड के साथ हुई घटना की पुष्टी की। पिछले हफ्ते से पहले रूने ने एक भी ग्रैंड स्लैम मुकाबला नहीं जीता था। क्वार्टरफाइनल में हारने के बाद रूने ने कहा, 'जाहिर है कि मैं आज अच्छा प्रदर्शन न करने के कारण निराश हूं, लेकिन मुझे पिछले दो हफ्तों पर भी ध्यान रखना होगा। यह शानदार अनुभव रहा।'

### प्रथम चंपा देवी मेमोरियल टी-20 गोल्ड कप क्रिकेट 2022

## ड्रीम बॉयज फाइनल में

**रांची :** ड्रीम बॉयज की टीम ने आज यहां प्रथम चंपा देवी मेमोरियल टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। आगामी 7 जून को ड्रीम बॉयज का मुकाबला मेकॉन की टीम से होगा। जेके क्रिकेट एकेडमी मैदान में चल रही इस प्रतियोगिता के अंतिम सेमीफाइनल मैच में गुरुवार को रॉकमेन्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 177 रन बनाया, जिसमें कल के मैच के हीरो रहे अनमोल राज ने एक बार फिर 60 रनों की पारी खेली। नितिन ने 43 रन टीम के लिए जोड़े। सुशांत, प्रभात और अमोस को दो-दो विकेट मिले। जवाब में ड्रीमबॉयज की टीम ने 14.5 ओवर में 7 विकेट पर 181 रन बनाकर मैच को जीत लिया। पंकज ने नाबाद 50 रनों की पारी खेली और सुशांत ने 37 रन बनाए। नंदजी पांडे ने 46 रन देकर चार विकेट लिए। ड्रीमबॉयज के सुशांत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें डॉक्टर संजय सिंह प्रिंसिपल जे के इंटरनेशनल स्कूल डॉ अभिमन्यु मिश्रा प्रिंसिपल रामगढ़ तथा दिवाकर सहदेव संपादक मेट्रो रेज ने कैश अवार्ड और मैन ऑफ द मैच और सर्टिफिकेट बांटे।

### राष्ट्रमंडल खेल : थापा, पंघल सहित छह मुक्केबाजों का भारतीय दल में स्थान पक्का

**पटियाला :** एशियाई चैंपियनशिप में पांच बार पदक जीत चुके शिव थापा और अमित पंघल ने छह अन्य मुक्केबाजों के साथ 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम में जगह पक्की कर ली है। इन आठ मुक्केबाजों ने गुरुवार को पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में आयोजित ट्रायल के फाइनल में जीत दर्ज करने के बाद अपना स्थान हासिल किया। अमित और शिवा थापा के अलावा ट्रायल के अंतिम दिन बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय दल में अपनी जगह पक्की करने वाले अन्य छह मुक्केबाजों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), रोहित टोकस (67 किग्रा), राष्ट्रीय चैंपियन सुमित (75 किग्रा), आशीष कुमार (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और सागर (+92 किग्रा) शामिल हैं।

## झारखंड राज्य सीनियर पुरुष आत्या-पात्या टीम घोषित

**रांची।** झारखंड राज्य आत्या-पात्या एसोसिएशन से पंजीकृत रांची जिला आत्या-पात्या एसोसिएशन के तत्वावधान में दस दिवसीय झारखंड राज्य-स्तरीय पुरुष खिलाडियों का प्रशिक्षण शिविर बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची के प्रांगण में आयोजित की गयी।

इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर झारखंड पुरुष आत्या-पात्या टीम का चयन किया गया। चयनित झारखंड टीम सीनियर राष्ट्रीय पुरुष आत्या-पात्या प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची रेलवे स्टेशन से पुडुचेरी के लिए प्रस्थान करेगी। पुडुचेरी में 35वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष आत्या-पात्या प्रतियोगिता दिनांक 8 से 10 जून तक इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, इंडोर स्टेडियम, पुडुचेरी में आयोजित है इसमें झारखंड टीम भाग लेगी। यह प्रशिक्षण शिविर सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी सह प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं प्रशिक्षक सुभाष गांगुली के देखरेख में सम्पन्न हुआ। झारखंड टीम की घोषणा आज झारखंड राज्य आत्या-पात्या एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने की।

**झारखंड पुरुष आत्या-पात्या टीम इस प्रकार हैं-**

सलीम टोपनो (कप्तान), रौशन कुमार (उपकप्तान), मनीष टोपनो, आनन्द प्रदीप आईन्द, दिलीप सिंह मुंडा (सभी रांची), दीपक प्रसाद (लोहरदगा), सुधीर कुमार (कोडरमा), बबलू कुमार (हजारीबाग), अक्षय कुमार (चतरा), बिट्टू यादव (रामगढ़), सूरज कुमार यादव (बोकारो), शिवम कुमार (खूंटी)। सुरक्षित खिलाड़ी- गौतम कुमार (रांची), अभिमन्यु यादव (बोकारो) प्रशिक्षक- लेक्चरर अनुज कुमार (संतोष बीएड महाविद्यालय, तुपुदाना, रांची), टीम प्रबंधक- निशांत कुमार (शारीरिक शिक्षा शिक्षक)।

### पीएम ने जरीन, मनीषा व परवीन को दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप की चैंपियन महिला मुक्केबाजों, निकहत जरीन, मनीषा मौन और परवीन हुड्डा के साथ बातचीत की, जिन्होंने टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए। पीएम मोदी ने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिष्ठित आयोजन के पदक विजेताओं को बधाई दी। भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। पीएम मोदी ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने वाली मनीषा मौन को बधाई दी। बातचीत के बाद प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, 'मुक्केबाज निकहत जरीन, मौन और परवीन हुड्डा से मिलकर खुशी हुई जिन्होंने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत को गौरवान्वित किया। हमने उनकी जीवन यात्रा और खेल के प्रति उनके जुनून पर उत्कृष्ट बातचीत की। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

## एक नजर

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए झारखंड कुश्ती टीम पंचकूला रवाना

**रांची।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को झारखंड बालक बालिका कुश्ती की टीम पंचकूला रवाना हुई। यह जानकारी झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चार से 13 जून तक पंचकूला, हरियाणा में आयोजित चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स अंडर- 18 के लिए झारखंड बालक बालिका कुश्ती टीम आज पंचकुला रवाना हुई। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 25 खेलों में 8500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, खेल निदेशक जिशान कमर, खेलो इंडिया के नोडल ऑफिसर प्रमोद शरण, सीडीएम उपवन बाड़ा सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं दी। **झारखंड कुश्ती टीम इस प्रकार है :** निभा कुमारी, रिया कुमारी, नेहा उरांव, चंचला कुमारी, रिंपा कुमारी, अंशु लकड़ा, अंजित कुमार मुंडा, जुगल साह, अभिषेक मुंडा, अमित कुमार गोप। प्रशिक्षक : मधु तिर्की, राजीव रंजन, मैनेजर : रजनीश कुमार।

### रग्बी चैंपियनशिप : खूंटी का शानदार प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा चांडिल फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित जूनियर एवं सीनियर रग्बी चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा । महिला एवं पुरूष वर्ग में खूंटी की टीम ने फाइनल मैच में पश्चिमी सिंहभूम के दोनो टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि अंडर 18 के बालक वर्ग में रांची को तथा बालिका वर्ग में सराइकेला को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरूष वर्ग : प्रथम स्थान- खूंटी, द्वितीय स्थान- पश्चिमी सिंहभूम, तृतीय स्थान- बोकारो। महिला वर्ग : प्रथम स्थान- खूंटी, द्वितीय स्थान- पश्चिमी सिंहभूम, तृतीय स्थान- सरायकेला। अंडर-18 बालक वर्ग : प्रथम स्थान- खूंटी, द्वितीय स्थान- रांची, तृतीय स्थान- पश्चिमी सिंहभूम। अंडर-18 बालिका वर्ग : प्रथम स्थान- खूंटी, द्वितीय स्थान- सरायकेला और तृतीय स्थान- रांची का रहा।

### शाकिब अल-हसन बांग्लादेश के नये टेस्ट कप्तान

**ढाका :** बांग्लादेश के शीर्ष ऑल-राउंडर शाकिब अल हसन को मोमिनुल हक के इस्तीफे के एक दिन बाद गुरुवार को टेस्ट टीम का नया कप्तान घोषित कर दिया गया। क्रिकबज के अनुसार, लिटन दास को बंग्लादेश टेस्ट टीम का उपकप्तान चुना गया है। उल्लेखनीय है कि 2019 में आईसीसी की भ्रष्टाचार-विरोधी संहिता का उल्लंघन करने के आरोप स्वीकारने के बाद पूर्व कप्तान शाकिब पर दो साल का प्रतिबंध लगा था, जिसके नतीजे में मोमिनुल को कप्तान चुना गया था। अपनी कप्तानी में मोमिनुल ने टीम को तीन टेस्ट मैच जिताए, जिसमें न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत भी शामिल है। इसके अलावा उनकी कप्तानी में बंग्लादेश 17 में से 12 टेस्ट हारी, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे। शाकिब इससे पहले दो बार टेस्ट कप्तान रह चुके हैं। सबसे पहले 2009 के वेस्ट इंडीज दौरे पर मशरफे मुर्तजा के चोटिल होने के बाद उन्हें कप्तान चुना गया था। इसके बाद साल 2017 में उन्होंने मुशफिकुर रहीम की जगह लेते हुए कप्तानी संभाली थी।

### स्वपनिल ने शूटिंग विश्व कप में जीता रजत

**बाकू :** भारत के राइफल शूटर स्वप्निल कुसाले ने यहां चल रहे आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन पुरुष स्पर्धा में गुरुवार को रजत पदक जीता। स्वप्निल को स्वर्ण पदक के मैच में यूक्रेन के सेरही कुलिश से 10-16 से हार का सामना करना पड़ा। स्वप्निल ने क्वालिफिकेशन में 594 का प्रभावशाली स्कोर कर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इसके बाद रैंकिंग चरण में 409.1 का स्कोर करके स्वर्ण पदक मैच के लिए क्वालीफाई किया जहां उन्हें कुलिश के हाथों शिकस्त मिली। भारत ने अब तक इस टूर्नामेंट में दो पदक (एक स्वर्ण और एक रजत) हासिल किये हैं। इससे पहले इलावेनिल वालारिवन, रमिता और श्रेया अग्रवाल की तिकड़ी ने मंगलवार को महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

### लीच पहले टेस्ट से बाहर, पार्किंसन करेंगे डेब्यू

**लंदन :** इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज जैक लीच मस्तिष्काघात के लक्षणों के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में चल रहे पहले टेस्ट से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह मैट पार्किन्सन को टीम में शामिल किया गया है जो टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने जा रहे हैं। मैच के छठे ओवर में बाउंड्री पर गेंद को रोकने की कोशिश में लीच गिर गये जिसके बाद उन्हें कुछ देर उपचार के बाद मैदान से बाहर ले जाया गया। इंग्लैंड ने कुछ देर बाद पुष्टी की कि लेग-स्पिनर पार्किंसन मैनचेस्टर से लंदन का सफर करके गुरुवार को टीम में शामिल होंगे। शुरूआती 13 सदस्यीय टीम में कोई अन्य स्पिनर नहीं था। बेंच पर तेज गेंदबाज क्रेग ओवरटन और अनकैप्ड बल्लेबाज हैरी ब्रुक मौजूद थे, और मस्तिष्काघात नियमों के अनुसार टीमों को एक समान प्रतिस्थापन लाना अनिवार्य होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्किंसन को टीम में शामिल किया गया है। पार्किंसन ने अभी तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है, हालांकि वह पिछली टीमों का हिस्सा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने नौ सीमीत ओवर मुकाबले खेले हैं। ईसीबी ने एक बयान में कहा, 'जैक लीच को क्षेत्ररक्षण के दौरान सिर में चोट लगने के बाद मस्तिष्काघात के लक्षण हैं।

### कैंसर से जंग : पेले ने कहा, 'जीवन एक उपहार है'

**रियो डी जनेरियो :** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले ने गुरुवार को सोशल मीडिया का रुख करते हुए कैंसर के खिलाफ अपनी लड़ाई में अपने परिवार के समर्थन की सराहना की। पेले ने मुस्कुराते हुए एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह परिवार के पांच सदस्यों से घिरे हुए 1970 विश्व कप ट्रॉफी की प्रतिकृति पकड़े हुए हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'हमेशा की तरह, हर छोटी जीत का जश्न मनाते हुए! मेरा परिवार मुझसे मिलने आया और मैंने यह पल आपके साथ साझा करने का फैसला किया। प्यार से घिरे होने पर यह देखना आसान है कि जीवन एक उपहार है।' 81 वर्षीय पेले इस समय साओ पाउलो के बाहर गुआरुजा में अपने घर पर आराम कर रहे हैं। पिछले साल सितंबर में उनके बृहदान्त्र से ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी की गयी थी, जिसके बाद से उनके नियमित कीमोथेरेपी सेशन हुए हैं। विश्व के महानतम खिलाड़ियों में से एक कहे जाने वाले पेले ने 1,363 मैचों के पेशेवर करियर में 1,281 गोल करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया, जो 21 साल तक कायम रहा। उन्होंने ब्राजील के लिये 91 मुकाबले खेलकर 77 गोल किये। पेले ब्राजील के खेल मंत्री भी रह चुके हैं।

**क्रिकेट सीरीज** | जुलाई में वेस्टइंडीज और अमेरिका का दौरा करेगी टीम इंडिया

# तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे

**मुम्बई :** सीमित ओवर के सीरीज के लिए भारत जुलाई में वेस्टइंडीज और अमेरिका का दौरा करेगा। 22 जुलाई से सात अगस्त के बीच होने वाले इस दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले जाएंगे।

वनडे सीरीज के तीनों मैच त्रिनिडाड के क्वींस पार्क ओवल में क्रमशः 22 से 27 जुलाई के बीच आयोजित होंगे। 29 जुलाई को त्रिनिडाड की ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी में सीरीज का पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय आयोजित किया जाएगा, जो कि इस मैदान में भी पहला पुरूष टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। दूसरा और तीसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय सेंट किट्स के वॉर्नर पार्क में खेला जाएगा। चौथे और आखिरी टी20 के लिए दोनों टीमें अमेरिका के फ़्लोरिडा जाएंगी।

भारत के अलावा इस घरेलू सीजन में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से भी भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ 16 से 28 जून के बीच दो टेस्ट मैच एंटीगा और सेंट लूसिया में आयोजित होंगे। इसके बाद तीन टी20 अन्तर्राष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज भी होगी।

भारत के बाद न्यूजीलैंड भी कैरेबियन का दौरा करेगा। 10 अगस्त से 21 अगस्त के बीच होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे खेले जाएंगे। टी20 सीरीज जमैका और वनडे सीरीज बारबडोस में आयोजित होगा।

## गांगुली ने कोच, शिक्षकों के लिये लॉन्च किया ऐप

**कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने गुरुवार को 'क्लासप्लस' नामक ऐप लॉन्च किया। क्लासप्लस एक एजुकेशन-टेक स्टार्टअप है जिसकी मदद से शिक्षक और कौशल-आधारित कंटेंट क्रियेटर्स अपने स्वयं के ब्रांडेड ऐप्स के साथ धन अर्जित कर सकेंगे।

सौरव गांगुली ने ऐप लॉन्च करते हुए अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा, 'आईपीएल ने हमें कई बेहतरीन खिलाड़ी दिये लेकिन जो चीज मुझे प्रेरित करती है वह ये कि इन खिलाड़ियों के कोच इनकी सफलता के लिये खून पसीना एक कर देते हैं। सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि अकादमिक, फुटबॉल, संगीत जैसे क्षेत्रों के लिये भी यह सच है।'

उन्होंने कहा, 'हम हमेशा से अभिनेताओं, खिलाड़ियों और सफल व्यावसायियों का महिमामंडन करते आ रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि हम असली नायकों, कोच और शिक्षकों का महिमामंडन करें।'

गांगुली ने कहा, 'मैं सभी शिक्षकों और कोच के लिये कुछ करना चाहता हूं। आज से मैं उनका समर्थन करने के लिये उनके ट्रेडमार्क राजदूत (ब्रांड अंबैसडर) के रूप में काम करूंगा। मेरे लक्ष्य में मेरी सहायता करने के लिये मैं क्लासप्लस का आभारी हूं।'

उल्लेखनीय है कि गांगुली ने बुधवार को ट्वीट कर कहा था कि वह 'अपने जीवन में कुछ नया शुरू करने जा रहे हैं' जिसके बाद यह अटकलें लगायी जा रही थीं कि वह बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर राजनीति का रुख करेंगे।

इसके कुछ घंटों बाद बुधवार शाम को गांगुली ने बयान जारी कर कहा था कि वह अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दे रहे बल्कि एक एजुकेशन ऐप लॉन्च कर रहे हैं।

# पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए दिल्ली पहुंची दक्षिण अफ्रीकी टीम

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीकी टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच श्रृंखला का पहला मैच 9 जून को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। केएल राहुल इस सीरीज के लिए भारत के कप्तान हैं और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मेजबान टीम के उपकप्तान हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली को टी20 सीरीज से आराम दिया गया है। दिनेश कार्तिक, कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या आईपीएल 2022 में शानदार प्रदर्शन के बाद वापसी कर रहे हैं। उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह भारत के लिए पदार्पण करेंगे। कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान ने आईपीएल के इस सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 13 मैचों में 21 विकेट चटकाए हैं।

प्रोटियाज टीम का नेतृत्व टेम्बा बावुमा कर रहे हैं। प्रोटियाज 3 जून को अपना अभ्यास शुरू करेंगे, हालांकि टीम को दैनिक आधार पर आरटी-पीसीआर परीक्षणों से गुजरना होगा। जबकि टीम इंडिया के खिलाड़ी राजधानी में 5 जून से पहुंचना शुरू हो जाएंगे। जो खिलाड़ी आईपीएल 2022 के क्वालीफाइंग चरण में थे, वे बाद में टीम में शामिल होंगे। जनवरी में, भारत ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जिसमें भारतीय टीम को क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक-दूसरे का सामना किया है। इन 15 मैचों में से भारत ने 9 में जीत हासिल की है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 6 मौकों पर जीत हासिल की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जगन्नाथ रथ यात्रा मेले के आयोजन को लेकर बैठक

# मेले के आयोजन की अनुमति नहीं, दुकान भी नहीं लगेंगे

- विधि व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर किया गया विचार विमर्श
- सीमित संख्या में निकाली जा सकेगी रथ यात्रा

वरीय संवाददाता

**रांची:** जगन्नाथ रथ यात्रा मेला के आयोजन को लेकर गुरुवार को रांची समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त छविरंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समिति के सदस्यों द्वारा विधि व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर चर्चा करते हुये कई बिंदुओं पर प्रशासन से सहयोग की अपील की गई। जिस पर उपायुक्त ने अपर जिला दंडाधिकारी(विधि-व्यवस्था) को आवश्यक कार्यवाई करने का निर्देश दिया है। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची, अपर जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, जिला नजारत एप समाहर्ता सहित विभिन्न समितियों के प्रतिनिधियों के साथ संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर विभागीय आदेश के आलोक में मेले के आयोजन की अनुमति नहीं है। बैठक में उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को विभागीय दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार किसी प्रकार के मेले के आयोजन व दुकान लगाने की अनुमति नहीं है। जारी दिशा निर्देश के अनुसार सीमित व्यक्तियों की संख्या में रथ यात्रा का आयोजन किया जा सकता है।

### अतिक्रमण हटाने का निर्देश

बैठक के दौरान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर मंदिर परिसर के आसपास दुकान लगाने को लेकर कई लोगों के द्वारा अस्थाई निर्माण किये जाने की सूचना देने पर उपायुक्त ने एसडीओ को आवश्यक कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण के मद्देनजर मेला व दुकान लगाने की अनुमति नहीं है।

वहीं उपायुक्त के द्वारा पेयजल, साफ-सफाई,ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, डस्टबिन व शौचालय की व्यवस्था को लेकर नगर निगम के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक करने का निर्देश समिति के सदस्यों को दिया गया है। इसके अलावे वोलेंटियर बनाने,रथ यात्रा से पूर्व मांस व शराब की बिक्री पर रोक,सड़क के दोनों तरफ मोरम गिराने को लेकर भी समिति द्वारा विचार रखने पर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं।

## उपलब्धि. रांची सदर अस्पताल में नयी लेजर मशीन की स्थापना

# पहले दिन दो मरीजों का सफल ऑपरेशन

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची :** सदर अस्पताल, रांची के सर्जरी विभाग में 2 जून को नयी लेजर मशीन की स्थापना की गयी। इससे पहले भी डेमो मशीन के द्वारा सदर हॉस्पिटल रांची में लेजर विधि के द्वारा ऑपरेशन की गयी है, परंतु आज सदर अस्पताल में अपनी नयी मशीन की स्थापना के बाद 2 मरीजों का इलाज किया गया। इस लेजर मशीन से बवासीर, फिस्टुला, फिशर, वेरीकोस वेन, पायलो नीडल साइनस, खतना आदि ऑपरेशन किए जा सकते हैं। इसके अलावा इसका इस्तेमाल कॉस्मेटिक सर्जरी, महिला एवं प्रसूति विभाग, ईएनटी विभाग, पेन मैनेजमेंट में भी किया जा सकता है।

### ऑपरेशन के बाद मरीज को तुरंत छुट्टी

जिन दो मरीजों का इलाज आयुष्मान योजना के द्वारा किया गया, उसमें पहली मरीज धुर्वा की रहने वाली है। वह पिछले 5 महीने से मलद्वार के रास्ते रक्त स्राव एवं अत्यधिक दर्द से परेशान थी। इस मरीज का इलाज लेजर विधि के द्वारा किया गया। मरीज का ऑपरेशन बिना चीरा के हो गया और कल मरीज की छुट्टी भी कर दी जायेगी। दूसरे मरीज जिनका लेजर विधि के द्वारा ऑपरेशन हुआ वह बिहार के औरंगाबाद से आए हुए थे। उनको अंडकोष के नीचे पिछले 6 महीने से एक छेद के द्वारा लगातार पानी आ रहा था, जिसके कारण मरीज काफी परेशान थे। असल में यह 4 सेंटीमीटर का एक साइनस ट्रैक्ट था। इनका भी इलाज बिना चीरा के लेजर विधि के द्वारा किया गया और आज ही मरीज को छुट्टी भी दे दी गयी। दोनों मरीज अभी स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

### ऑपरेशन में ये हुए शामिल

डॉक्टर अजीत कुमार, लेप्रोस्कोपिक एवं मिनिमली इनवेसिव सर्जन, डॉक्टर नीरज कुमार, निश्चेतक, ओटी असिस्टेंट सुशील, प्रणव ,नीरज, इंचार्ज सिस्टर-सविता, सिस्टर- पूनम एवं ट्रॉली मैन- माधव। पूरा ऑपरेशन अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर सब्यसाची मंडल, वरीय सर्जन डॉ आरके सिंह और डॉक्टर एके झा की निगरानी में हुआ।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर, छापामारी जारी

वरीय संवाददाता

**रांची :** नगड़ी थाना क्षेत्र में रहनेवाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म करनेवाला आरोपी धनजंय केशरी उर्फ लाला अबतक पुलिस की पकड़ से बाहर है। गुरुवार को लोधमा में आरोपी के रहने की सूचना मिलने पर कुछ ग्रामीण उसे पकड़ने के लिये नगड़ी से पहुंचे लेकिन हंगामा व शोरगुल में आरोपी वहां से भी भाग निकलने में सफल रहा। ग्रामीणों को जानकारी मिली थी कि दुष्कर्म का आरोपी धनजंय उर्पु लाला लोधमा में अपने किसी रिश्तेदार के यहां छिपा हुआ है।

इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी विनोद राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म करनेवाला आरोपी लोधमा में छिपा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस कर्रा थाना की पुलिस के सहयोग से छापामारी करने पहुंची थी,लेकिन पीड़िता के गांव के कुछ युवकों के वहां पहुंचने व हंगामा के दौरान आरोपी वहां से भी भाग निकला। पुलिस आरोपी के गिरफ्तारी के लिये उसके रिश्तेदारों पर दबाव बना रही है। आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

गौरतलब है कि नगड़ी में रहनेवाली नाबालिग स्कूली छात्रा ने दुष्कर्म की घटना से मर्माहत होकर जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की थी, लेकिन परिवार वालों की तत्परता से नाबालिग को फौरन एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया,जहां वह खतरे से बाहर है। नाबालिग ने जहर खाने से पूर्व एक सुसाईड नोट लिखी थी,जिसमें नाबालिग ने कहा है कि मेरे साथ अजय के भाई लाला ने बहुत गलत किया है,इस लिये मै जीना नही चाहती,भैया मुझे माफ कर देना।

वहीं जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 के नवंबर माह में पीड़िता स्कूल से छुट्टी होने के बाद आरोपी धनंजय केशरी उर्फ लाला के घर होकर टयूशन पड़ने जाती थी। इसी दौरान एक दिन शादीशुदा 45 वर्षीय आरोपी धनजंय केशरी उर्फ लाला की गंदी नजर नाबालिग पर पड़ गई और फिर वह नाबालिग को जबरन पकड़कर अपने घर के अंदर ले गया और उसका मुंह बंद कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# 'विश्व साईकिल दिवस' पर साइकिल रैली का उद्घाटन आज, विधायक सीपी सिंह दिखायेंगे हरी झंडी

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची :** भारत की आजादी के 75 वें वर्षगाठ के मौके पर देश में आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त क्रम में संयुक्त सचिव युवा कार्य एवं खेल विभाग, भारत सरकार सह महानिदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन के दिशा निर्देश में राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय तथा चिन्हित 75 आईकॉनिक स्थल पर 03 जून को विश्व साईकिल दिवस का आयोजन किया जाना निर्धारित है। विभिन्न क्षेत्र के युवाओं के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 750, राज्य स्तर पर 75 चिन्हित आईकॉनिक स्थल पर 75 साईकलिस्ट राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निर्धारित साईकिल रैली में भाग लेंगे।

नेहरू युवा केंद्र, रांची, झारखंड द्वारा भी 75 साईकलिस्ट के साथ कल रैली का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रांची से होते हुए रॉची विश्वविद्यालय, विरसामुण्डा पार्क से राम मंदिर चौक, कांके रोड सीएमपीडीआई से यू टर्न लेते हुए वापस मोराबादी स्टेडियम पहुँचेगी। विधायक सीपी सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखा कर साईकिल रैली का शुभारंभ किया जायगा। इसके साथ ही झारखंड के 22 जिलों के 248 प्रखंडो में साईकिल रैली का आयोजन किया जायगा। राष्ट्रीय स्तर से राज्य तथा आईकॉनिक स्थल पर एक ही समय 6.30 बजे प्रातः यह कार्यक्रम संचालित होगें। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीयता, भाईचारा के साथ साथ बदलते पर्यावरण के संकट में साईकिल की उपयोगिता को प्रचारित प्रसारित करना है। इस के अलावा भी दिनांक 4 से 10 जून 2022 तक देश के सभी जिलों एवं प्रखण्डों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है।

## बीएयू कुलपति ने वैज्ञानिकों संग गरमा तिल फसल प्रदर्शन को देखा

# खरीफ मौसम में उपजाऊ भूमि के लिए भी लाभकारी बताया

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने निदेशक अनुसंधान डॉ एसके पाल, तेलहन फसल विशेषज्ञ डॉ सोहन राम तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के वैज्ञानिकों के साथ तकनीकी पार्क में प्रदर्शित गरमा तिल फसल प्रत्यक्षण का अवलोकन किया। वैज्ञानिकों संग राज्य में तिल की खेती की संभावना पर चर्चा की। मौके पर कुलपति ने गरमा तिल के सफल प्रदर्शन पर वैज्ञानिकों को बधाई दी। कहा कि तिल की खेती को एक अच्छा वाणिज्यिक व्यवसाय माना जाता है। इस सफलता से प्रदेश के किसान गरमा एवं खरीफ मौसम में दो बार तिल की खेती कर सकते है। यह कम लागत एवं कम सिंचाई में उपजाई जाने वाली तेलहनी फसल है। विवि ने तिल की कांके सफेद प्रभेद विकसित की है। यह प्रभेद प्रदेश के लिए उपयुक्त एवं अनुशंसित है। झारखण्ड के किसान गुजरात एवं सौराष्ट्र के किसानों की तरह दोनों मौसम में तिल की सफल खेती से बढ़िया लाभ अर्जित कर सकते है।

निदेशक अनुसंधान डॉ एसके पाल ने बताया कि राज्य में गरमा तिल की खेती भी की जा सकती है। गरमा मौसम में खेतों में सीमित सिंचाई सुविधा होने पर किसान गरमा तिल की सफल खेती कर सकते है। गरमा में 10-15 दिनों के अंतराल में 5-6 सिंचाई की आवश्यकता होती है। जबकि खरीफ मौसम में वर्षा आधारित खेती से और खर-पतवार के उचित प्रबंधन से बढ़िया उपज एवं लाभ ली जा सकती है।

तेलहन फसल विशेषज्ञ डॉ सोहन राम ने बताया कि प्रदेश के उपयुक्त कांके सफेद किस्म की अवधि 75-80 दिनों की है। इसकी उपज क्षमता 4-7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तथा तेल की मात्रा 42 से 45 प्रतिशत तक होती है। गरमा मौसम में सिंचाई साधन होने पर धान की परती भूमि में मौजूद नमी के फायदा उठाकर इसकी सफल खेती संभव है। खरीफ में प्रदेश के लिए कांके सफेद, कृष्णा एवं शेखर उपयुक्त एवं अनुशंसित किस्में है। इन किस्मों की उपज क्षमता 6-7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तथा 42 से 45 प्रतिशत तक तेल की मात्रा विद्यमान होती है। एक हेक्टेयर में बुवाई हेतु 5-6 कि। ग्रा। बीज की आवश्यकता होती है। खरीफ में वर्षा प्रारंभ होने पर जुन माह से मध्य जुलाई तक बुवाई की जा सकती है। बुवाई में कतार से कतार की दूरी 30 से। मी। तथा पौधा से पौधा की दूरी 10 से। मी। रखनी चाहिए। बढ़िया अंकुरण के लिए बुवाई के समय हल्की सिंचाई अवश्य देनी चाहिए। बुवाई के समय 52 कि। ग्रा। यूरिया, 88 कि। ग्रा। डीएपी तथा 35 कि। ग्रा। म्यूरिएट ऑफ पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करनी चाहिए। खर-पतवार नियंत्रण के लिए पहली निकाई झगुड़ाई बुवाई के 15-20 दिनों के बाद और दूसरी निकाई झगुड़ाई 30-35 दिनों के अंदर कर देना चाहिए। वैज्ञानिक प्रबंधन से तिल की खेती से किसानों को कम लागत में बढ़िया मुनाफा मिलेगा।

तिल प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान वैज्ञानिकों में डॉ नीरज कुमार, डॉ सीएस महतो, डॉ जेएल महतो, डॉ एनपी यादव, डॉ अरुण कुमार, डॉ सूर्य प्रकाश, डॉ योगेश कुमार, डॉ कमलेश प्रसाद एवं डॉ एकलाख अहमद भी मौजूद थे।

## झारखंड में प्री-मानसून का असर, अधिकतम तापमान में गिरावट

# अगले 3-4 दिनों तक बारिश के आसार

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में बारिश की वजह से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। यह असर मानसून का है, जो अगले कुछ दिनों में और तेज होगा। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण मानसून का असर अब दिखने लगा है। अगले कुछ दिनों में मानसून का असर तेज हो जाएगा। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी कर दिया गया है। झारखंड के मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मध्य अरब के तटीय हिस्से में तेज मानसून को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों में मानसून का असर तेज हो जाएगा। जिससे झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा में प्री मानसून को लेकर आसमान में आंशिक बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना भी जताई जा रही है। जानकारी देते मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 3-4 दिनों में बारिश के आसार है। इस दौरान गर्जन के साथ वज्रपात की भी संभावना है। इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा बहने की भी संभावना है। जिसे लेकर विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा 41.2 मिमी डाल्टनगंज में दर्ज की गई है। राज्य के मुख्य जिलों का तापमानरू रांची में अधिकतम उच्चतम तापमान 37.8, जमशेदपुर में 40.4, डाल्टेनगंज 41.2, बोकारो 38.1, चाईबासा में 40.0 और देवघर में 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो रांची में 25.4, जमशेदपुर में 26.4, डाल्टनगंज 27.9, बोकारो में 26.5, चाईबासा में 25.6 और देवघर में 23.7 रिकॉर्ड किया गया है।

### हत्या का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

रांची : सड़क पर वाहन आगे पीछे करने को लेकर हुई मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत के बाद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हुकुमा टोली की है। थाना प्रभारी आनंद कुमार ने गुरुवार को बताया कि अमन चंद्र उर्फ सूरज ने सोनो मरांडी के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। उसका इलाज ऑर्किड अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को हजारीबाग के बड़ा बाजार से गिरफ्तार किया है। उसे आज न्यायिक हिरासत में पेश किया गया, जहां से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

### मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर पांच को

**रांची :** श्री सर्वेश्वरी समूह रांची शाखा (लेक रोड) की ओर से पांच जून को मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। गुरुवार को समूह के राधेश्याम सिंह ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद एवं फकीरी पद्धति से मिर्गी रोग का इलाज होगा। इसके लिए चार जून की शाम तक रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मरीज अपने एक परिजन के साथ आश्रम परिसर में ही रहेंगे।सूर्योदय से पहले मरीजों को दवा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह तीन वर्षों से मिर्गी रोगियों के इलाज के लिए शिविर लगा रहा है। अब तक 600 से अधिक मरीजों का इलाज हो चुका है।

### प्यारा केरकेट्टा की 119वीं जयंती आज

**रांची :** आदिवासी समाज के अगुआ समाज कर्मी, शिक्षक और राजनेता प्यारा केरकेट्टा की 119वीं जयंती कल 3 जून को सिमडेगा में समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण होगा और सम्मान सह सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्यारा केर-केट्टा फाउंडेशन के सचिव वंदना टेटे ने दी। जयंती समारोह का आयोजन प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन द्वारा आदिवासी पहचान (टाटा) और गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। श्रीमती टेटे ने बताया कि प्यारा केरकेट्टा बहुमुखी प्रतिभा और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले एक प्रमुख शिक्षक एवं सांस्कृतिक अगुआ हैं। उनका जन्म 3 जून 1903 को सिमडेगा के बोलबा प्रखंड के कसीरा सुंदरा टोली में हुआ था। शिक्षा, साहित्य, राजनीति एवं समाज सुधार के क्षेत्र में उनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने तत्कालीन सिमडेगा सबडिविजन में लगभग 140 स्कूल जनसहयोग से खोले थे जो आजादी के बाद सरकार द्वारा अधिगृहित हुए। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए विशेषकर लड़कियों की शिक्षा के लिए महाविद्यालयों की स्थापना में अहम पहल की और शिक्षा की ज्योति जलाई। 1928 में साईमन कमीशन को ज्ञापन देकर आदिवासियों के लिए स्वतंत्र प्रशासनिक इकाई की मांग करने वाले प्रमुख नेताओं में और छोटानागपुर उन्नति समाज के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

**MINOR IRRIGATION DIVISION, KHUNTI**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/F2-5/2022-23

Date :-2/6/2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam at Vico Nala, Block-Torpa,Dist.-Khunti. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 94.54 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 days |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 18.6.2022 at 2 PM |
| 5. | Last Date/Time for submission of Bids | 24.6.2022 at 5 PM |
| 6. | Date of opening of e-tender | 27.6.2022 at 1 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting Tender | Executive Engineer,Minor Irrigation Division, Khunti |
| 8(a) | Contact no. of Procurement officer | 06528-221194/7541842239 |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Last date for receipt of bids fee, security and other documents. | 25.6.2022 at up to 3 PM |

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
PR 270668 Minor Irrigation (22-23)_D Minor Irrigation Division, Khunti

**MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/F2-6/2022-23

Date :-2/6/2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam at Barlanga Nala, Block-Tamar,Dist.-Ranchi |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 59.892 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 days |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 18.6.2022 at 2 PM |
| 5. | Last Date/Time for submission of Bids | 24.6.2022 at 5 PM |
| 6. | Date of opening of e-tender | 27.6.2022 at 1 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting Tender | Executive Engineer,Minor Irrigation Division, Khunti |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-procurement Officer | 06528-221194/7541842239 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Last date for receipt of bids fee, security and other documents. | 25.6.2022 at up to 3 PM |

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
PR 270662 Minor Irrigation(22-23)#D Minor Irrigation Division,Khunti.

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची**

ई- निविदा (प्रथम आमंत्रण)

निविदा सं०:-06 of 2022-23 तिथि -01.06.2022

| क्र० | कार्य का नाम | Upgradation of District Level Water Testing laboratory Ranchi in the Campus of VISWA, Kanke under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 42.09571 लाख |
| 2 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | 85000.00 |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | 5000.00 |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 3 माह |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.06.2022 up to 05.00 P.M. |
| 6 | बीड प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 24.06.2022 up to 03.30 P.M. |
| 7 | बैंक गारन्टी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान | 25.06.2022 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोन्दा, रॉंची। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि | 27.06.2021 up to 4.00 P.M. |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची। |
| 10 | ई० प्रोक्यूरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न० | [illegible] |
| 11 | ई० प्रोक्यूरमेंट केन्द्र का हेल्पलाईन नम्बर :- | |

नोट :- 1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तद्नुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।

Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गोन्दा, रॉंची

जल ही जीवन है।

PR270695 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**Advance Planning Circle cum Dedicated SOR Cell,**
**Road Construction Department, Jharkhand, Ranchi.**

Very Short Notice Inviting e-quotation
Notice No-06/2022-23
3rd Call
Previous PR no.- 270199 Road (22-23)_D

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavour, quotations through e- tender are invited for **Hire Charges of Plant & Machineries** annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/ Owners/Leesee for respective items. The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 03.06.2022 at 15:00 hrs. to 09.06.2022 at 15:30 hrs. The quotation will be opened on 10.06.2022 at 16.00Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

For any query or clarification you may Contact Mob. No.- 9431647441

Address for Communication-
Superintending Engineer
Advance Planning Circle -cum -Dedicated SOR Cell,
Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 2nd Floor,
56 Set Chowk, Doranda, Jharkhand, Ranchi- 834002
Email id- secdapcnn-jhr@jharkhandmail.gov.in

-sd-
Superintending Engineer
Advance Planning Circle cum Dedicated SOR Cell,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 270653 Road(22-23)D

## यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आज, 80 हजार करोड़ से अधिक के निवेश पर बनेगी बात

# सौ से अधिक उद्योगपति सेरेमनी में होंगे शामिल

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में भाजपा की 2017 में सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने पर काम कर रहे हैं। योगी सरकार-01 में दो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित कर लाखों करोड़ों रुपये के निवेश लाए गए। वहीं अब तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तीन जून को होने जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर होंगे। तो वहीं उद्योग जगत से जुड़ी देशभर की 100 से अधिक नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। सरकार को उम्मीद है कि तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा।

**• प्रधानमंत्री होंगे मुख्य अतिथि, राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत पूरी सरकार रहेगी मौजूद**

### सीएम योगी खुद कर रहे तैयारियों की मॉनिटरिंग

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार यानी तीन जून को आयोजित होने वाली तीसरे ग्राम ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ खुद इसकी तैयारियों की मानिटरिंग कर रहे हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम स्थल का दौरा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बुधवार शाम को किया। अधिकारियों के साथ लगातार बैठक करके उन्होंने ज्यादा से ज्यादा निवेश लाने पर जोर दिया है, ताकि उत्तर प्रदेश में लोगों को रोजगार मिले और एक आर्थिक शक्ति के रूप में राज्य उभरकर सामने आए। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाली अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

### सरकार के पास 80 हजार करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव

शासन के एक अधिकारी ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 100 से अधिक नामचीन उद्योगपति शामिल होंगे। करीब 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव सरकार के पास है। लिहाजा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान निवेश को धरातल पर उतारने के लिए इन प्रस्तावों पर सरकार और उद्योगपतियों के बीच एमओयू साइन होंगे। तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों को लेकर स्थानीय प्रशासन से लेकर शासन स्तर तक के अधिकारी जुटे हुए हैं। बुधवार को जब मुख्यमंत्री तैयारियों का जायजा लेने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे तो उनके साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### राष्ट्रपति ने दी तेलंगाना स्थापना दिवस की बधाई

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को बधाई दी। राष्ट्रपति कोविंद ने ट्वीट संदेश में कहा, तेलंगाना के स्थापना दिवस पर तेलंगाना के लोगों को बधाई! समृद्ध संस्कृति और विरासत से धन्य, तेलंगाना ने विकास संकेतकों पर सराहनीय प्रगति की है और उद्योगों के लिए एक केंद्र के रूप में उभरा है। मैं कामना करता हूं कि यह समृद्ध होता रहे और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करता रहे।

### पीएम ने दी तेलंगाना स्थापना दिवस की बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा, राज्य स्थापना दिवस पर तेलंगाना की बहनों और भाइयों को मेरी बधाई। तेलंगाना के लोग राष्ट्रीय प्रगति के लिए कड़ी मेहनत और अद्वितीय समर्पण के पर्याय हैं। राज्य की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है। मैं तेलंगाना के लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं।

### 24 घंटे में कोरोना के मिले 3,712 नये मरीज

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान गुरुवार सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमित 3,712 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वालों की संख्या 2,584 रही, जबकि कोरोना संक्रमित 05 मरीजों की मौत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अबतक कुल 4 करोड़ 26 लाख 20 हजार 394 कोरोना के मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। मौजूदा रिकवरी दर 98.74 प्रतिशत है। फिलहाल देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हजार, 509 है। दैनिक संक्रमण दर 0.84 प्रतिशत है। आईसीएमआर के मुताबिक बीते 24 घंटे में 4.41 लाख से ज्यादा टेस्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि अबतक कुल 85.13 करोड़ टेस्ट किए जा चुके हैं।

### सत्येंद्र जैन मामले में आज होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की हिरासत के दौरान पूछताछ के समय उनके वकील को साथ रहने की अनुमति देने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ईडी की इस याचिका पर कल यानी 3 जून को सुनवाई करेगा। गुरुवार को ईडी की ओर से कार्यकारी चीफ जस्टिस विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इस याचिका पर सुनवाई की मांग की गई। कोर्ट ने इस याचिका पर 3 जून को सुनवाई करने का आदेश दिया। 31 मई को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येन्द्र जैन को 9 जून तक की ईडी हिरासत में भेज दिया था।

## भारत-इजरायल के रक्षा मंत्रियों के बीच वैश्विक और क्षेत्रीय परिदृश्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई

# द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी व्यापक सहमति

**नयी दिल्ली :** भारत के एक दिवसीय दौरे पर आये इजरायल के रक्षा मंत्री बेंजामिन गैंट्ज ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की। इसके बाद दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें रक्षा सहयोग, वैश्विक और क्षेत्रीय परिदृश्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर दोनों देशों के बीच व्यापक सहमति बनी है।

द्विपक्षीय बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर बताया कि हम इजरायल के साथ अपनी सामरिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। दोनों देशों ने एक 'विजन स्टेटमेंट' अपनाया है, जो भविष्य में रक्षा सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर दोनों देशों के बीच व्यापक सहमति है। इजरायल के रक्षा मंत्री बेंजामिन गैंट्ज ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। यहां उन्हें त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इजरायल के रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात होनी है। इजरायली मंत्री गैंट्ज के

**• इजरायल के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया**

साथ चीफ ऑफ स्टाफ मायन इजरायली, अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग निदेशालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल यायर कुलासो, नीति और पीओएल-एमआईएल ब्यूरो के निदेशक डॉर शालोम और सैन्य सचिव बीजी याकी डॉल्फ भारत दौरे पर आये हैं। यात्रा के दौरान दोनों पक्ष इजरायल और भारत के बीच 30 साल के राजनयिक और रक्षा संबंधों को चिह्नित करते हुए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

इजरायल के रक्षा मंत्री की यह यात्रा तब हो रही है जब दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत और इजरायल ने 29 जनवरी, 1992 को पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित किए और इस साल की शुरूआत में एक स्मारक लोगो लॉन्च किया गया। इस बीच भारत और इस्त्राइल ने रक्षा संबंध बढ़ाए हैं। भारतीय जहाजों की नियमित सद्भावना यात्राओं के हिस्से के रूप में पश्चिमी बेड़े के तीन भारतीय नौसैनिक जहाजों ने मई, 2017 में हाइफा में बंदरगाह का दौरा किया। नौसेना प्रशिक्षण जहाज आईएनएस तरंगिनी ने सितंबर, 2018 में भी हाइफा का दौरा किया था।

बहुपक्षीय वायु सेना अभ्यास 'ब्लू फ्लैग' अक्टूबर, 2021 में इजरायल में आयोजित किया गया जिसमें भारत ने भी भाग लिया था। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और इजरायल के रक्षा अनुसंधान एवं विकास निदेशालय ने नवंबर, 2021 में द्विपक्षीय नवाचार समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले साल भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अक्टूबर में, तत्कालीन भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने नवंबर में और वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने अगस्त में इजरायल का दौरा किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 2017 में इजरायल का दौरा किया था, जिसमें संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड किया गया था। इसके बाद इजरायल के तत्कालीन प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 2018 में भारत यात्रा पर आये थे।

# तीन हाईकोर्ट के लिए 12 जजों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तीन हाईकोर्ट के लिए 12 जजों की नियुक्ति की है और पांच हाईकोर्ट के जजों का ट्रांसफर किया है। राष्ट्रपति ने पटना हाईकोर्ट के लिए 7, जम्मू, कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के लिए एक और केरल हाईकोर्ट के लिए चार जजों की नियुक्ति की है।

राष्ट्रपति ने पटना हाईकोर्ट के लिए जिन न्यायिक अधिकारियों को जज के रूप में नियुक्त किया है उनमें शैलेन्द्र सिंह, अरुण कुमार झा, जीतेंद्र कुमार, आलोक कुमार पाण्डेय, सुनील दत्ता मिश्रा , चन्द्र प्रकाश सिंह और चंद्रशेखर शामिल हैं। राष्ट्रपति ने वसीम सादिक नरगल को जम्मू, कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने केरल हाईकोर्ट के स्थायी जज के रूप में जिनकी नियुक्ति की है उनमें जस्टिस मुरली पुरुषोत्तमन, जियाद रहमान अलेवाकट अब्दुल रहीमन, करुणाकरण बाबू और डॉक्टर कौशर एडाप्पागथ शामिल हैं। इसके अलावा राष्ट्रपति ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के जज जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर को बांबे हाईकोर्ट, त्रिपुरा हाईकोर्ट के जज जस्टिस एस तालपत्रा को उड़ीसा हाईकोर्ट, उड़ीसा हाईकोर्ट के जज जस्टिस सीआर दास को कलकत्ता हाईकोर्ट, मणिपुर हाईकोर्ट के जज जस्टिस एल जमीर को गुवाहाटी हाईकोर्ट, आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जज जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह को पटना हाईकोर्ट और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज जस्टिस पुष्पेंद्र कुमार कौरव को दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है।

**• पांच हाईकोर्ट के जजों का ट्रांसफर**

# केंद्रीय जांच एजेंसी अब शिक्षा मंत्री को भी कर सकती है गिरफ्तार : केजरीवाल

**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को वर्चुअल प्रेस वार्ता कर केंद्रीय जांच एजेंसी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले ही बता दिया था कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसी सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार करने वाली है।

उन्होंने कहा कि अब विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसी उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने वाली है। जैसे केंद्रीय जांच एजेंसी ने सतेंद्र जैन के खिलाफ फर्जी केस तैयार किया है ठीक उसी तरीके से मनीष सिसोदिया के खिलाफ फर्जी केस बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मनीष सिसोदिया ने भारत की शिक्षा क्रांति में बहुत काम किया है। सरकारी स्कूलों में गरीब बच्चों को पहले थर्ड क्लास शिक्षा मिलती थी। पहले इन सभी बच्चों का भविष्य

अंधकार में था। मनीष सिसोदिया ने इन बच्चों के भविष्य को संवारा है।

मनीष सिसोदिया ने न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश के गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की दिशा दिखाई है। दिल्ली के शिक्षा के क्रांति में केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बात हो रही है। हर जगह हैप्पीनेस क्लास और एंटरप्रेन्योरशिप क्लास की चर्चा हो रही है। मनीष सिसोदिया ने पूरे दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है।

सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को फर्जी मामले में फंसाना गलत है। मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन जैसे लोगों को जेल में डालने से केवल देश का नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ जोड़कर निवेदन कर रहे है कि एक-एक करके जेल में डालने की जगह एक साथ सभी को जेल में डाल दें।

इस तरीके से लोगों को जेल में डालने से काम में बाधा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतेंद्र जैन कई नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। यमुना की सफाई का काम कर रहे थे अब उन प्रोजेक्ट में समस्या आएगी। आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि ईडी की जांच से पहले सीबीआई और इनकम टैक्स ने की है उन्हें कुछ नहीं मिला है, क्योंकि केस फर्जी है उसी केस की दोबारा जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रही है। एक ही चीज को अलग-अलग एजेंसी जांच करती रहेगी तो काम में बाधा आयेगी।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी का उत्तर प्रदेश दौरा आज

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 'इन्वेस्टर्स समिट' सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री कानपुर के परौंख गांव में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 3 जून को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। लगभग 11 बजे, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ पहुंचेंगे, जहां वे यूपी इन्वेस्टर्स समिट के 3.0 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में भाग लेंगे। दोपहर लगभग 1:45 बजे प्रधानमंत्री कानपुर के परौंख गांव पहुंचेंगे, जहां वे राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के साथ पथरी माता मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे वे डॉ. बी आर अंबेडकर भवन जाएंगे, जिसके बाद दोपहर 2:15 बजे मिलन केंद्र का दौरा करेंगे। यह मिलन केंद्र राष्ट्रपति का पैतृक घर है, जिसे सार्वजनिक उपयोग के लिए दान कर दिया गया था और एक सामुदायिक केंद्र (मिलान केंद्र) में परिवर्तित कर दिया गया था। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे परौंख गांव में एक सार्वजनिक समारोह में शामिल होंगे।

### अफगानिस्तान के दौरे पर विदेश मंत्रालय का दल

**नयी दिल्ली :** भारत का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों अफगानिस्तान की यात्रा पर गया है, जहां वह सभी वर्गों के स्थानीय लोगों को मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अलावा तालिबान के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगा। विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान डिवीजन के प्रभारी संयुक्त सचिव जे.पी. सिंह की अगुवाई में काबुल में भारत से आने वाली मानवीय सहायता सामग्री की आपूर्ति एवं वितरण की व्यवस्था का जायजा लेने गया है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि भारतीय प्रतिनिधि मंडल अफगानिस्तान में मानवीय सहायता के वितरण से जुड़े अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा और देश में भारतीय सहायता से चल रही परियोजनाओं के कार्यान्वयन स्थलों का दौरा भी करेगा।

### राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की बढ़ी मुश्किलें

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में गड़बड़ी के आरोपों से घिरी कांग्रेस अपनों के विरोध तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रणनीति के कारण कई सीटों पर फंसती हुई नजर आ रही है और राजस्थान, महाराष्ट्र तथा हरियाणा में एक एक सीट पर उसकी मुश्किल ज्यादा ही बढ़ गई है। राज्य सभा की 57 सीटों के लिए 10 जून को चुनाव होना है। कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम का जो ऐलान किया है उसको लेकर पार्टी में शुरू से ही विरोध के स्वर उठ रहे हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा विरोध श्री इमरान प्रतापगढ़ी का हो रहा है। कांग्रेस ने उन्हें महाराष्ट्र से टिकट दिया है। उनको लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेता पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी कड़ा पत्र लिखकर पूछ रहे हैं कि क्या इसी तरह से दरबारियों को टिकट दिया जाता रहेगा। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और नगमा प्रतागढ़ी भी श्री प्रतापगढ़ी को टिकट दिए जाने पर नारजगी जाहिर कर चुके हैं। श्री खेड़ा ने कहा कहा था कि शायद मेरी तपस्या में कुछ कमी रह गई।

### सेना के वाहन में विस्फोट, तीन जवान घायल

**शोपियां :** शोपियां जिले के सेडो इलाके में सेना के एक निजी वाहन में विस्फोट होने से तीन जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह विशेष जानकारी के आधार पर सेना का एक दल तलाशी अभियान के लिए शोपियां जिले के पातितोहलान इलाके पहुंचा। इस दौरान सेडो इलाके से लगभग एक किमी की दूरी पर सेना द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे निजी वाहन में जोरदार विस्फोट हुआ। इसमें सेना के तीन जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें सेना के 92 बेस अस्पताल श्रीनगर रेफर कर दिया गया। वहीं, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि विस्फोट या तो आईईडी या फिर गाड़ी में लगी बैटरी खराब होने से हुआ है। आईजीपी कश्मीर का कहना है कि हादसा हथगोले के कारण या फिर वाहन के अंदर पहले से लगाए गए आईईडी या फिर बैटरी की खराबी की वजह से हुआ। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### मोदी ने की सोनिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कोरोना संक्रमित कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा, 'कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कोविड-19 से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना संक्रमित हो गई हैं। उनमें बुधवार शाम को हल्का बुखार और कोविड के लक्षण दिखाई दिए थे। जांच में वह कोविड पॉजिटिव पाई गई। चिकित्सकीय सलाह के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष ने खुद को पृथक कर लिया है। सोनिया और भी कई बीमारियों से ग्रस्त हैं। जिसके कारण उनकी सर गंगाराम अस्पताल में नियमित जांच होती है।

### मशहूर गायक केके पंचतत्व में विलीन

**मुंबई :** मुंबई स्थित वर्सोवा श्मशान भूमि में गुरुवार को दोपहर में मशहूर गायक कृष्णकुमार उर्फ केके कुन्नथ पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पार्थिव शरीर को उनके पिता ने मुखाग्नि दी। मुंबई आवास से वसोर्वा श्मशान भूमि तक शव यात्रा के दौरान उनके हजारों प्रशंसक साथ रहे। रास्ते भर 'केके अमर रहे' का नारा लगाते हुए लोग शवयात्रा में शामिल हुए और उन्हें अंतिम विदाई दी। इससे पूरा माहौल शोकाकुल हो गया। कोलकाता में गुरदास कालेज के नजरुल मंच पर आयोजित कंसर्ट में तबीयत बिगड़ने के बाद कृष्णकुमार कुन्नाथ यानी केके को अस्पताल पहुंचाया गया था लेकिन अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। केके का पार्थिव शरीर बुधवार देर रात मुंबई लाया गया। इसके बाद गुरुवार को दिन में पार्थिव शरीर को उनके घर पर ही अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। केके का अंतिम दर्शन पाने के लिए उनके प्रशंसकों का तांता लगा रहा। म्यूजिक इंडस्ट्री के तमाम दिग्गज भी के-के के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और काफी लोगों को इस दौरान भावुक देखा गया। केके को अंतिम विदाई देने के लिए बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार पहुंचे।

### केके मामला : होटल के कमरे से मिली एंटासिड की गोलियां

**कोलकाता :** मशहूर गायक केके की अस्वाभाविक मौत की जांच कर रही कोलकाता पुलिस की टीम ने होटल ग्रांड ओबेरॉय के उस कमरे से एंटासिड की गोलियां बरामद की है जिसमें केके ठहरे हुए थे। मंगलवार की रात सरकारी नजरुल मंच ऑडिटोरियम में परफॉर्मेंस के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद वह होटल रूम में लौटे थे। वहां लगातार उनकी तबीयत बिगड़ने पर उनकी टीम ने उन्हें सीएमआरआई अस्पताल में भर्ती किया था जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। गुरुवार को कोलकाता पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि केके की मौत को लेकर पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है और जांच चल रही है। उनके होटल रूम की तलाशी के दौरान एंटासिड की गोलियां जब्त की गई हैं।

### जगन्नाथ मंदिर में अवैध निर्माण मामले में फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कथित अवैध अतिक्रमण और निर्माण के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुरक्षित रखा है। याचिकाकताओं की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि ओडिशा सरकार जगन्नाथ मंदिर के चारों तरफ अनधिकृत रूप से निर्माण कार्य कराकर अतिक्रमण कर रही है। ओडिशा सरकार ने एंशियंट मॉनुमेंट्स एंड आर्कियोलॉजिकल साइट्स एंड रिमेंस एक्ट की धारा 20 का उल्लंघन किया है। इस कानून के तहत सौ मीटर के दायरे में कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है।

**स्वदेशीकरण.** भारत फाइटर सुखोई से स्वदेशी एस्ट्रा एमके-2 मिसाइल का करेगा 'पहला लाइव लॉन्च'

# रूसी-फ्रांसीसी मिसाइलों पर निर्भरता होगी खत्म

**नयी दिल्ली :** भारत इस महीने 160 किलोमीटर रेंज की स्वदेशी एस्ट्रा एमके-2 मिसाइल का परीक्षण करेगा। मिसाइल का 'पहला लाइव लॉन्च' भारतीय वायु सेना के फाइटर जेट सुखोई-30 एमकेआई से किया जाएगा। हवा से हवा में मार करने वाली रूसी और फ्रांसीसी मिसाइलों पर दशकों की भारतीय निर्भरता को समाप्त करने के लिहाज से यह परीक्षण काफी अहम माना जा रहा है। एमके-2 का परीक्षण भारत को हवा से हवा में युद्ध की श्रेष्ठता को वापस लाएगा, क्योंकि डीआरडीओ ने मिसाइल की रेंज बढ़ाने के लिए एक दोहरी-पल्स रॉकेट मोटर विकसित की है।

**• एमके-2 का परीक्षण वायु सेना को वापस लाएगा हवा से हवा में युद्ध की श्रेष्ठता**



### 2,900 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर

रक्षा मंत्रालय ने 31 मई को भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल सिस्टम और सम्बंधित उपकरण खरीदने के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2,900 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। फिलहाल यह मिसाइल सुखोई लड़ाकू विमानों पर लगाई गई है लेकिन अब इसे हल्के लड़ाकू विमान (तेजस) पर भी चरणबद्ध तरीके से लगाया जाना है। इसी तरह भारतीय नौसेना भी अपने मिग 29के लड़ाकू विमानों में मिसाइल को एकीकृत करेगी। अभी तक इस श्रेणी की मिसाइल को स्वदेशी रूप से बनाने की तकनीक उपलब्ध नहीं थी लेकिन अब डीआरडीओ ने वायु सेना के समन्वय से तकनीक विकसित की है।

### एस्ट्रा एमके-1 पहली स्वदेशी मिसाइल

यह भारतीय सशस्त्र बलों को मिलने वाली पहली स्वदेशी मिसाइल है, क्योंकि भारत अब तक हवा से हवा में मार करने वाली रूसी (मुख्य रूप से आर 73 और आर 77) और फ्रेंच (मीका और उल्का) मिसाइलों पर निर्भर रहा है। भारत की एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल की मौजूदा रेंज लगभग 110 किलोमीटर है। डीआरडीओ ने मिसाइल की रेंज बढ़ाने के लिए एक दोहरी-पल्स रॉकेट मोटर विकसित की है जिससे अगली पीढ़ी की स्वदेशी एस्ट्रा एमके-2 मिसाइल असली गेम-चेंजर साबित होगी। भारतीय रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान 160 किलोमीटर की रेंज वाली एस्ट्रा एमके-2 मिसाइल के पहले परीक्षण के लिए तैयार है।

### एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल की लागत 7-8 करोड़

तेजस विमान के लिए एमबीडीए ने कहा कि इस मिसाइल को तभी एकीकृत किया जा सकता है जब विमान शुरू में इस्तेमाल होने वाले इजरायल के बजाय स्वदेशी एईएसए रडार से लैस हो। इसके बाद वायु सेना ने उल्का मिसाइल को राफेल तक सीमित रखने का फैसला किया और अपनी मुख्य मारक क्षमता के लिए एस्ट्रा और इजरायली आई-डर्बी के बेहतर संस्करणों पर भरोसा किया। इसलिए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए 31 मई को एस्ट्रा एमके-1 के लिए 2,971 करोड़ रुपये की लागत से एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल की लागत लगभग 7-8 करोड़ रुपये है और इसकी अधिकतम गति 5,500 किमी प्रति घंटे से अधिक है। हालांकि रक्षा प्रतिष्ठान मिसाइलों की सही संख्या पर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह 200 से अधिक है।

## लारेंस बिश्नोई को हाई कोर्ट से राहत नहीं, याचिका खारिज

# पंजाब पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेने की तैयारी में

**चंडीगढ़ :** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई की याचिका खारिज कर दी है। इसमें उसने पंजाब पुलिस को प्रोडक्शन वारंट नहीं देने की मांग उठाई थी। लारेंस बिश्नोई इस समय तिहाड़ जेल में बंद है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को इस याचिका पर सुनवाई की।

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद इसमें लारेंस बिश्नोई का नाम सामने आ रहा है। क्योंकि लारेंस ग्रुप के ही एक गुर्गे ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। जिसके बाद बिश्नोई ने आशंका जताई थी कि पंजाब पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ के बहाने एनकाउंटर कर सकती है। गुरुवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान पंजाब के एडवोकेट जनरल ने कहा कि अभी लॉरेंस का नाम एफआईआर में ही नहीं है। न ही पंजाब पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट

मांगा है।

सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कनाडा में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने हत्या की जिम्मेदारी ली। गोल्डी तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस का खास है। इसके बाद दिल्ली पुलिस के गिरफ्तार किए दो लाख के इनामी गैंगस्टर शाहरूख से पूछताछ का ब्यौरा सामने आया। शाहरूख ने कहा कि मूसेवाला की हत्या की साजिश तिहाड़ जेल में रची गई। जिसके बाद पंजाब पुलिस लॉरेंस से पूछताछ करना चाहती है।

गैंगस्टर लॉरेंस ने वकीलों के जरिए याचिका में कहा था कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद पंजाब में माहौल बदला हुआ है। सरकार राजनीतिक स्थिति को सुधारने के लिए उसका फेक एनकाउंटर करवा सकती है। इसलिए उसका पंजाब को प्रोडक्शन वारंट न दिया जाए। अगर उसे पंजाब भेजा जाए तो फिर दिल्ली पुलिस की सुरक्षा दी जाए।

इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि लॉरेंस की याचिका मैच्योर नहीं है। अभी कुछ ऑन रिकॉर्ड ही नहीं है तो फिर ऐसी याचिका का कोई आधार नहीं है। फिलहाल लॉरेंस 5 दिन के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के पास रिमांड पर है। रिमांड खत्म होते ही पंजाब पुलिस कोर्ट से उसका प्रोडक्शन वारंट लेने की तैयारी में है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)